
# सिविल इंजीनियरी परिभाषा कोश



Digital India
Power To Empower

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(शिक्षा विभाग)
भारत सरकार

# सिविल इंजीनियरी

# परिभाषा कोश

सत्यमेव जयते

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

भारत सरकार

1992

© भारत सरकार, 1992

प्रथम ई-संस्करण, 2019

IBSN-81-7092-042—6

# अध्यक्ष की कलम से

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, 1961 में अपनी स्थापना समय से ही, उसे सौंपे गए कार्य-भार अनुसार भारतीय भाषाओं में शिक्षा माध्यम परिवर्तन हेतु विभिन्न विषयों में भारतीय भाषाओं की मानक शब्दावली तथा विश्वविद्यालय स्तरीय विभिन्न विषयक पुस्तकों का निर्माण एवं प्रकाशन करता आ रहा है । इस दीर्घ अवधि में आयोग ने विभिन्न आवश्यक विषयों से संबंधित अंग्रेजी-हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषा शब्दावलियों का निर्माण एवं प्रकाशन किया है । इक्कीसवीं सदी के सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में शिक्षा एवं ज्ञानार्जन के साधन को सद्यः उपलब्धता में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है । ई-गवर्नेंस, ई-व्यवसाय एवं डिजिटल इंडिया जैसे क्रिया-कलाप दैनंदिन जीवन के अंग हो गए हैं। ऐसे में आयोग ने भी इन अधुनातन साधनों का उपयोग करने का निश्चय किया । इस क्रम में आयोग द्वारा निर्मित सभी शब्दावलियों, परिभाषा-कोशों का ई-संस्करण आपको सहज रूप से उपलब्ध कराने के **उद्देश्य** से ई-बुक निर्माण योजना पर कार्य प्रारंभ किया गया है । इसी **उद्देश्य** की पूर्ति हेतु **'सिविल इंजीनियरी परिभाषा कोश'** का ई-बुक का संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है ।

मुझे इस परिभाषा कोश का ई-संस्करण आप सबको सुलभ कराते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है । इसी भांति आयोग द्वारा अन्य विषयों के भी हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं की शब्दावली, परिभाषा-कोशों का ई-संस्करण प्रकाशित करने के कार्य भी प्रगति पर है । आयोग को सौंपे गए महत्वपूर्ण दायित्व में से एक दायित्व, निर्मित शब्दवलियाँ प्रयोक्ताओं तक पहुँचाने का रहा है । इलेक्ट्रोनिक माध्यम से आयोग अपने प्रकाशनों के प्रचार-प्रसार में अधिक प्रभावशाली होगा । मुझे आशा है आयोग द्वारा किए जा रहे इस प्रयास से निर्मित शब्दावलियाँ जन-जन तक पहुंचेगी साथ ही सभी जिज्ञासु इस ई-संस्करण का अधिक से अधिक लाभ उठा सकेंगे।

प्रो० कुमा

प्रो. अवनीश कुमार

अध्यक्ष

# सिविल इंजीनियरी परिभाषा कोश ई-शब्द संग्रह निर्माण से संबद्ध आयोग के अधिकारी

**प्रधान संपादक**

प्रो. अवनीश कुमार

अध्यक्ष

**संपादक**

डॉ. अशोक एन. सेलवटकर

(सहायक निदेशक)

श्री शिव कुमार चौधरी

(सहायक निदेशक)

श्री जय सिंह रावत

(सहायक वैज्ञानिक अधिकारी)

श्रीमती चक्प्रम बिनोदिनी देवी

(सहायक वैज्ञानिक अधिकारी)

सुश्री मर्सी ललरोहलू हमार

(सहायक वैज्ञानिक अधिकारी)

# विषय सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| 1. प्रस्तावना | iii |
| 2. संपादन परामर्श मंडल | v |
| 3. परिभाषाएं | 1 |

# प्रस्तावना

प्रस्तुत परिभाषा-कोश इजीनियरी विषय में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग का प्रथम प्रकाशन है। इससे पूर्व विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा तकनीकी विषयों पर 38 परिभाषा कोश प्रकाशित किए जा चुके हैं। इस परिभाषा कोश से इंजीनियरी के छात्रों व प्राध्यापकों की चिरकालिक मांग के साथ-साथ इंजीनियरी में हिंदी लेखन-कार्य करने वाले लेखकों तथा अनुवादकों की मांग की पूर्ति कर हमें बहुत प्रसन्नता हो रही है।

परिभाषा से जहां एक ओर शब्दावली सुस्थिरतर होती है वहां दूसरी ओर उसमें निहित धारणाएं और संकल्पनाएं उस विषय के सामान्य पाठकों के लिए सरल और बोधगम्य हो जाती हैं। परिभाषा कोशों के नवनिर्मित तकनीकी शब्दों या पर्यायों की प्रयोगवत्ता का भी वास्तविक संदर्भों में परीक्षण हो जाता है जो तकनीकी शब्दों के मानकीकरण के लिए आवश्यक है। इसलिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, मानविकी, सामाजिक विज्ञान आदि विषयों की शब्दावली के निर्माण के साथ-साथ आयोग के संबद्ध विषयों के परिभाषा कोशों के निर्माण तथा प्रकाशन का कार्य भी हाथ में लिया।

शब्दावली आयोग ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में अब तक 5 लाख से भी अधिक तकनीकी शब्द विकसित कर चुका है, लगभग 20,000 अखिल भारतीय मूलभुत शब्द प्रकाशित कर चुका है तथा राज्य पुस्तक निर्माण मंडलों/ग्रंथ अकादमियों के सहयोग से 9500 विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकें तैयार कर चुका है। आयुर्विज्ञान, कृषि और इंजीनियरी विषय में आयोग अपने ही स्तर पर पुस्तकें तैयार कराकर 350 पुस्तकें प्रकाशित कर चुका है। आयोग प्रतिवर्ष लगभग 15 शब्दावली कार्यशालाएं तथा नवीकरण पाठ्यक्रम आयोजित करके विश्वविद्यालय/कालेज प्राध्यापकों को हिंदी माध्यम से अपना विषय पढ़ाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करता है तथा एक त्रैमासिक पत्रिका 'विज्ञान गरिमा सिंधु', के माध्यम से विश्वविद्यालयी छात्रों तथा प्राध्यापकों को अद्यतन पाठ्यपुस्तकीय तथा संपूरक पाठ्यसामग्री उपलब्ध कराता है।

अभी हाल ही में शब्दावली आयोग ने समस्त शब्दावली के कम्प्यूटरीकरण की एक विशाल परियोजना हाथ में ली है जिसके फलस्वरूप न केवल हिंदी बल्कि सभी भारतीय भाषाओं का एक राष्ट्रीय शब्दावली बैंक स्थापित होगा। इस कम्प्यूटर डाटाबेस के आधार पर आवश्यकतानुसार विषयवार, विषय-समूहवार, अंग्रेजी-हिंदी तथा हिंदी-अंग्रेजी पारिभाषिक शब्दसंग्रह तुरन्त संकलित तथा प्रकाशित किए जा

सकेंगे। साथ ही फ्लापी के माध्यम से भी पाठकों को अद्यतन शब्दावली उपलब्ध हो सकेगी।

आयोग की उक्त गतिविधियों का अंतिम ध्येय ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न विषयों के अध्ययन-अध्यापन में हिंदी तथा भारतीय भाषाओं को माध्यम के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक पाठ्य पुस्तकें, संदर्भ-सामग्री तथा शब्दावली प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। प्रस्तुत परिभाषा कोश इसी कार्य-श्रृंखला एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

प्रस्तुत परिभाषा कोश में स्नातक स्तर तक की सिविल इंजीनियरी की जिन शाखाओं के शब्दों को समाविष्ट किया गया है, वे हैं--भवन निर्माण, संरचना के सिद्धांत, सर्वेक्षण, द्रव विज्ञान, रेल इंजीनियरी, भवन सामग्री, महामार्ग इंजीनियरी, सिंचाई एवं जल विकास आदि। इस परिभाषा कोश को तैयार करने के लिए हमने देश के विभिन्न क्षेत्रों एवं विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों तथा भाषाशास्त्रियों का सहयोग प्राप्त किया है, जिसके लिए हम उनके हृदय से आभारी हैं।

इस परिभाषा कोश के संबंध में पाठकों की प्रतिक्रियाओं का स्वागत है ताकि इसके आगामी संस्करण को अधिकाधिक उपयोगी बनाया जा सके।

**नई दिल्ली**
**जुलाई, 1992**

**प्रो० सूरजभान सिंह**
**अध्यक्ष**
**वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग**

# सम्पादन परामर्श मण्डल

**प्रो० सूरजभान सिंह**
अध्यक्ष
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

श्री अखिल उपाध्याय
सिविल इंजी० विभाग,
जी०एस० इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी
एण्ड साइंस, इंदौर

डा० आई० सी० अग्रवाल,
सिविल इंजी० विभाग,
मोतीलाल इंजी०, कालेज,
इलाहाबाद

डा० आर० एस० करमारकर,
विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी०
विभाग, कालेज ऑफ इंजी०
फारमागुडी, गोवा

श्री आर० के० श्रीवास्तव,
सिविल इंजी० विभाग,
जी०एस० इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी
एण्ड साइंस,
इंदौर

डा० आर० जयरामन,
प्रो० एवं विभागाध्यक्ष
सिविल इंजी० विभाग,
कालेज ऑफ इंजी०,
त्रिवेन्द्रम

डा० आर० जे० गर्ड,
सिविल इंजी० विभाग,
रुड़की वि०वि०,
रुड़की-उत्तर प्रदेश

डा० आर० वी० रवि कुमार
डीन ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज,
कालेज ऑफ इंजी०,
त्रिवेन्द्रम

डा० आर० सी० रांग्रा०
भाषाविद्, निदेशक (भू०पू०)
केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय

डा० ओ० पी० भाटिया,
सिविल इंजी० विभाग,
जी०एस० इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नालॉजी
एण्ड साइंस,
इन्दौर

कु० उतमाशा गुप्ता,
सिविल इंजी० विभाग
जी०एस० इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी
एण्ड साइंस,
इन्दौर

डा० ए०एन० पटेल
सिविल इंजी० विभाग
जी०एस० इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी
एण्ड साइंस,
इन्दौर

डा० ए०के० गोबिल,
प्रो० एवं विभागाध्यक्ष
एप्लाइड मेकेनिकल, हाइड्रालिक्स,
तथा हाइड्रालिक मशीन विभाग,
एम०एन०आर० इंजी० कालेज,
इलाहाबाद

प्रो० एच०एस० सुधा
सिविल इंजी० विभाग,
बिरला इंस्टी० ऑफ टेक्ना०
एण्ड साइंस,
पिलानी, राजस्थान

डा० एन० सुकीन नायर,
सिविल इंजी० विभाग,
कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग,
त्रिवेन्द्रम

श्री एम० एन० अग्रवाल,
सिविल इंजी० विभाग,
जी०एस० इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्ना०
एण्ड साइंस,
इन्दौर

श्री एम० एम० नरलीकर,
सिविल इंजी० विभाग,
जी०एस० इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्ना०
एण्ड साइंस,
इन्दौर

प्रो० ए० राजामणी,
सिविल इंजी० विभाग,
कालेज ऑफ इंजीनियरी,
त्रिवेन्द्रम

डा० ए० वी० जलोटा,
प्रो० एवं विभागाध्यक्ष,
सिविल इंजी० विभाग,
मोतीलाल इंजी० कालेज,
इलाहाबाद

डा० एस० कृष्णन,
सिविल इंजी० विभाग,
कालेज ऑफ इंजीनियरी,
त्रिवेन्द्रम

डा० एस० यू० पिल्लै,
प्रिंसिपल रीजनल इंजी० कालेज,
कालीकट (केरल)

श्री एस० वही विलवनकर,
सिविल इंजी० विभाग,
जी०एस० इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्ना०
एण्ड साइंस;
इन्दौर

डा० एस०सी० जैन
सिविल इंजी० विभाग,
एम० एन० आर० इंजी० कालेज,
इलाहाबाद

डा० एस० सी० जैन,
प्रो०, सिविल इंजी० विभाग,
रुड़की विश्वविद्यालय,
रुड़की

श्री काशीराम शर्मा,
भाषाविद्, निदेशक (सेवानिवृत्त)
केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो,
नई दिल्ली

प्रो० के०पी० शर्मा,
सिविल इंजी० विभाग
रुड़की वि०वि०,
रुड़की

श्री श्रीकृष्ण कांत,
उप निदेशक, जी०वी०-14
इफको टाउनशिप, फूलपूर,
इलाहाबाद

डा० गोपाल शर्मा,
अध्यक्ष, (सेवानिवृत्त)
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली
आयोग

प्रो० ज्ञानेन्द्र कुमार वशिष्ठ
सिविल इंजी० विभाग,
एच०बी०टी०आई०,
कानपुर

डा० जय कृष्ण,
कुलपति, रुड़की विश्वविद्यालय,
रुड़की

डा० जयप्रकाश अग्रवाल,
सिविल इंजी० विभाग,
एम० एन० आर० इंजी० कालेज
इलाहाबाद

डा० नरेन्द्र पुरी,
प्रो०, सिविल इंजी० विभाग,
रुड़की वि०वि०,
रुड़की

डा० नितिन त्रिपाठी,
सिविल इंजी० विभाग,
जी० एस० इंस्टी० ऑफ टेक्ना०
एण्ड साइंस,
इंदौर

प्रो० जी०डी०जी० धवलीकर,
सिविल इंजी० विभाग,
जी०एस० इंस्टी० ऑफ टेक्ना०
एण्ड साइंस,
इंदौर

डा० पी०के० पाण्डे,
प्रो०, सिविल इंजी० विभाग,
रुड़की वि०वि०,
रुड़की

प्रो० पी० कृष्णमाचार,
विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी० विभाग,
मौलाना आजाद कालेज ऑफ टेक्नालोजी,
भोपाल

डा० पी०वी० जॉन,
सिविल इंजी० विभाग,
कालेज ऑफ इंजी०,
त्रिवेन्द्रम

डा० प्रेम कृष्ण,
प्रो०, सिविल इंजी० विभाग,
रुड़की विश्वविद्यालय,
रुड़की

डा० बी०एल० उपाध्याय,
भाषाविद्, वै०त०श० आयोग

डा० बी०एस० माथुर,
कोआरडीनेटर
स्कूल ऑफ हाइड्रोलाजी,
एशियन अफ्रीकन होस्टल,
रुड़की वि०वि०,
रुड़की

डा० मोहम्मद काजु मैहतर
हिंदी विभाग, इंस्टीट्यूट ऑफ कारेसपोंडेंट
कालिज, केरल वि० वि० करियावट्टम,
त्रिवेन्द्रम

डा० वाई०वी०एन० राव,
प्रिंसिपल, एम०एन० आर० इंजी० कालेज,
इलाहाबाद

डा० वी०एन० फिलिप,
प्रो० एवं हिंदी विभागाध्यक्ष
मार्थमा कालेज,
त्रिवेन्द्रम

डा० वी०पी० गुप्ता,
सिविल इंजी० विभाग,
एम०बी०एम० इंजी० कालेज,
जोधपुर

डा० वी०सी० अग्रवाल
एप्लाइड मेकेनिकस, हाइड्रालिक्स
तथा हाइड्रानिक मशीन विभाग,
एम०एन०आर० इंजी० कालेज,
इलाहाबाद

डा० ओ०पी० जैन,
विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी० विभाग,
रुड़की वि०वि०,
रुड़की

डा० हरीराम शर्मा
सदस्य, सेंट्रल अॅथारिटी ऑफ इंडिया,
सेवा भवन, रा०कृ० पुरम,
नई दिल्ली

# विभागीय सदस्य

**संपादक**

1. **श्री जय सिंह:**
   सहायक निदेशक (इंजीनियरी)

2. **श्री धीरेन्द्र राय**
   वैज्ञानिक अधिकारी

**प्रकाशन**

1. **श्री धीरेन्द्र राय, वैज्ञानिक अधिकारी**
2. डॉ० प्रेमनारायण शुक्ल, अनुसंधान सहायक
3. श्रीमती कमला त्यागी, प्रूफ रीडर
4. श्री त्रिलोक सिंह, प्र० श्रे०लि०

# सिविल इंजीनियरी परिभाषा कोश

## A

**acidoid** — **एसीडायड**

अम्लीय गुण प्रदर्शित करने वाले कोलाइड ।

**aeolian soil** — **जलोढ़ मृदा**

वायुरहित मृदा सामग्री से बनी मृदा ।

**aggregate** — **समुच्चय**

एक इकाई पिंड या मृदा का समूह जिसमें मृदा के बहुत से कण एक दूसरे से बंधे रहते हैं, जैसे ढेला, प्रिज्म, आचूर्ण या दाना ।

**aggregation** — **समुच्चयन**

मृदा के समांगी कणों के मिलने से संयोजन की क्रिया से संबंधित एक शब्द, समुच्चयित होने की एक अवस्था ।

**agrology** — **सस्य मृदा विज्ञान**

कृषि विज्ञान की एक शाखा, जो मृदाओं, विशेषतः फसल उत्पादन के संबंध में मूल संरचना, विश्लेषण, वर्गीकरण इत्यादि से संबंधित है ।

**agronomy** — **सस्य विज्ञान**

कृषि विज्ञान की एक शाखा जो फसल उत्पादन और मृदा व्यवस्था के सिद्धांत और व्यवहार से संबंधित है ।

**A-horizon** — **A—संस्तर/A—होराइजन**

मृदा परिच्छेदिका की सबसे ऊपरी अवक्षालन परत ।

**Ao-horizon** — **Ao—संस्तर/Ao—होराइजन**

जैव पदार्थों के ह्यूमस क्षय का निक्षेप जिसकी मोटाई जलवायु और जल निकास पर निर्भर करती है । यदि इस निक्षेप की मोटाई इतनी अधिक है कि विभिन्न परतें

स्पष्ट तौर पर दिखाई देने लगें तब शब्दावली का विस्तार किया जा सकता है। वन मृदा के प्रसंग में Ao संस्तर को और भी दो भागों में विभाजित किया जा सकता है। घास-फूस के ठीक नीचे सक्रिय किण्वन की परत को "$F_O$ संस्तर" कहा जाता है जबकि मृदा सामग्री के सीधे संपर्क में आए समूह को "H-संस्तर कहते हैं।

**Aoo-horizon** — **Aoo—संस्तर/होराइजन**

संस्तर के ऊपर आच्छादित और सतह के ऊपर अविघटित वन्य घास-फूस।

**air capacity of soil** — **मृदा की वायु धारिता**

क्षेत्रगत आर्द्रता की स्थिति में मृदा में वायु की मात्रा।

**air content of soil** — **मृदा का वायु अंग**

रध्रों का जलरहित अंश जो मृदा आयतन के प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त किया जाता है।

**air picnometer** — **वायु पिक्नोमीटर**

मृदा के वायु द्वारा आवृत सकल आयतन के अनुपात को मापने की एक युक्ति।

**allitic soil** — **एलीटिक मृदा**

मृदा जिसमें सिलिका निकाल दिया गया है और जिसके मृत्तिका वाले भाग में एल्युमिनियम व आयरन यौगिकों के गुण प्रमुख रहते हैं।

**alluvial soil** — **जलोढ़ मृदा**

मुख्यत: जल से बहकर अपेक्षाकृत नवीन क्षेत्रीय मृदा, जिसके अभिलक्षण रचना प्रक्रिया के उपरान्त मूल सामग्री के अभिलक्षणों से भिन्न हो भी सकते हैं और नहीं भी।

**ampholytoid** — **एम्फोलीटायड**

अम्लीय व क्षारीय दोनों ही गुण प्रदर्शित करने वाले कोलाइड।

**anion** — **ऋणायन**

वैद्युत ऋण आवेश वहन करने वाला आयन।

**apparent specific gravity volume weight or bulk specific gravity** — **आभासी आपेक्षिक घनत्व आयतन भार या आयतन आपेक्षित घनत्व**

भट्टी में सूखी मृदा की इकाई या ज्ञात आयतन (वायु सहित) के भार और समान आयतन के पानी के भार का अनुपात ।

**arris** — **कोर**

ईंट का कोई भी किनारा जहां दो पृष्ठ आकर मिलते हैं, कोर कहलाता है ।

**ashlar fine masonry** — **बारीक वराश्म चिनाई**

इस चिनाई में सभी पत्थरों को चारों ओर से गढ़ाई करके उनको उपयुक्त आयताकार या वर्गाकार आकार में काटा जाता है । सभी रद्दों की ऊंचाई बराबर रखी जाती है । रद्दे में ऊंचाई बराबर रखी जाती है । रद्दे में फ्लैमिश चाल का प्रयोग किया जाता है । मसाला जोड़ों की मोटाई लगभग 3 मि०मी० रखी जाती है । ऐसी चिनाई की सामर्थ्य काफी अधिक होती है ।

**ashlar masonry** — **वराश्म चिनाई**

इस चिनाई में पत्थरों को हथौड़े, छैनी व अन्य औजारों की सहायता से बिल्कुल समतल बनाया जाता है । इसमें प्रयोग किये पत्थरों की गढ़ाई उत्तम प्रकार की होती है ।

**azonal soil** — **अस्तरीय मृदा/अक्षेत्रीय मृदा**

मृदा जिसमें परिच्छेदिका अभिलक्षण नहीं हैं ।

# B

**back acter** — **कर्ष खनित्र**

कर्ष खनित्र किसी मशीन पर आरोपित बाल्टी की आकृति का पश्चगामी बेलचा होता है जो क्रियात्मक रूप से निःखनन करता है ।

**back arch** — **पश्च डाट**

एक ऐसी गुप्त डाट जो किसी भित्ति के पिछले हिस्से को संभालती हो और भित्ति के बाह्य पृष्ठ को लिंटल संभालता हो।

**back band** **पश्च पट्ट**

किसी आयतकार खिड़की अथवा दरवाजे की चौखट और भित्ति के बीच अंतराल को भरने के लिये अथवा केवल सजावटी भ्रमिकर्तित पट्ट ।

**back brush** **उलटा प्रलेप**

हाल ही में प्रलेपित सतह पर उलटा ब्रुश मारना ।

**back check** **पश्च रोधक**

किसी स्वचालित डोर क्लोजर में वह क्रियाविधि जिससे दरवाजे के खुलने की गति कम हो जाती है ।

**back counter** **पश्च पटल**

किसी रेस्टोरेन्ट में अग्र सेवा पटल के पीछे बना एक पटल जिस पर तुरन्त आदेश पर बना कर देने वाली चीजों के लिये उपस्कर, संग्रह मंजूषा या शैल्फ आदि होते हैं ।

**back cutting** **पश्च कर्तन**

किसी रेलवे, सड़क अथवा नहर के तटबंध के लिये कटाई की अपर्याप्त मूल मात्रा की पूर्ति के लिये अतिरिक्त खुदाई ।

**back draft damper** **उलटा झोंका अवमंदक**

गुरुत्व संचालित फलकों वाला अवमंदक जो अपने में से वायु केवल एक ही दिशा में निकलने देता है ।

**back drain** **पश्च नली**

पृष्ठ भरण अपवाहन हेतु पत्थर छन्नक से घिरी, किसी प्रतिधारक भित्ति के तल के पीछे अनुदैर्ध्य रूप से स्थित कम से कम 100 मि०मी० व्यास का एक छिद्रित नल व अपवाहिका ।

**back drop** **पश्च पट**

किसी थियेटर के मंच पर मंच के पीछे के हिस्से को आच्छादित करने के लिये मंच के पीछे टट्टर से लटकी हुई एक लम्बी-चौड़ी तनी हुई केनवस ।

**back fill** **पृष्ठ भरण**

1. पहले खोदे गए क्षेत्र में से निकली मिट्टी।

2. भरण सामग्री जैसे कि मृदा आदि का परिरुद्ध स्थानों में स्थापन, जैसे कि निर्मित नींव आदि में चारों ओर मिट्टी भरना ।

**back fillet** **पश्च पट्टिका**

किसी द्वार पक्ष या खिड़की पक्ष के दीवार से प्रक्षेपण की दशा में छोर पट्टी का प्रत्यागमन।

**back flap hinge** **पृष्ठ पल्ला कब्जा**

एक कब्जा जिसमें एक सपाट प्लेट या पत्ती लगी होती है जिसको किसी दरवाजे या कपाट पर पेचों से कस दिया जता है।

**back flow connection** **प्रतीप प्रवाह संयोजन**

अपवाहिकाओं, नलकारी स्थायिकों, नालियों इत्यादि का एक विन्यास जिनसे प्रतीप प्रवाह संभव है ।

**back flow preventer** **प्रतीप प्रवाह निरोधक**

एक युक्ति जो जल या अन्य द्रवों को किसी पेय जल तंत्र में प्रवेश करने से रोकती है ।

**back gauge** **पश्चांतर**

एक कोण लोह अथवा वेल्लित इस्पात परिच्छेद के पश्च कोर व रिवट थिड अथवा काबला छिद्र की केन्द्र रेखा के बीच की दूरी को पश्चांतर कहते हैं।

**back gutter** **पश्च नली**

1. किसी चिमनी के चारों ओर जल एकत्रित न होने देने के लिये उसके ऊपर की ओर आने वाले पथ पर अधिष्ठापित एक अपवाहिका ।

2. छत को वेधने वाली किसी वस्तु अथवा चिमनी के पीछ बनो पनाली ।

**back hearth** **अग्निस्थान पृष्ठ**

भट्टी तल या फर्श का वह भाग जो अंगीठी के अन्दर ही आ जाता है।

**backing** **पीठ/पृष्ठ भाग**

भवन के मोहरों के अतिरिक्त अन्य भाग जो अन्दर होते हैं, पीठ कहलाते हैं।

**backing board** **पिछला तख्ता**

किसी निलम्बित ध्वानिक अंतश्छद में प्रयुक्त एक समतल जिप्सम बोर्ड जिस पर किसी आसंजक या यांत्रिक युक्ति से ध्वनिक चटियाएं (टाइल्स) चिपकाई जाती हैं।

**back pressure** **पश्च दाब**

मृदा परीक्षण में किसी मृदा के नमूने पर उसकी संतृप्ति की जांच हेतु लगाया गया दाब।

**back prop** **पश्च टेक**

इमारती लकड़ी के भार का गहरी खाईयों के तल पर अन्तरण करने के लिए प्रयोग की गई एक तिरछी टेक जिसको प्राय: दूसरे या तीसरे ढांचे के नीचे लगाया जाता है।

**back sight** **पश्चावलोकन**

सर्वेक्षण में थ्योडोलाइड या लेवेल आदि से किसी पिछले बिंदु पर खड़े दंड पर लिया गया प्रेक्षण।

**back water** **पश्चजल**

किसी बाधा से रोका गया जल।

**baffle** **व्यारोध**

वायु, जल, अथवा फ्लू गैस के प्रवाह को विक्षेपित करन के लिये प्रयोग की जाने वाली एक पट्टिका।

**bagwork** **थैला पुश्ताबंदी**

समुद्र भित्ति या नदियों के तट पर बजरी या सूखी कंक्रीट से भरे थैले जमा कर, कटाव को रोकने के लिये की गई पुश्ताबंदी।

**ballast** **गिट्टी**

एक स्थाई रेल पथ के स्लीपरों का आधार बनाने के लिये प्रयुक्त मोटे पत्थर, कठोरक्लिकर अथवा धातुमल।

**ball clay** **बॉल मृत्तिका**

चीनी मिट्टी के बर्तन, फर्श और भित्ति की चटिया आदि के निर्माण में प्रयुक्त इलाइट "मांटमोरीलोनाइट और काओलोनाइट युक्त मृत्तिका।

**ball cone clamp** **बॉल शंकुआकार शिकंजा**

निष्कर्षण संक्रिया में वेध छिद्र वेधक दंड को जकड़ने के लिये प्रयुक्त एक सरल युक्ति। इस युक्ति में एक वेशन के अन्दर कठोरित इस्पात की गोलियों की एक या दो पक्तिया होती हैं। भार लगाने पर गोलियां वंधनदंडों को दबाकर मजबूती से जकड़ लेती हैं।

**barbed wire** **कांटेदार तार**

जस्ती लोहे के ऐसे दो तारों को उमेठ कर बनाया गया तार जिनमें से एक में 13 मि०मी० से 18 मि०मी० तक लम्बे कांटे होते हैं जिनकी नोकें जिस तार से उन कांटों को बनाया जाता है उसके अक्ष से $30^\circ$ सें० के कोण पर तार को काट कर पैनी बनाई जाती हैं। कांटेदार तार चार प्रकार का होता है और सौ किलो कांटेदार की लम्बाई 1000 मी० से 2000 मी० तक होती है।

**bar dog** **छड़ कुत्ता**

एक लम्बी मूठ वाला रिंच जिसका प्रयोग औजारों का छड़ों को जोड़ने व खोलने के लिये किया जाता है।

**barge board** **त्रयंकी पार्श्व फलक**

बिना त्रयंकी पैरापेट वाली बाहर की ओर निकली हुई त्रयंकी छत में कूट से ओलती तक बाह्यतमवत्ताधारक को ढकने वाले नीचे की ओर लगे तख्ते।

**barium sulphate test** **बेरियम सल्फेट परीक्षण**

मृदा के लगभग पी-एच मान को तुरन्त ज्ञात करने के लिये एक रासायनिक रंग परीक्षण।

**barrage** **बैराज**

सिचाई अथवा नौ-संचालन के लिये किसी नदी पर उसके स्तर को ऊंचा करने के लिये बना एक नीचा बांध जिसकी चौड़ाई पर बहुत से फाटक लगे होते हैं ।

**barrett** **बरेट**

किसी खुदाई के पार्श्व को रोकने के लिये बैंटोनाइट की डायाफ्राम भित्ति तकनीक से बना एक विशाल दीर्घायातकार स्थूणा ।

**base** **क्षार**

एक यौगिक जो अम्लों के साथ अभिक्रिया द्वारा लवण बना सकता है । वह अभिक्रिया जल के निरसन सहित या इसके निरसन बिना हो सकती है । विनिमेय या अवशोषित क्षारों के संबंध में सोडियम, पोटेशियम, कैलसियम और मैगनीसियम तत्वों को क्षार माना गया है न कि इन तत्वों के आक्साइड को ।

**base exhange** **बेस विनिमय**

एक उत्क्रमणीय रासायनिक प्रक्रम । सोडियम विलयन के अतः स्यंदन द्वारा हाईड्रोजन आयन अधिशोषित हाईड्रोजन मृदा को सोडियम आयन अधिशोषिन सोडियम मृदा में बदला जा सकता है जिससे मृत्तिका की पारगम्यता कम हो जाती है ।

**base line** **आधार रेखा**

सर्वेक्षण कार्य में त्रिकोणन आदि के लिए परिशुद्ध रूप से मापी गई एक प्रारम्भिक लम्बाई ।

**basement** **तहखाना/अधोभवन**

भूतल के नीचे भवन का भाग तहखाना कहलाता है ।

**basement wall** **अधोगृह भित्ति**

एक सामान्य-आकार की प्रास भित्ति जिसमें प्रथम तल छतपट के अपवर्तन को रोकने के लिये अतिरिक्त प्रतिरोध होता है।

**base plate** **आधार पट्टिका**

संरचना के किसी अवयव से आने वाले संकेंद्रित भार को वितरित करने वाली आधार पट्टिका ।

**base plate, adjustable** **समायोज्य आधार पट्टिका**

ऐसी आधार पट्टिका जिसमें ऊर्ध्वाधिर समायोजन की व्यवस्था हो ।

**base saturation** **क्षार संतृप्ति**

PH – 7 या उससे अधिक से धातुक धनायन द्वारा संतृप्त विनिमय क्षमता ।

**basoid** **बेसाइड**

क्षारीय गुण प्रदर्शित करने वाले कोलाइड।

**bat** **रोड़ा**

यदि ईंट को चौड़ाई में दो बराबर लम्बाई के टुकड़ों में तोड़ दिया जाए तो प्रत्येक टटे टुकड़े को रोड़ा कहा जाता है।

**bath and W.C.** **स्नानागार व शौच कुण्ड**

निजी सुविधाओं के लिए शयन कक्ष से जुड़ा हुआ 2.5 मी० × 3 मी० आमाप का सुसंवातित एक ऐसा कमरा जिसमें एक स्थान टब, फुहारा, मुंह-हाथ धोने के लिए धावन कुंड, एक शौच कुंण्ड, एक छोटा पुस्तक शैल्फ, तौलिया के लिये रैक व कपड़ों के लिये खूंटी आदि लगी होती है।

इसमें सफेद रंगीन या नमूनेदार सुन्दर टाईलें फर्श आदि दीवारों पर पांच फुट ऊंचाई तक लगाई जाती हैं अथवा मौजेक फर्श बना कर दीवारों पर पांच फुट तक टाइलें लगा दी जाती हैं और दरवाजे, खिड़की व रोशनदान में धुंधले कांच का उपयोग किया जाता है ।

**batter peg** **सलामी खूंटी**

प्रवणता की सीमा निर्धारित करने के लिये जमीन में ठोकी गई खूटी ।

**batter pier** **सलामी पाया**

प्रवण पार्श्व वाली भूमिमत ईपा । प्रवणता की सीमा प्राय: एक क्षैतिज से छह: ऊर्ध्वाधिर तक सीमित होती है।

**batter rule** **सलामी नियम**

साहूलयुक्त एक ऐसा बोर्ड जिसका एक किनारा भित्ति की सलामी अथवा प्रवणता के अनुसार कटा होताहै।

**baulk (balk)** **बॉक**

एक चौकोर, लट्ठा, सिल्ली या दो स्थलों की खुदाई के बीच की भूमि ।

**bay** **खंडक**

1. किसी संरचना के प्रमुख भागों में से एक जैसे किसी वियर, नियंत्रक अथवा पुल के दो प्रस्तम्भों के बीच का भाग ।

2. किसी शाखा वाहिका के मुख्य कर्मान्त के आसन्न एक वाहिका का स्थानीय विस्तारण ।

**bearer** **धारक**

एक क्षैतिज प्रकाष्ठ जो अन्य प्रकाष्ठों का आलम्ब हो ।

**bearing capacity** **धारण क्षमता**

भार प्रति इकाई भारित क्षेत्र जिसको भूमि अथवा स्थूणा संभाल सकती हो ।

**bearing pile** **धारक पाइल**

वह पाइल जो अपने नीचे स्थित कठोर स्तर पर समस्त भार स्थानांतरित करता है, धारक पाइल कहलाता है ।

**bearing stratum** **धारक स्तर**

विचारार्थ भार को धारण करने के लिये चुना गया सबसे अधिक उपयुक्त, मितव्ययी स्तर, निर्माण तल अथवा आधार ।

**bed** **आधार तल**

एक ही रद्दे की ईंटों अथवा पत्थर का निचला पृष्ठ आधार तल कहलाता है ।

**bedding plane** **संस्तरण तल**

मूलरूप से अवसादी निक्षेप के दो आसन्न पटल अथवा सस्तरों को जोड़ने वाला समतल ।

**bed joint** **पड़ी दरज**

ऐसी संधि जिसमें एक पत्थर दूसरे पर दबाव डाले, उदाहरणार्थ भित्ति में एक क्षैतिज संधि अथवा किसी मेहराब के डाट पत्थरों के बीच की विकिरित संधि ।

**bed rock** **अश्माधार**

इंजीनियरी में मृदा कहलाने वाले नर्म निक्षेप के नीचे की कठोर आधार शैल ।

**bed room** **शयन कक्ष**

आदर्श रूप से, स्नानागार व शौचकुण्ड युक्त, घर के एक पार्श्व में स्थित, सामान्यतः, 4.2 मी० × 4.8 मी० आमाप का एक ऐसा हवादार कमरा जिसमें प्रातःकाल धूप आये और जिसकी कम से कम एक दीवार संवातन व प्रकाश आदि के लिए अनावृत हो क्योंकि इन्सान अपना एक तिहाई जीवन शयन कक्ष में ही व्यतीत करता है। शयन कक्ष का फर्श सुन्दर होना चाहिये और दीवारें हल्के नीले अथवा हरे डिस्टैम्पर या प्लास्टिक पेंट आदि से पुती होनी चाहिये।

**beeswax** **मधुमोम**

भंडार में संचित मृदा के नमूनों को सील करने के लिये प्रयुक्त पैराफिन मोम के योजकों में से एक।

**bell box** **बैल बॉक्स**

वेधन उपस्कर के लिये एक ऐसा पुनः प्राप्ति औजार जिसमें एक स्प्रिंग भारित आन्तरिक शुंडाकार चषक के ऊपर एक कब्जेदार पल्ला लगा होता है। चषक इस्पात के एक लम्बे द्विविशाखित कांटे के दो सिरों के बीच फंसा रहता है। कांटे का शिखर वेधन दंडों की एक श्रृंखला के नीचे जुड़ा रहता है। प्रचालन में, जब खोये हुए औजार को आन्तरिक शुंडाकार चषक अपने कब्जेदार पल्ले में निकालता है तो पल्ला खोये हुए औजार के कालर के पीछे बंद हो जाता है ।

**belling bucket** **बैलिंग बकेट**

शिखा पर कब्जित द्विकर्तन फलक युक्त बेलनाकार एक विशेष प्रकार की टूटवा बाल्टी जो किसी छिद्र में उतारे जाने पर बेलन के अन्दर घुस जाती है। बरमाए गए छिद्र के तल को चौड़ा करने के लिये बाल्टी को बरमें के स्थान पर लगाया जाता है।

**bellofram** **बैलोफ्राम**

बॉल व्यास्तरों के संयोग में प्रयुक्त बेल्लित तन्तुपट जो एक त्रिअक्षीय संपीडन कोशिका के अन्दर बाहर आने जाने वाली भार ईषा के लिये एक जलरोधी सील है और उसके घर्षण रहित संचलन में सहायक होती है ।

**benched foundation** **पैड़ीदार नींव**

किसी प्रवण धारण स्तर पर बनी ऐसी नींव जिसकी पैड़ियाँ काटकर इस प्रकार बनाया जाता है कि कंक्रीट आदि भरे जाने के पश्चात् उस पर जब भार आए तो सर्पण न हो।

**benching** **पैड़ी बनाना**

1. खाई के ऊपर उपतट।
2. किसी आनत धरातल पर क्षैतिज पैड़ियां काटना।

**bench mark** **निदेश तलचिह्न**

एक सर्वेक्षण निदेश चिह्न जहां से सर्वेक्षण में लेवलिंग कार्य प्रारम्भ किया जाता है।

**benefit cost analysis** **हितलाभ लागत विश्लेषण**

किसी परियोजना के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों का मात्रात्मक और गुणात्मक विश्लेषण।

**berm** **उपतट**

किसी तटबंध अथवा खुदाई के शिखर अथवा पार्श्व में एक क्षैतिज तलशिला।

**bevelled closure** **ढालू डेली**

यदि ईंट को इस तरह काटा जाए कि इसकी एक सिरे पर पूरी चौड़ाई बनी रहे और दूसरे सिरे पर केवल आधी चौड़ाई रह जाए तब इस ईंट को ढालू डेली कहा जाता है। ईंट को काटते समय ढाल एक सिरे से दूसरे सिरे तक एक सा रखा जाता है।

**B-horizon** **B-संस्तर/B-होराइजन**

मृदा परिच्छेदिका की समपोढ़ परतें।

**biat** **बीएट**

रक्षक पटरी, पाटन अथवा किसी मार्ग को टेकने वाला प्रकाष्ठ धारक।

**binder** **बंधक**

उत्तलन में मृत्तिका या साद।

**binding material** **बंधक पदार्थ**

बंधक पदार्थ जल के साथ मिल कर एक लुगदी सी बना देता है। यह लुगदी कंक्रीट अथवा चिनाई के विभिन्न अवयवों को आपस में बांध देती है। बंधक पदार्थ के रूप में अधिकतर सीमेंट, चूना, सुर्खी इत्यादि का प्रयोग किया जाता है।

**biot's theory** **बायोट का सिद्धांत**

किसी समांग समदैशिक व पूर्णतया संतृप्त मृदा के त्रिविम संघनन के लिए प्रत्यास्थता सिद्धांत से विकसित एक सिद्धांत जिसको सर्वप्रथम 1941 में बायोट ने प्रकाशित किया।

**bitumen** **बिटूमन**

गर्म करने पर मुलायम पड़ जाने वाला कंक्रीट अथवा चिनाई आदि को जलसह बनाने के लिए प्रयुक्त काले या भूरे रंग का एक श्यान द्रव अथवा ठोस जिसमें हाईड्रो-कार्बन और उसके व्युत्पन्न आवश्यक रूप से होते हैं।

**black cotton soil** **काली मृदा**

काले रंग की ऐसी मिट्टी जिसका आयतन जलांश में परिवर्तन होने पर बहुत शीघ्र बदलता है।

**black earth** **काली मिट्टी**

सामान्य शब्द जिसके अन्तर्गत चेर्नोज़ेम और उष्ण कटिबंधीय क्षेत्र की काली मृत्तिकाएं आती हैं।

**black turf soil** **काली शाब्दल मृदा**

सामान्यत: केलकेरियस अवमृदा वाली काली मृत्तिका मृदा।

**blade** **फ़ाक**

1. करनी का सपाट धात्विक पृष्ठ जिससे प्लास्टर किया जाता है।

2. किसी चाकू या पट्टी इत्यादि का कर्तक भाग।

3. किसी बुलडोजर या इस प्रकार के अन्य उपकरण का कुछ अवतल चौड़ा पृष्ठ जिससे वह मिट्टी या अन्य सामग्री को आगे धकेलता है।

4. छत के मुख्य बत्ता धारकों में से एक।

**blast furnace slag cement** **वात्या भट्टी धातुमल सीमेंट**

बारीक पिसे हुए पोर्टलैंड सीमेंट क्लिकर व कणीभूत वात्या भट्टी धातुमल का मिश्रण, जिसके लिए क्लिकर उसी विधि से तैयार किया गया हो जिस विधि से पोर्टलैंड सीमेंट के लिए क्लिकर तैयार किया जाता है।

यह पोत संबंधी समुद्री संरचनाओं, सीवर, बांध व अन्य ऐसी बड़ी संरचनाओं के लिए जिनमें अत्यधिक सीमेंट की खपत होती है और सल्फेट युक्त भूमि में निर्मित संरचनाओं की सड़कों और नींव आदि के लिए उपयोगी है।

**blocky structure** **खंडीय संरचना**

वह संरचना जिसमें समुच्चय काफी बड़े आमाप के हैं। जब समुच्चय का आमाप कम हो, गुठली संरचना कहते हैं।

**bogie resistance** **बोगी संचलन प्रतिरोध**

घर्षण प्रतिरोध, फ्लैंज दोलन, डोलन तथा समाघट्टन-जनित प्रतिरोध को बोगी संचलन प्रतिरोध कहते हैं।

**bog-iron ore** **दलदल लोह खनित्र**

अनूपों और पीट काई में पाया जाने वाला जलयोजित लोह ऑक्साइड का निक्षेप ।

**bond** **चाल (चिनाई की)**

स्थायित्व हेतु भित्ति में संरचना एककों का अन्तर्ग्रथन विन्यास।

**bonded member** **बद्ध अवयव**

पूर्व प्रबलित कंक्रीट जिस में कंडरे कंक्रीट से सीधे ही या ग्राउटिंग द्वारा बंधे हों।

**bonded post tensioning** **बद्ध प्रत्ययित तनन**

प्रत्ययित तनित निर्माण जिसमें कंडरों को कंक्रीट परिच्छेद से बांधने के लिए उनके चारों ओर के वलयाकार अवकाश का ग्राउटन प्रतिबलन के बाद किया जाता है।

**bond stone** **बंधक पत्थर**

किसी भित्ति को अनुप्रस्थ दिशा में जकड़े रखने के लिए लगाए गए चुने हुए लम्बे पत्थर।

**bound water** बद्ध जल

विशेषतौर पर कोलाइडी सामग्री और मृत्तिका कणों वाली मृदाओं में भौतिक और रासायनिक बलों द्वारा रुद्ध जल को जो कि न तो प्रवाहित हो सकता है और न पौधों की जड़ों द्वारा ही अवशोषित हो सकता है ।

**box gutter** पेटिकाकार नाली

ऊर्ध्वाधर पार्श्व नाली ।

**brace** बंधनी

1. स्थायित्व के लिए पाड़ में लगी विकर्णी ट्यूब या एंगिल आयरन ।

2. साधारणतया स्थायित्व के लिए उपयोग में आने वाले संरचना के अवयव ।

**brick-on-edge** खड़ी ईंट

जब ईंट को 200 मि० मी० × 100 मि० मी० वाली भुजा पर रखते हैं तब वह खड़ी ईंट कहलाती है ।

**Bridle** ब्राइडल

जहां खिड़कियों आदि के कारण कड़ी को दीवार में टेकना असंभव हो वहां बीच की कड़ियों को टेकने के लिए कड़ियों के बीच लगी एक क्षैतिज ट्यूब ।

**brightness** द्युति

किसी पृष्ठ की द्युति उस पृष्ठ के इकाई क्षेत्रफल का ज्योति फ्लक्स होती है । द्युति की अन्तर्राष्ट्रीय इकाई स्टिब ( Stib ) है जो कि एक कैन्डेला प्रति वर्ग सेंटी-मीटर की ज्योतिर्मयता होती है ।

**brown soil** भूरी मृदा

मृदा का क्षेत्रीय समूह जिसके पृष्ठ का रंग भूरा होता है और जिसका रंग नीचे की ओर धीरे-धीरे हल्का हो जाता है और अन्त में कार्बोनेट की एक परत होती है और कभी-कभी कठोर स्तर होता है । यह समशीतोष्ण से ठंडी और अर्द्ध-शुष्क जलवायु में छोटी घास, गुच्छा घास और झाड़ियों के नीचे विकसित होती है ।

**building** **भवन**

एक निर्मित आश्रय जिसे आवास, व्यावसायिक कार्य अथवा किसी अन्य कार्य के लिए उपयोग में लाते हैं ।

**building surveyor** **भवन सर्वेक्षक**

भवन निर्माण विशेषज्ञ जिसको किसी इमारत की दशा का विवरण देने अथवा उसके अनुरक्षण के निरीक्षण का कार्य सौंपा गया हो ।

**buffer** **बफर (रोधक)**

एक पदार्थ जो **P** के आकस्मिक परिवर्तन का प्रतिरोध करता है । यह परिवर्तन तेज अम्लता या क्षारता दोनों ही हो सकती है ।

**buffer curve** **रोधनवक्र या अनुपामन वक्र**

जल में मृदा का निश्चित निलम्बन प्राप्त करने के लिये मिलाई गई अम्ल या क्षार की मात्रा और साम्यावस्था के पश्चात् निर्धारित PH मान के बीच संबंध प्रदर्शित करने वाले वक्र ।

**buffering** **रोधन**

अम्लता या क्षारता में आकस्मिक परिवर्तन के प्रति किसी पदार्थ का प्रतिरोध ।

**buffering capacity** **रोधन क्षमता**

$P_H$ में निश्चित परिवर्तन के लिये क्षार या अम्ल की आवश्यक मात्रा ।

**bunder** **बन्दर**

आर्द्र गोदियों के अतिरिक्त पोताश्रय के सामने कुल मिला कर 14,000 मीटर लम्बे मुक्त भरण घाट और कुंड जहां जहाजों के यातायात का नियंत्रण होता है ।

इन पर भारण, अभारण व सामान रखने की सुविधाएं होती हैं ।

**buttress** **पुश्ता**

दीवार की स्थिरता बढ़ाने के लिए यह दीवार के साथ-साथ ही भित्ति स्तम्भ की भांति बनाए जाते हैं । इसका मुख्य कार्य दीवार को अतिरिक्त सामर्थ्य व पार्थिक स्थिरता प्रदान करना है । इसके लिए दीवार में खसके बनाकर दीवार या स्तंभ की मोटाई बढ़ा दी जाती है जिससे यह सामान्य दीवार से अधिक स्थिर व मजबूत बन जाती है ।

# C

**c horizon** **C—संस्तर/C—होराइजन**

जैविक मृदा रचना प्रक्रियाओं में बहुत कम प्रभावित अपक्षयित शैल सामग्री की परत। इसको आमतौर पर मूल सामग्री कहा जाता है।

**cable** **तार/केबल**

विद्युत प्रकाश और तापन दूरभाष और दूरलेख तन्त्र में प्रयुक्त रक्षित तार अथवा किसी संरचनात्मक कार्य के स्थिरण के लिए प्रयुक्त एक मजबूत तार या श्रृंखला।

**cable moulding** **तारगढ़ाई**

एक बेलनाकार संचकन जिस पर रस्सी की आकृति गोद कर बनाई गई हो।

**cabling** **केबिल तंत्र**

लगभग एक तिहाई ऊंचाई तक स्तम्भों की खड़ी गोल झिरियों में तनु बेलनाकार संचकन।

**cabin** **केबिन**

1. एक झोपड़ी अथवा अस्थाई लकड़ी की संरचना जिसको भवन निर्माण के समय कार्मिकों की सुविधा के लिए बनाया जाता है।

2. किसी क्रेन में चालक के बैठने का स्थान।

3. किसी रेलवे लाइन के लिए सिग्नल व पाइंट नियंत्रक कक्ष।

4. किसी पोत में कैप्टेन का कक्ष।

**cabin hook** **केबिन अंकुश**

खुली खिड़कियों व दरवाजों को यथास्थान रखने के लिए छिद्र में फंसाए जाने वाला एक लम्बा हुक।

**cabinet** **मंजूषा**

1. एक छोटा कमरा या निजी कक्ष।

2. दराजों का विलय अथवा एक छोटा-सा सुन्दर ढक्कन या फ्रेम।

**cabolt's quilt** **ध्वनि शोषण चादर**

भित्तियों और फर्शों में प्रयुक्त ध्वनि शोषक । इसमें शिल्प कागज की परतें होती हैं जिनके बीच-बीच में चिकनी पत्तियां होती हैं । यह 3 फुट चौड़े और 80 फुट लम्बे रोल में उपलब्ध हैं ।

**cafeteria** **कैफेटेरिया**

एक रेस्टोरेंट जिसमें ग्राहक पटल पर से ही खाने की वस्तुएं उठाते हैं ।

**cage** **पिंजरा**

यथास्थान रखने के लिए तैयार दृढ़ प्रबलन जाल ।

**cage construction** **पिंजरानुमा निर्माण**

इस्पाती ढांचा निर्माण जिसमें संरचना के मुख्य अवयव इस्पात के बने होते हैं जिनको भित्ति, फर्श व छत बनाने के लिए आपस में बांध दिया जाता है ।

**cain's formula** **केनसूत्र**

परिवर्ती भारों के लिए कार्यकारी प्रतिबल का मान ज्ञात करने के लिए संरचनात्मक कार्य में प्रयुक्त एक सूत्र ।

**caisson** **कैसन (या कॉफर)**

1. किसी अंतश्छद या अंधः-स्तल में गभीर निमग्न पट्ट ।

2. जल के नीचे नींव डालने के लिए निर्मित जलरोधी संरचना ।

**caisson disease** **कैसन रोग**

जल के नीचे के निर्माण कार्य में संपीडित, वायुमंडल में कार्य करने के कारण होने वाला रोग । शरीर आंशिक रूप से नाईट्रोजन से संतृप्त हो जाता है, इसलिए साधारण वायु मंडल में प्रवेश करने से पूर्व उसको धीरे-धीरे विसंपीडित करना तावश्यक है ।

**caisson foundation** **केसन नींव**

केसन एक प्रकार की गहरी नींव है । यह एक वृहत् बेलनाकार पात्र होता है । यह लकड़ी, चिनाई, कंक्रीट या लोहे का बनाया जाता है जो नीचे से बंद या खुला हो सकता है लेकिन ऊपर से खुला ही होता है । केसन का पुलों के पायों की नींव बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है ।

**caisson pile** **कैसन पाइल**

निर्माण स्थल पर ही खोद कर डाली गई ट्यूब से बनी रिक्ति को कंक्रीट से भर कर बनाई गई पाइल ।

**calcareous brick** **चूनेदार ईंट**

बंधक पदार्थ के रूप में प्रयुक्त डोलोमाइट चूने वाली ईंट ।

**calcareous clay** **चूनेदार मिट्टी**

ऐसी चूनेदार मिट्टी जिसमें किसी अनुपात में कैल्शियम कार्बोनेट विद्यमान हो ।

**calcareous crust** **चूनेदार पपड़ी**

कैल्शियम कार्बोनेट से संयोजित कठोर संस्तर ।

**calcification** **केल्सीकरण**

मृदा रचना के प्रक्रम या उन प्रक्रमों के लिए प्रयुक्त एक सामान्य शब्द जिसमें मृदा में कैल्शियम की इतनी मात्रा निरन्तर प्रदान की जाती है जिससे कि विनिमेय कैल्शियम की सहायता से मृदा कोलाइडों को पर्याप्त रूप में संतृप्त किया जा सके तथा इस प्रकार इनको अपेक्षाकृत अचल और लगभग अभिक्रिया के प्रति उदासीन बनाया जा सके ।

**calcination** **निस्तापन**

बहुत ऊष्मा के साथ जलना जिसमें रासायनिक क्रिया हो, जैसे चूना पत्थर से चूना ।

**calcine** **कैलसाइन**

संगलन तापक्रम से नीचे गरम करके भौतिक स्थिति या रचना को बदलना ।

**calcite** **कैल्साइट**

कैल्शियम कार्बोनेट के संयोजन वाली विशेष क्रिस्टल संरचना का खनिज जो चूना, पत्थर, चॉक व संगमरमर का मुख्य अवयव है और जिसका प्रयोग सामान्यत पोर्टलैंड सीमेंट बनाने में मुख्य कच्चे माल के रूप में किया जाता है ।

**calcium-aluminate cement** **कैल्शियम एल्यूमिनेट सीमेंट**

उचित अनुपात में मिले एल्युमीनस (बॉक्साइट) और कैल्केरियस (चूना पत्थर) पदार्थों व संगलन व सिटरन के फलस्वरूप बना सीमेंट जिसे उच्च एल्यूमिना सीमेंट के नाम से जाना जाता है। यह सल्फेट विरोधी होता है तथा अधिक शीघ्र सामर्थ्य प्राप्त करता है।

**calcium-silicate brick** **कैल्शियम सिलीकेट ईंट**

मुख्यतः रेत और चूने से बनी ईंट, जिसका दृढ़ीकरण आटोक्लोव प्रक्रम द्वारा किया जाता है।

**calcium-silicate hydrate** **कैल्शियम सिलिकेट हाईड्रेट**

कैल्शियम सिलीकेट और पानी की विभिन्न प्रक्रियाओं के फलस्वरूप अक्सर ऑटोक्लेव संसाधन से बनाए गए उत्पाद।

**caliche** **कालीचे**

सरंध्र कैल्शियम कार्बोनेट या अन्य लवणों से जुड़ा बजरी, रेत या रेगिस्तान का मलवा।

**california bearing ratio**

1.25 मि० मी० प्रति मिनट की दर से 50 मि० मी० व्यास वाले वृत्ताकार पिस्टन के मृदा वेधनार्थ प्रति इकाई क्षेत्रफल के लिए आवश्यक बल और मानक सामग्री में संगत वेधनार्थ आवश्यक बल का अनुपात जो प्रायः 2.5 मि० मी० और 5 मि० मी० बेधन के लिए निर्धारित किया गया हो। यदि 5 मि० मी० वाला अनुपात 2.5 मि० मी० वाले अनुपात से लगातार अधिक हो तो 5 मि० मी० वाला अनुपात प्रयोग किया जाता है।

**caliper** **केलिपर**

बेलनाकार व गोलाकार पिंडों के आंतरिक व बाह्य व्यास मापने का यंत्र जिसका आकार परकार की तरह होता है परन्तु जिसकी टांगें मेहराबदार होती हैं।

**calorimeter** **कैलोरीमीटर**

ऊष्मा विनिमय मापी यंत्र जिसका प्रयोग ईंधन जलने अथवा सीमेंट के जलयोजन में उत्सर्जित ऊष्मा को मापने के लिए किया जाता है।

**camber** **न्युब्जता/कैम्बर**

कैंची अथवा धरन को सुडौल बनाने अथवा पूर्व प्रतिबलित कंडरा परिच्छेद के गुरुत्व केन्द्र से उत्केन्द्रता के फलस्वरूप पूर्वानुमानित विक्षेपण के प्रतिकार के लिए बनाया गया एक अल्प वक्र जो सामान्यत: उत्तल होता है ।

**canal** **नहर**

दो या दो से अधिक जल स्रोतों को जोड़ने वाली अथवा जल की अच्छी खासी मात्रा को ले जाने वाली कृत्रिम वाहिका ।

**canopy** **कैनॉपी**

किसी भवन के प्रवेश द्वार, बरामदे आदि के ऊपर बना एक प्रकार का छत्रक जिसकी विस्तृति खिड़की, दरवाजों आदि के ऊपर बने साधारण छत्रकों से बहुत अधिक होती है, जिससे उसके नीचे कार आदि भी खड़ी की जा सके ।

**cantilever footing** **बहुधारन पद**

एक प्रकार का संयुक्त पाद जिसमें दो स्तम्भ पादों को एक ही धरन द्वारा संयुक्त किया जाता है ।

**cap** **टोपी**

सामर्थ्य परीक्षण में भार के एक समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए अवयव अथवा प्रतिदर्श के भारवाही पृष्ठ पर आबद्ध किसी उचित पदार्थ का समतल पृष्ठ जैसे पाइल टोपी, कूप टोपी ।

**capacity** **धारिता**

1. विनिर्देशों के अनुसार आयतन के सकल योग के अधिकतम प्रतिशत के रूप में विकसित कंक्रीट के घान का आयतन जिसको किसी मिश्रित या विलोडक में डाला जा सके ।

2. किसी पात्र/उपस्कर/संयन्त्र की धारण क्षमता ।

**capacity of ail track** **रेल पथ क्षमता**

रेल-पथ के ऊपर गाड़ियों के संचालन की प्रति घण्टा क्षमता ।

**cap cable** **टोपी कंडरा**

ऋणात्मक बंकन क्षेत्र में पूर्व-प्रतिबलन के लिये छोटा कंडरा।

**capillarity** **केशिकत्व**

पृष्ठ तनाव के कारण मृदा अथवा किसी अन्य सरंध्र पदार्थ के अंतरावकाश में द्रव का संचालन।

**capillary break** **केशिका विच्छेद**

केशिका क्रिया को रोकने के लिए दो पृष्ठों के बीच छोड़ा गया रिक्त स्थान।

**capillary flow** **केशिका प्रवाह**

केशिका युक्त तंत्र जैसे कि कंक्रीट में से जल का प्रवाह।

**capillary moisture or capillary water** **केशिका आर्द्रता या केशिका जल**

कण के चारों ओर एक सतत् झिल्ली के रूप में और केशिका अवकाशों में सतही तनाव द्वारा ग्रहित जल जो कोशिका वाले बलों के प्रभाव से मुक्त रूप से चलता है और पौधों को उपलब्ध होता है। कृषि में मृदा आर्द्रता की वह किस्म पौधों द्वारा उपयोग में लाई जाती है। यह पौधों के जीवन के लिए आवश्यक है क्योंकि यह मृदा से पौधों का भोजन अवशोषित और संचित करके पौधों के विभिन्न अंगों को भेजती है।

**capiilary pore space** **केशिका रंध्र अवकाश**

ठोस मृदा कणों द्वारा अनावृत्त सकल अवकाश जो केशिका क्रिया द्वारा जल धारण करता है।

**capillary porosity** **केशिका रंध्रता**

केशिका रंध्र अवकाश और मृदा या शैल के सकल आयतन का अनुपात।

**capillary space** **केशिका अवकाश**

सीमेंट लेप में कोई अवकाश जैसे कि संरोहित या पाशबद्ध वायु के बुलबुले जिस में निर्जल सीमें2 अथवा सीमेंट जल ने प्रवेश न किया हो।

**capture velocity** **प्रग्रहण वेग**

विरोधी वायु प्रवाह को पराभूत करके, दूषित वायु का निष्कासन छत्रक में जकर उसका प्रग्रहण करने के लिए निष्कासन छत्रक के सम्मुख किसी बिन्दु पर आवश्यक वायु वेग।

**carbonation** **कार्बोनेशन**

कार्बनिक अम्ल या कार्बन डाइऑक्साइड द्वारा अंतर्भरण की क्रिया या प्रक्रम।

**carbon black** **कार्बन काजल**

संपूर्ण दहन के लिए अपर्याप्त वायु में प्राकृतिक गैस का दहन करके बनाया गया अक्रिस्टलीय कार्बन जिसके विशेष अभिलक्षण तेल को अत्यधिक अवशोषित करने की क्षमता व अल्प आपेक्षित घनत्व हैं। इसका उपयोग कंक्रीट रंगने में किया जाता है।

**castible refractory** **ढलने योग्य उच्च तापसह**

शुष्क उच्चतापसह सीमेंट (सामान्यत: कैल्सियम एल्यूमिनेट सीमेंट) और विशेष रूप से चुने हुए अनुपातिक उच्चतापसह मिलावे का मिश्रण जिसको पानी में मिलाने से उच्चतापसह कंक्रीट या मोर्टार बन जाए।

**cast-in-place** **स्वस्थान ढली**
**or cast-in-situ**

किसी भी संरचना में मोर्टार या कंक्रीट की उसी स्थान की ढलाई जहां उसकी आवश्यकता हो। यह पूर्वढलित कंक्रीट से भिन्न है।

**cast-in-place pile** **यथास्थान बनाई पाइल**

पूर्व ढलित पाइल से भिन्न ऐसी पाइल जिसको आवरक या बिना आवरक के अपने स्थाई स्थल पर ही ढाला जाए।

**castor** **कैस्टर**

पाड़ के खिसकने या टेकने के लिए किसी नलिकाकार साम्भ के निचले सिरे पर लगा भ्रामी पहिया।

**cast stone** **ढला पत्थर**

खण्डों या छोटी पटिया के रूप में विशेष ढांचों में इस प्रकार ढला मोर्टार या कंक्रीट जिससे वह प्राकृतिक इमारती पत्थर की तरह ही लगे।

**catalyst** **उत्प्रेरक**

पदार्थ जो बिना रूपांतरित हुए रासायनिक क्रिया का त्वरण या प्रारम्भन करे ।

**catena** **मृदा शृंखला**

विभिन्न उच्चावचों और जल निकास वाली सामान्यतः एक समान मूल सामग्री वाली विभिन्न मृदाओं का एक अनुक्रम ।

**cat face** **विडाल मुख**

आधार कोट में विषमता के कारण परिष्कृत प्लास्टर में विकृति या रुक्ष अवपात

**cat head** **कैट हैड**

तिर्यक कोण पर मिलने वाले फार्मवर्क के दो सदस्यों के बीच रखा खांचित फान; उद्वाहक पर लगा तकुआ ।

**cation** **धनायन**

वैद्युत घन आवेश वहन करने वाला आयन ।

**cat walk** **कैट वॉक**

संकीर्ण उत्थित मार्ग ।

**cavitation damage** **कोटरन क्षति**

जल प्रवाह के अल्प दाब क्षेत्र में निर्मित वाष्प बुलबुलों के सम्पर्क पृष्ठ पर अन्तः स्फोट के कारण कंक्रीट/धातु पृष्ठ गर्तन ।

**celite** **सेलाइट**

पोर्टलैंड सीमेंट के कैल्सियम एल्यूमीनो फेराइट अवयव को पहचानने के लिए टारनीबॉम द्वारा प्रयुक्त नाम ।

या

पोर्टलैंड सीमेंट क्लिकर का एक घटक जिसे आजकल ब्राउनमिलेराइट भी कहते हैं ।

**cellular concrete** **कोशिकीय कंक्रीट**

गैस बनाने वाले रसायन अथवा फेननकारकों द्वारा निर्मित समांग रिक्ति या कोष्ठिका संरचना वाले हल्के उत्पाद जिनमें पोर्टलैंड सीमेंट सिलिका, लाइम पोजोलॉन या लाइम-सिलिका लेप या इन अवयवों के मिश्रण होते हैं ।

**cellular construction** **कोशिकीय निर्माण**

कंक्रीट खण्डों के निर्माण की तकनीक जिसमें आंतरिक कंक्रीट के एक भाग को रिक्त छोड़ दिया जाता है ।

**cement** **सीमेंट**

ट्राई कैल्सियम सिलिकेट ( $C_3S$) डाई कैल्सियम सिलीकेट ( $C_2S$ ), ट्राई कैल्सियम एल्यूमिनेट ( $C_3A$ ) और टैटाल्सियम एल्यूमीनोफैराइट ($C_4AF$) और कुछ मात्रा में कैल्सियम सल्फेट, मैगनीशियम ऑक्साइड व क्षार आदि के एक निश्चित मोटाई के कणों का एक निश्चित अनुपात में मिश्रण ।

उक्त चार मुख्य अवयवों के अनुपात को बदल कर सीमेंट के कणों की मोटाई के समायोजन से व अन्य सामग्री मिलाकर कई प्रकार के सीमेंट बनाए जा सकते हैं ।

**cement, bituminous** **बिटुमनी सीमेंट**

कोयले या लकड़ी के भंजक आसवन से प्राप्त, पेट्रोलियम के आसवन में अवशेष के रूप में उत्पादित, प्राकृतिक निक्षेपों से खोदकर निकाले गए मिश्रित अनिश्चित हाइड्रोकार्बनों से बना सामान्य तापक्रम पर एक काला ठोस, अंशतः ठोस या तरल पदार्थ जो कार्बन डाईसल्फाइड या अन्य किसी वाष्पशील तरल हाईड्रोबेन में ही घुलन-शील हो ।

**cement, high strength** **शीघ्र सामर्थ्य सीमेंट**

मोर्टार या कंक्रीट में सामान्य सीमेंट की तुलना में शीघ्र सामर्थ्य उत्पन्न करने की विशेषता रखने वाला सीमेंट ।

**cement, hydraulic** **जलीय सीमेंट**

सीमेंट के अवयवों की जल से अन्योन्य क्रिया के फलस्वरूप जल के नीचे जमने और दृढ़ीकृत होने वाला सीमेंट ।

**cement, low heat** **न्यून ऊष्मा सीमेंट**

सामान्य पोर्टलैंड सीमेंट के रासायनिक संघटन के रूपान्तरण से बना सीमेंट जिसमें जमते समय सीमित ऊष्मा उत्पन्न हो ।

**cement, masonary** **चिनाई सीमेंट**

जहां मिलावे में पोर्टलैंड सीमेंट के प्रयोग से प्राप्त सुघट्यता व जल धारण क्षमता से अधिक सुघट्यता व जल धारण क्षमता वांछित हो वहां प्रयुक्त जलदृढ़ी सीमेंट; इस प्रकार के सीमेंट में सदा निम्नलिखित में से एक या अधिक पदार्थ होते हैं– पोर्टलैंड सीमेंट, पोर्टलैंड-पोजोलॉन सीमेंट, प्राकृतिक सीमेंट, धातुमल सीमेंट, जलीय चूना और प्राय: निम्नलिखित में से भी एक या अधिक पदार्थ होते हैं–जलयोजित चूना, चूर्णित चूना पत्थर, चॉक, टेल्क, पोजोलॉन मृत्तिका या जिप्सम, व जल ।

**cement, natural** **प्राकृतिक सीमेंट**

कार्बन डाईऑक्साइड निकल जाने पर जलाए गए निस्तापित मृण्मय चूना पत्थर को बारीक पीस कर बनाया गया चूर्ण ।

**cement, portland** **पोर्टलैंड सीमेंट**

जलदृढ़ी कैल्सियम सिलिकेटयुक्त क्लिकर के पेषण के फलस्वरूप प्राप्त उत्पाद जिसमें प्राय: अंतपेषणयोज्य के रूप में कैल्सियम सल्फेट मिला हो ।

**cement, portland blast furnace slag** **पोर्टलैंड वात्या–भट्टी धातुमल सीमेंट**

आवश्यक रूप से पोर्टलैंड सीमेंट, अवशिष्ट राख और दानेदार वात्या भट्टी धातुमल का घनिष्ठ अंतपेषित मिश्रण अथवा पोर्टलैंड सीमेंट और बारीक दानेदार वात्या भट्टी धातुमल का घनिष्ठ एक समान मिश्रण जिसमें धातुमल की मात्रा विनिर्दिष्ट सीमा में हो ।

**cement, portland pozzolan** **पोर्टलैंड पोजोलॉन सीमेंट**

आवश्यक रूप से पोर्टलैंड सीमेंट अवशिष्ट राख और पोजोलॉन का घनिष्ठ अंतपेषित मिश्रण अथवा पोर्टलैंड सीमेंट और महीन पोजोलॉन का घनिष्ठ एकसमान मिश्रण जिसमें पोजोलॉन अवयव विनिर्दिष्ट सीमा में हो ।

**cement, slag** **सीमेंट धातुमल**

बारीक चूर्ण जो आवश्यक रूप से दानेदार वात्या भट्टी धातुमल व जलयोजित चूने का घनिष्ठ एक समान मिश्रण है जिसमें धातुमल अवयव एक विनिर्दिष्ट न्यूनतम प्रतिशत से अधिक होता है ।

**cement, sulphate resistant** **सल्फेट प्रतिरोधी सीमेंट**

जल अथवा मृदा में घुले हुए सल्फेटों द्वारा कंक्रीट की क्षति-प्रवृत्ति कम करने हेतु अल्प ट्राइकैल्सियम एल्यूमिनेट युक्त पोर्टलैंड सीमेंट जिसको अमरीका में "प्रकार-बी" से अभिहित किया जाता है ।

**cement, super sulphated** **सुपरसल्फेटेड सीमेंट**

दानेदार वात्या भट्टी धातुमल, कैल्सियम सल्फेट, चूने की अल्प मात्रा, सीमेंट अथवा सीमेंट अवशिष्ट राख के घनिष्ठ अंतपेषण के फलस्वरूप प्राप्त जलीय सीमेंट जिसका यह नामकरण उसमें सल्फेट की तुल्य मात्रा, पोर्टलैंड वात्या भट्टी धातुमल सीमेंट में सल्फेट की तुल्य मात्रा से अधिक होने के कारण किया गया है ।

**cement, white** **श्वेत सीमेंट**

जल योजन के पश्चात् सफेद लेप बनाने वाले अल्प लोह अंश के कच्चे माल से बना पोर्टलैंड सीमेंट जिसकी अवशिष्ट राख अपचायक ज्वाला द्वारा बनाई जाती है ।

**cement-aggregate ratio** **सीमेंट मिलावा अनुपात**

भार अथवा आयतन के अनुसार सीमेंट और मिलावे का अनुपात ।

**cement content** **सीमेंट अंश**

कंक्रीट या मोर्टार के इकाई आयतन में सीमेंट की मात्रा जिसको विशेष रूप से भार के अनुसार व्यक्त किया जाता है ।

**cement gel** **सीमेंट जेल**

कोलाइडी पदार्थ जो पक्व जलयोजित सीमेंट लेपी बनाने वाले सरंध्र द्रव्यमान का मुख्य भाग है ।

**cement gun** **सीमेंट गन**

एक मशीन जिसमें जल, सीमेंट और महीन मिलावे का मिश्रण संपीडित वायु द्वारा तुंड से बलपूर्वक यथास्थान भेजा जाता है ।

**cement kiln** **सीमेंट भट्टी**

सीमेंट बनाने की भट्टी ।

**cement paint** **सीमेंट प्रलेप**

प्रलेप जिसमें सामान्यत: श्वेत पोर्टलैंड सीमेंट और जल वर्णक, जलयोजित चूना, जल प्रतिकर्षी या आर्द्रताग्राही लवण होते हैं ।

**cement plaster** **सीमेंट प्लास्टर**

पोर्टलैंड सीमेंट, महीन मिलावे व जल का अस्तर ।

**cement rock** **सीमेंट शैल**

प्राकृतिक अशुद्ध चूना पत्थर जिसमें पोर्टलैंड सीमेंट के उत्पादन हेतु लगभग वांछित अनुपात में सभी संघटक निहित हों ।

**cement slurry** **सीमेंट घोल**

सीमेंट जल का पतला मिश्रण ।

**cement storage** **सीमेंट भंडारण**

सीमेंट को प्रयोग से पूर्व पानी से दूर रखने के प्रक्रम को सीमेंट भंडारण कहते हैं । यदि सीमेंट पांच प्रतिशत से अधिक पानी सोख ले तो वह बेकार हो जाता है ।

पानी से बचाने के लिए सीमेंट 2 मी० या अधिक गहरी धानी में रखा जाता है । यदि ऐसा सम्भव नहीं हो और सीमेंट को कट्टों में ही रखना पड़े तो उनको सूखे तख्तों पर एक परत में लम्बाई में व दूसरी परत में चौड़ाई में बिल्कुल पास-पास सटा कर रखा जाता है जिससे उनके बीच वायु प्रवेश न कर सके और अन्त में सबसे ऊपर वाली परत को पॉलीथीन या टारपॉलीन की चादर से ढक देना चाहिए ।

फिर भी भंडारण से सीमेंट की सामर्थ्य 3 महीने में 20 प्रतिशत, 6 महीने में 30 प्रतिशत, वर्ष में 40 प्रतिशत व 2 वर्ष में 50 प्रतिशत घट जाती है ।

**cementation process** **सीमेंटीकरण प्रक्रम**

विशेष प्रकार के भूमि पृष्ठ (उदाहरणार्थ–बजरी, खंडित शैल) को ठोस बनाने के लिए उसमें बलपूर्वक सीमेंट ग्राउट का अन्तःक्षेपण।

**centering** **ढूला**

डाट, कोश और अंतरिक्ष संरचनाओं अथवा ऐसी अन्य संरचनाओं के निर्माण के समय अस्थाई संरचना के किसी भाग में सभी अवांछित प्रतिबल को रोकने तथा अभीष्ट आकार देने के लिए प्रयुक्त विशेष अस्थाई संरचना।

**centering and shuttering** **ढूला बनाना**

किसी डाट, लिन्टल, छत अथवा धरन की चिनाई/कंक्रीट/प्रबलित कंक्रीट को जमने तक यथास्थान, वांछित आकार में आबद्ध रखने के लिए लकड़ी के तख्तों अथवा लोहे की प्लेटों से केन्द्रण व तख्ता बन्दी करके अस्थाई फरमों का निर्माण जिसको कंक्रीट आदि के जमने के पश्चात् खोल दिया जाता है।

**central mixed concrete** **केन्द्रीय मिश्रित कंक्रीट**

अचल मिश्रक में पूर्णतया मिश्रित कंक्रीट जिससे उसे निकास संयंत्र में ले जाया जाता हो।

**central mixer** **केन्द्रीय मिश्रक**

अचल कंक्रीट मिश्रक जिसमें से ताजी मिश्रित कंक्रीट को कार्य स्थल पर ले जाया जाता है।

**centrifugal fan** **अपकेन्द्री पंखा**

ऐसा पंखा जिसमें वायु प्रणोदक के अक्ष से समकोण पर प्रचुर मात्रा में निकलती हो।

**chalk** **खड़िया**

मुख्यतः समुद्री जीवों के अवशेष से बना मुलायम चूना पत्थर।

**chamfer** **शैम्फर**

कंक्रीट कार्य में निर्माणाधीन आकृति के सिरे को अभीष्ट कोण पर काटना।

**chamfer strip** **निष्कोणन पत्ती**

गोलाकार या सपाट निष्कोणन बनाने के लिए सांचे के भीतरी कोने में रखी जाने वाली वक्रित चपती जिसको तिरछी पत्ती या विषमतलीय पत्ती भी कहते हैं ।

**channel beam** **चैनल धरन**

आकार वाले काट वाली धरन ।

**characterstic load** **अभिलाक्षणिक भार**

वह भार जिसके, संरचना की आयु में अतिक्रमण न होने की संभावना विनिर्दिष्ट प्रतिशत (आई० एस० कोड 1343 के अनुसार 95 प्रतिशत) हो ।

**characterstic strength** **अभिलाक्षणिक सामर्थ्य**

सामग्री सामर्थ्य का वह मान जिससे कम होने की संभावना पांच प्रतिशत से अधिक परीक्षणों में न हो ।

**charge off** **शुल्क माफी**

ऐसी प्रतिपूर्तियोग्य लागतों का पुन: मूल्यांकन जिनका परियोजनाओं से वापसी भुगतान, सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से माफ कर दिया है ।

**charging** **भरण**

अगली अभिक्रिया या संसाधन के लिए कंक्रीट अथवा मोर्टार मिश्रक, भट्टी अथवा अन्य पात्र या अभिग्राही में पुन: स्थापना या सामग्री का भारण ।

**checking** **तरेड़न**

कंक्रीट अथवा मोर्टार के पृष्ठ पर पास-पास परन्तु अनियमित अंतराल पर उभरी दरारें ।

**chemical bond** **रासायनिक आबंध**

रासायनिक अभिक्रिया द्वारा विकसित ससंजन व आसंजन के फलस्वरूप विभिन्न सामग्री में आबंध ।

**chernozem** **चर्नोजेम**

काली, अच्छे निकास वाली क्षेत्रीय कणीय ह्यमस समृद्ध A–संस्तर वाली मृदा ।

**chestnut soil** **चैस्टनट मृदा**

मृदा का एक क्षेत्रीय समूह जिसकी सतह का रंग गहरा भूरा होता है और जिसका रंग नीचे की तरह धीरे धीरे हल्का होता जाता है और अन्त में चूने का एक संस्तरा होता है। यह अर्द्ध आद्र से अर्द्ध शुष्क और शीतोष्ण से ठंडी जलवायु तक में छोटी और लंबी घास के नीचे विकसित होती है।

**chimney gutter** **धुआरा पनाली**

ढालू छत को बेंधने वाली चिमनी के पीछे बनी नाली।

**chip board** **अपखण्ड फलक**

छोटे-छोटे काष्ठ अपखण्डों को कृत्रिम सरेस से आपस में जोड़ कर बनाए गए फलक जो सस्ते होते हैं परन्तु इनमें ऐंठन पड़ सकती है तथा लम्बाई 3 से 4 मी तक व चौड़ाई 1.2 मी० तक होती है।

**chipping** **छीलना**

कंक्रीट के कठोरीकृत पृष्ठ का छेनी कर्तन।

**chips** **दाना**

खंडित संगमरमर व मिलावे के लिए उपयुक्त किसी अन्य खनिज के टूटे हुए खण्ड जिनको विनिर्दिष्ट आमापों को छलनी द्वारा अलग कर दिया जाता है।

**chute** **ढलवा नाली**

ऊंचे स्थान से नीचे स्थान तक कंक्रीट सीमेंट, मिलावा या किसी अन्य मुक्त रूप से प्रवाहित होने वाली सामग्री को प्रवाहित करने के लिए प्रवण द्रोणिका या नलिका।

**class (of concrete)** **श्रेणी (कंक्रीट की)**

आमतौर से संपीडन सामर्थ्य द्वारा विभिन्न गुणों व उपयोगों वाली कंक्रीट का स्वेच्छ अभिलक्षण निर्देशन।

**clay** **मृत्तिका**

एक महीन पदार्थ जो काफी हद तक सुघट्य है और जो मृदा गठन और मृदा कण वर्ग वर्गीकरण के अनुसार गीला होने पर कोलाइडीय गुण प्रदर्शित करता है।

मृदा विज्ञान की अंतर्राष्ट्रीय समिति द्वारा स्वीकृत कण वर्ग वर्गीकरण के अनुसार मृत्तिका के कणों का आमाप अधिकांशत: 0.002 मि०मी० व्यास से कम होता है।

**clay content** **मृत्तिका अंश**

मृदा या प्राकृतिक कंक्रीट मिलावे जैसे विषमांग पदार्थ के शुल्क भार के अनुसार निरूपित मृत्तिका की प्रतिशतता।

**clay pan** **मृत्तिका दृढ़ पटल**

मृत्तिका के संश्लेषण या बहने से बनी सघन अवमृदा की परत।

**cleanout** **सफाई द्वार**

कचरा निकालने के लिये संरचित आकृतियों में द्वार जिसको कंक्रीट डालने से पूर्व बंद कर दिया जाता है; निरीक्षण व सफाई के लिए टंकियों या घानियों या किसी अन्य ग्राही का द्वार।

**clean up** **निर्वात सुधार**

क्षैतिज निर्माण संधियों पर से पृष्ठीय सामग्री का अन्य संदूषण कारक पदार्थ इस हद तक साफ करना कि उस पृष्ठ की तुलना ताजे तोड़े गए कंक्रीट पृष्ट से की जा सके।

**cleat** **गुटका**

1. प्ररूप के सदस्यों को आपस में जोड़ने वाला अथवा बंधन के रूप में प्रयुक्त एक छोटा तख्ता।

2. कैंचीधरन को बांधने के लिए मुख्य बत्ताधारक पर लगा गुटका।

**clinker** **क्लिंकर**

भट्टे का आंशिक रूप से पिघला हुआ उत्पाद जिसको पीसकर सीमेंट बनाया जाता है; अन्य काचित अथवा दग्ध सामग्री भी।

**clip** **क्लिप**

संलग्न चादर-पट्टियों को बांधने या विभिन्न प्रकार की पट्टियों को आलम्बों से जोड़ने के लिए तार या चादर धातु युक्ति।

**coagulation** **स्कंदन**

किसी रसायन के मिलाने के परिणामस्वरूप संपर्क या अन्य विधि से कोलाइडी या निलम्बित पदार्थ का ऊर्णन ।

**coarse aggregate** **स्थूल समुच्चय/मोटा मिलावा**

स्थूल समुच्चय प्रायः ईंट या पत्थर के टुकड़े होते हैं । इसकी माप कार्य की प्रकृति पर निर्भर करती है। साधारणतः इसकी माप 20 मि०मी० से 80 मि०मी० तक होती है । कंक्रीट के आयतन का अधिकांश भाग स्थूल समुच्चय द्वारा ही उपलब्ध होता है ।

**coarse grained soil** **स्थूल कणीय मृदा**

मृदा जिसमें रेत व बजरी के मोटे कणों की बहुतायत हो ।

**coat** **कोट**

एक संक्रिया में लगाए गए पेंट या प्लास्टर की फिल्म अथवा सतह ।

**coffer dam** **कॉफर बांध**

कॉफर बांध ऐसा स्थाई ढाँचा है जिसे जलीय क्षेत्र में काफी बड़े क्षेत्र को निर्माण कार्य हेतु जल रहित करने के लिये बनाया जाता है ।

**c ohesion** **ससंजन**

प्रत्येक कण के चारों ओर आर्द्र झिल्ली के पृष्ठ तनाव के कारण उत्पन्न खिंचाव से पृथक होने के प्रति कणों का प्रतिरोध ।

**colloid** **कोलाइड**

पदार्थ की एक ऐसी अवस्था जिसमें यह माना जाता है कि वह लगभग अण्विक विमाओं में खंडित होकर विलायक में विकीर्ण हो जाता है । कोलाइडी कणों में वैद्युत आवेश वहन करने के गुण होते हैं और यह झिल्ली से विसरित भी नहीं होते ।

**colloidal moisture equivalent ratio** **कोलाइडी-आर्द्रता तुल्यांक अनुपात**

मृदा कोलाइड के प्रतिशतता का आर्द्रता तुल्यांक की प्रतिशतता से अनुपात

**colliodal system** **कोलाइडी प्रणाली या कोलाइडी सम्मिश्रण**

एक सम्मिश्रण जिसमें एक या एक से अधिक पदार्थ का दूसरे पदार्थ या सामग्री में बहुत सूक्ष्म विषमांगी विकीर्णन द्वारा एक विशाल अंतः पृष्ठ प्राप्त होता है ।

**colluvial soil** **मिश्रोढ़ मृदा**

गुरूत्व प्रभाव के अंतर्गत विसर्पण तथा स्थायी बहाव द्वारा अपेक्षाकृत खड़े ढाल के पाद पर एकत्रित शैल खण्ड और मृदा सामग्री के विषमांग निक्षेप ।

**column** **स्तम्भ/टेक/संपीडांग**

आयताकार परिच्छेद का संपीडन अवयव जिसकी प्रभावी लम्बाई उसके न्यूनतम पार्श्वीय विस्तार के तिगुने से अधिक हो ।

**combed finish** **कंकतित परिष्कृति**

ऐसे एकक जिनके पृष्ठ उनके निर्माण के दौरान लगभग समानान्तर खरोंचों द्वारा परिवर्तित किए गए हों ।

**combined footing** **संयुक्त पाद**

एक रेखा में स्थित जब दो या दो से अधिक स्तम्भ एक ही पाद पर आधारित हों तब वह नींव संयुक्त पाद कहलाती है ।

**combined water** **संयुक्त जल**

भौतिक बलों की बजाए रासायनिक बलों द्वारा मृदा में गृहित जल ।

**common room** **सामान्य कक्ष**

किसी संस्थान में सबके प्रयोग के लिए निर्मित कक्ष ।

**completion certificate** **पूर्णावस्था प्रमाण पत्र**

1. किसी एक कार्य या कार्यों के समूह की ड्राइंग/ड्राइंगों पर रिकार्ड किया प्रमाण-पत्र कि कार्य विभाओं के और ड्राइंग/ड्राइंगों पर दिए विवरणों के अनुसार पूर्ण किया गया है ।

2. कार्य प्रभारी इंजीनियर द्वारा दिया गया एक प्रमाण पत्र जिसके आधार पर ठेकेदार को अंतिम भुगतान हुआ है ।

**component square** **अंग वर्ग**

किनारे से किनारा मिलाकर सटा-सटा कर रखी गई पट्टियों का एक ऐसे वर्ग के रूप में सज्जीकरण जिसकी भुजा पट्टी की लम्बाई के बराबर हो ।

**concrete** **कंक्रीट**

कंक्रीट एक ऐसी निर्माण सामग्री है जो स्थूल समुच्चय/मोटा मिलावा, महीन समुच्चय/बारीक मिलावा, बंधक पदार्थ और जल को मिलाने से बनती है। कंक्रीट की सम्पीडन सामर्थ्य तनन सामर्थ्य से काफी अधिक होती है। कंक्रीट का प्रयोग भवन, पुल, बांध, सड़क इत्यादि के निर्माण में किया जाता है ।

**concretion** **कंकड़ स्तरन**

कुछ रासायनिक यौगिकों का स्थानीय संकेन्द्रण जैसे कैल्सियम कार्बोनेट या लौह यौगिक जिसे विभिन्न आमापों, आकारों, व रंगों के मिश्र संगठन के कंकड़ या कठोर कण बनते हैं

**consolidated rate/flat rate** **समेकित दर या एक समान दर**

इस दर में भू-आय के साथ जल दर को सम्मिलित किया जाता है और आवास सिद्धांत पर नियत किया जाता है । यह सिंचाई योग्य क्षेत्र फल पर लिया जाता है और उगाई गई फसल की प्रकृति पर निर्भर नहीं करता ।

**contaminants** **दूषणकारक**

वायु में उपस्थित धूल, धुआं, गैस, कोहरा, वाष्प और इसी प्रकार के अन्य पदार्थ जो अधिभोक्ताओं के लिए हानिकारक या अप्रिय हों ।

**cooking alcove** **खाना रखने का स्थान**

मुख्य कमरे से बिना किसी बीच के दरवाजे के सीधे पहुंच वाला खाना बनाने का स्थान ।

**coping** **मुंडेर/कोपिंग**

किसी बाह्य दीवार के ऊपरी स्तर पर लगाया गया रद्दा जिसके कारण ऊपर से आया वर्षा जल इन दीवारों में प्रवेश नहीं कर पाता । यह विशेष आकार का बनाया जाता है । इससे सौन्दर्यता भी बढ़ जाती है ।

**corbel** **टोड़ा**

यदि दीवार की मोटाई इसके ऊपर आने वाली धरन या पट्टियों के लिये पर्याप्त न हो तो दीवार के भीतर की तरह ईंट व पत्थर के टुकड़ों की चिनाई के रद्दे निकाल दिए जाते हैं जिससे धरन व पट्टी की परत कम हो जाती है और दीवार की चौड़ाई भी बढ़ जाती है । भीतर की तरफ बाहर निकले रद्दे को ही टोड़ा कहा जाता है ।

**cornice** **कॉर्निस**

भवन की सुन्दरता बढ़ाने के उद्देश्य से दीवार के शीर्ष के पास अथवा दीवार और छत के जोड़ के स्थान पर दीवार से प्रक्षिप्त रचना को कॉर्निस कहा जाता है । यह प्रायः दीवार की पूरी लम्बाई में बनाया जाता है ।

**coupler** **युग्मक**

दो नलिकाओं के बाह्य पृष्ठों को जुड़ा रखने के लिए आसंजन जो इन दोनों नलिकाओं के बाह्य पृष्ठों को पकड़े रखता है ।

**coupler, double** **द्वि-युग्मक**

नलिका को समकोण पर जोड़ने के लिए युग्मक ।

**coupler, putlog** **कड़ी युग्मक**

कोई भार न उठाने वाला युग्मक जिसको कड़ी या अनुप्रस्थिका को पाड़ के बेड़े के जोड़ने के लिये प्रयोग किया जाता है ।

**coupler, swivel** **भ्रामी युग्मक**

समकोण के अतिरिक्त किसी अन्य कोण पर दो नलिकाओं को जोड़ने के लिये युग्मक ।

**course** **रद्दा**

पत्थर अथवा ईंटों की क्षैतिज कतार चिनाई का रद्दा कहलाती है । ईंट की चिनाई में एक रद्दे की मोटाई ईंट की और गारे (अथवा मसाले) के जोड़ की संयुक्त मोटाई होता है ।

**coursed random rubble masonary** **बेतरतीब रद्देदार ढोका चिनाई**

इसमें पत्थरों की थोड़ी गढ़ाई हथौड़े से की जाती है जिससे लगभग 30 या 60 सें० मी० के पश्चात् क्षैतिज जोड़ मिल जाएं। इसमें रद्दों की ऊंचाई धुर पत्थर की ऊंचाई के समान रखी जाती है। इसमें दीवार की सामर्थ्य कुछ अधिक होती है।

**covered area** **आच्छादित क्षेत्र**

कुर्सी तल के ऊपर इमारत से ढका भू-क्षेत्र जिसमें निम्नलिखित मदों में ढके क्षेत्र सम्मिलित हैं :—

(क) बगीचा, शैलोद्यान, कुआं, और कुओं की संरचनाए, पौधा रोपण क्यारियां, जलाशय तैरने का कुंड (ऊपर से खुला हुआ) पेड के चारों ओर बना चबूतरा, जल कुंड, पगैआरा, बेंच, ऊपर से खुला व चारों ओर से दीवार से न घिरा हुआ चबूतरा इत्यादि ।

(ख) अपवाह पुलिया, वाहिनी, ग्राही गर्त, कुंडिका पाश, कक्ष, नाली इत्यादि।

(ग) अहाते की दीवार, फाटक, अमंजिला पोर्च या ड्योढ़ी, अनाच्छादित सोपान, छज्जे आदि के नीचे का क्षेत्र इत्यादि ।

**creep** **विसर्पण**

अविरत प्रतिबल के कारण समय के साथ विकृति में वृद्धि ।

**creep coefficient** **विसर्पण गुणांक**

कंक्रीट में विसर्पण विकृति और प्रत्यास्थ विकृति का अनुपात ।

**crotovine** **क्रोटोवाइन**

मिट्टी, जैव पदार्थ और चूने के मलवे के भरे मृदा में बने जीवों के बिल ।

**crow foot** **काक पाद**

किसी शैल में गहरे रंग की असंयोजित पदार्थों की शिराएं ।

**crumb structure** **आचूर्ण संरचना**

अपेक्षाकृत अधिक संरध्र एवं आकार व आमाप में अनियमित दानेदार संरचना के लिए प्रयुक्त शब्द ।

**curb** **कर्ब**

कूप नींव में सबसे नीचे वाले भाग को कर्ब कहते हैं । इसमें नीचे धार होती है जिससे कूप में धंसने में सरलता होती है । यह प्रायः लकड़ी, स्टील या कंक्रीट के बने होते हैं ।

**current** **धारा**

सामान्य शब्दों में "तरल का संचलन" ।

**curve resistance** **वक्र-प्रतिरोध (रेल)**

यान के वक्र के स्पर्श रेखीय दिशा में चलने का प्रयास, पहियों की फिसलन, अपर्याप्त अथवा अत्यधिक बाह्योत्थान की व्यवस्था होने पर क्रमशः आन्तरिक अथवा बाह्य रेल पर दाब में वृद्धि तथा अपर्याप्त रेल पथ अनुरक्षण इत्यादि के कारण उत्पन्न प्रतिरोध ।

# D

**damp proof course** **आर्द्रतारोधी स्तर**

एक अप्रवेश्य स्तर जो जल के संचलन को रोकता है ।

**date of completion** **पूर्ण होने की तिथि**

1. ठेके में निर्दिष्ट कार्य के पूर्ण होने की तिथि ।

2. वास्तविक तिथि जिस पर कार्य समाप्त हुआ है जिसमें इस बात का विचार नहीं किया जाता कि भुगतान के उद्देश्य से अंतिम मापन बाद की तिथि में लिए गए हैं ।

**dead load** **अचल भार**

भवन निर्माण में प्रयोग हुई सामग्रियों के भारों का योग अचल भार कहलाता है । यह भार स्थाई होता है और विभिन्न प्रयोजनों के भवन के लिये भिन्न-भिन्न होता है ।

**dead water** **धीर जल**

ऐसा जल जो सार्थक वेग से प्रवाहित न हो ।

**decibel** **डेसीबल**

ध्वनि स्तर मापी पर तोलक यंत्र से नापे गए ध्वनि स्तर ।

**deflocculation** **अनूर्णन**

ऊर्णन का विपरीत। पृथक-पृथक कणों में मृत्तिका के मृदा समुच्चयन का अपचयन, पृथक्करण या टूटना ।

**degree of aeration or air space ratio** **वातन कोटि या वायु अवकाश अनुपात**

वायु के आयतन और रिक्त आयतन के बीच अनुपात ।

**degree of aggregation** **समुच्चयन कोटि**

विद्यमान समुच्चयों के माप का अनुपात ।

**degree of dispersion** **प्रकीर्णन कोटि**

किसी विधि द्वारा मृदा समुच्चय को प्राथमिक कणों में खंडित करने की सीमा।

**degree of saturation** **संतृप्ति कोटि**

जल आयतन और रिक्ति आयतन के बीच अनुपात ।

**density** **घनता (आवासीय)**

आवास गृह की प्रति हैक्टेयर में संख्या ।

**desert pavement** **मरू कुट्टिम**

वायु द्वारा मृदा के समक्ष्म कणों के उड़ जाने के पश्चात् सतह पर बचे बजरी, पत्थर, शैल के मोटे टुकड़े ।

**desert soil** **मरू मृदा**

मृदा का एक क्षेत्रीय समूह जिसके पृष्ठ का रंग हल्का होता है । इसके नीचे प्राय: केलकेरियस सामग्री होती है और कभी-कभी कठोर स्तर होता है । इसका विकास गरम से ठंडी, शुष्क जलवायु में अत्यन्त कम झाड़ी वनस्पति के नीचे होता है ।

**details** **विस्तृत विवरण**

अवयवों के उत्पादन व अनुप्रयोग से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी के लिये बनाई गई ड्राईंग ।

**development period** **विकास अवधि**

किसी परियोजना के निर्माण के पूर्ण होने की तिथि से लेकर पूरा लाभ उठाने तक की अवधि, जिसके पश्चात् परियोजना से आर्थिक और वित्तीय कसौटी पर पूर्वानुमान संतुष्ट होने की आशा की जाती है या इसके निर्माण के औचित्य समर्थन के निर्धारण की आशा की जाती है ।

**D-horizon** **Dसंस्तर/Dहोराइजन**

संस्तर के नीचे अनअपक्षयित शैल ।

**diagonal bond** **विकर्ण चाल**

यह चाल तिरछी चाल है । इसमें ईंटों का झुकाव पंक्ति के अन्त तक समान रहता है । यह झुकाव प्रायः $45^\circ$ रखा जाता है ।

**diagram** **आरेख**

किसी स्केल पर अथवा बिना स्केल पर बनी ड्राईंग जिसमें केवल आसान तरीके से इमारत संयंत्र के हिस्सों के उपयोग जैसे अन्दर घुसने का रास्ता, परिसंचारण, अधिष्ठापन, और उनके प्रचालन का तरीका इत्यादि बताए गए हों ।

**digital dock** **आंगुलिक गोदी**

फैले हुए हाथ की अंगुलियों के आकार वाली गोदी ।

**differential water rate** **अन्तरात्मक जल दर**

शुष्क भूमि और सिक्त भूमि पर निर्धारित दरों के बीच के अन्तर के अनुरूप सिंचाई के सरकारी स्रोतों से शुष्क भूमि पर नियत की गई जल की दर ।

**dilution ventilation** **तनुता संवातन**

इमारत में दूषणकारक तत्वों की सांद्रता को कम करने के लिए बाहर से वायु की आपूर्ति ।

**diluvium** **पूरोढक**

हिम नदीय निक्षेप ।

**dining room** **भोजन कक्ष**

मक्खी/मच्छर प्रतिरोधी दरवाजे व खिड़कियों वाला रसोई भण्डार से सम्बद्ध व बैठक के बराबर में या पीछे, खाने के बर्तन आदि रखने के लिये शीशे के सर्पी पट्ट वाली सुन्दर आलमारियों व एक कोने में हाथ धोने के लिए धावन कुण्ड युक्त, सामान्यतः 4.2 मी० × 4.8 मी० आमाप का एक कमरा जिसमें खाने की एक लम्बी मेज व कम से कम छह कुर्सियां रखी जा सकें । बैठक व भोजन कक्ष की विभाजन भित्ति की अभिकल्पना ऐसी होनी चाहिये जिससे दोनों कमरों को किन्हीं विशेष अवसरों पर इस भित्ति को हटाकर एक बड़े हाल में परिवर्तित किया जा सके ।

**direction peg** **दिशा निर्धारक खूंटी**

दिशा निर्धारक खूंटी रेखा पर स्थित वह बिन्दु जिसमें से कीलक बिन्दु पर अभिसरणकारी प्रेक्षण बिन्दु से चलने वाली किरण गुजरती हो ।

**dispersion** **प्रकीर्णन**

मृदा समुच्चय का इस प्रकार विखंडन कि प्रत्येक पृथक कण एक इकाई की तरह कार्य करे ।

**distemper** **डिस्टेम्पर**

सरेस के गरम विलयन में पैरिस श्वेत और रंग मिलाकर बनाया गया रंगलेप । आधुनिक डिस्टेम्पर तेल बद्ध होते हैं और इन्हें सरलता से लेपा व साफ किया जा सकता है । जलबद्ध डिस्टेम्पर में खड़िया का चूर्ण मूलांश व वाहक स्वच्छ पानी होता है ।

**dock** **गोदी**

जलयान के प्रतिग्रहण के लिये एक कृत्रिम अहाता ।

**door** **1. द्वार 2. कपाट**

1. किसी भवन का प्रवेश मार्ग ।

2. किसी भित्ति अथवा मंजूषा में अन्दर आने जाने अथवा कुछ रखने निकालने के लिए बनाए गए खुले स्थान के लिये सामान्यतः एक ठोस रोध या रोधिका जिसमें कब्जे, संपर्क, नति या वलय आदि लगे होते हैं ।

**dormer** **छत वातायन**

ढालू छत में लगी ऊर्ध्वाधर, खिड़की या खुला स्थान ।

**dormer check** **छत वातायन पृष्ठ**

छत वातायन का ऊर्ध्वाधर पृष्ठ ।

**double flemish bond** **दोहरी फ्लेमिश चाल**

इसमें दीवार के प्रत्येक रद्दे की बाह्य व आन्तरिक फलकों की ईंटों को फ्लेमिश चाल में लगाया जाता है ।

**double layer** **दोहरी परत**

मृत्तिका कण के पृष्ठ के पास दो विपरीत आयनों की परतों में विन्यास ।

**dowel** **गुज्झी**

1. पास पास के पत्थरों की पार्श्व संधियों या संस्तर के मसाले में निविष्ट धातु या पत्थर का छोटा टुकड़ा ।

2. इस्पात की पिन जो कंक्रीट संरचना अवयवों तक फैली रहती है और उसको जकड़े रखती है और अपरूपण बल का अंतरण करती है । उदाहरणार्थ कुट्टिम फर्श के पत्थरों में जोड़ ।

**drawing board** **आरेखन पट्ट/ड्राइंग बोर्ड**

लगभग एक इंच (24. 4 मि० मी०) भली प्रकार संसाधित नर्म लकड़ी की पट्टियों को जोड़ कर तैयार किया गया एक आयताकार तख्ता जिसके पीछे उसे संवलित होने से बचने के लिये दो आड़ी काष्ठ पटरियां पेचों से कसी हों और जिसके बांईं ओर बिल्कुल एबोनाइट का बना एक कार्यकारी कोर हो जिस पर T-स्क्वेयर ऊपर नीचे खिसक सके ।

**drawing room** **बैठक**

घर के अग्र भाग में स्थित अन्य सभी कमरों से सम्बद्ध 4. 2 मी० × 4. 8 मी० मानक आमाप का अथवा जब खाने की मेज की व्यवस्था भी उसी में हो तो सामान्यत: 5. 2 मी० × 4. 8 मी० आमाप का एक ऐसा कमरा जिसमें मौजेक फर्श व दीवारों पर डिस्टैंमर, कलरवाश अथवा प्लास्टिक पेन्ट आदि किया गया हो ।

इसका उपयोग मनोरंजन, पढ़ाई लिखाई, मेहमानों के स्वागत और त्योहारों अथवा किसी समारोह आदि में लोगों के मिलने बैठने के लिये किया जाता है ।

**drift** **1. प्रक्षेप 2. ड्रिफ्ट 3. गुल्ली**

1. गोलाश्म मृत्तिका, रेत और बजरी आदि से निर्मित पृथ्वी की पृष्ठीय पपड़ी (भूविज्ञान)

2. किसी जलराशि के संचलन की गति (द्रवचालिकी)

3. रिवेटने से पूर्व पिछद्रों को सरेखित करने के लिये उनके अन्दर डाले जाने वाला इस्पात का एक शुंडाकार दण्ड । इसका उपयोग जोड़ने से पूर्व ताम्र नली के सिरे को चौड़ा करने के लिये भी किया जाता है ।

**dry bulb temperature** **शुष्क बल्ब तापक्रम**

इस प्रकार रखे हुए तापमापी से नापा गया वायु का तापक्रम जिससे विकिरण के कारण होने वाली त्रुटियां न हों ।

**dry dock** **शुष्क गोदी**

यह गोदी वह क्षेत्र है जिनमें से जल अस्थाई तौर पर बाहर निकाला जा सकता है ताकि जलयान के आवरण व नौतल की मरम्मत की जा सके ।

**dry rubble masonary** **शुष्क ढोका चिनाई**

इस प्रकार की चिनाई में पत्थरों को बिना मसाले के एक के ऊपर एक जमा दिया जाता है । सस्ते, घटिया व कम महत्वपूर्ण कार्यों के लिये इस प्रकार की चिनाई का प्रयोग किया जाता है ।

**dutch bond** **डच चाल**

इसमें एकांतर रद्दे हैडर व स्ट्रैचर इंटों के होते हैं परन्तु इसमें प्रत्येक स्ट्रैचर रद्दा तीन चौथाई लम्बी ईंट से प्रारम्भ होता है ।

**dwarf wall** **बौनी दीवार**

1.5 मीटर से कम ऊंची दीवार को छोटी दीवार कहा जाता है । ऐसी दीवारें बरामदे इत्यादि में उठाई जाती हैं ।

**dwelling unit** **आवासीय यूनिट**

स्वतन्त्र आवासीय यूनिट जिसमें आवासीय खाना बनाने की और सैनिटरी सुविधाएं अलग से हों ।

# E

**eave** **ओलती**

ढालू छत का निचला किनारा ।

**eaves gutter** **ओलती नाली**

ओलती पर लगी वाहिका ।

**economic feasibility** **आर्थिक संभाव्यता या आर्थिक औचित्य समर्थन**

प्रस्तावित परियोजना को कार्यान्वित करने से पूर्व इस बात की जांच कि आशातीत लाभ अनुमानित लागत से अधिक होंगे या नहीं ।

**ectodynamorphic soil** **एक्टोडाइनेमोर्फिक मृदा**

मूल सामग्री के अलावा अन्य के प्रभाव से रूपित मृदा ।

**eddy** **भंवर**

जहां प्रमुख प्रवाह अपनी संसीमक परिसीमाओं से पृथक होता है वहां बहते हुए तरल में वर्तुल संचलन ।

**effective size** **कण का प्रभावी आमाप**

कणीय पदार्थ के कणों का प्रभावी आमाप किसी कल्पित पदार्थ के कणों का व्यास है जिसका पारगम्यता गुणांक विचाराधीन पदार्थ के बराबर है और जो समान आमाप के गोल कणों से बना है और ये कण विशिष्ट रीति से विन्यस्त हैं ।

**efflorescence** **उत्फुल्लन**

वाष्पीकरण के फलस्वरूप बनी लवण की चूर्णिल पपड़ी जो पृष्ठ के ऊपर या पृष्ठ के नीचे दीख सकती है ।

**effluent** **सहायक सरिता**

1. किसी सरिता अथवा सरोवर से निकली धारा,

2. किसी सीमित स्थान में से बहने वाला द्रव,

3. भौम जल से निकली धारा ।

**elevation** **उद्विक्षेप**

1. जिस पैमाने पर अनुविक्षेप बनाया गया हो, उसी पैमाने पर किसी संरचना का, सामने, पीछे या बाजू के उर्ध्वाधर अनुविक्षेप का ज्यामितिय प्रक्षेप जिसमें दरवाजे, खिड़की व अन्य बहिर्वेशनों को यथा स्थान दिखाया गया हो और जिससे उस संरचना के रूप का आभास हो ।

2. किसी वस्तु का उर्ध्वाधर दृश्य (उध्र्वाधर पृष्ठ पर प्रक्षेप) ।

**eluviation** **अवक्षालन**

ऐसे स्थान पर जहां वर्षा की दर वाष्पन से अधिक हो वहां घोल या निलंबन में मृदा सामग्री का एक संस्तर से दूसरे में संचलन । ऐसे संस्तर जहां से सामग्री का ह्रास अवक्षालन द्वारा होता है उनको अवक्षालन संस्तर कहते हैं और जिसे संस्तर पर इनका अभाव होता उसको समपोढ़ संस्तर कहते हैं ।

**eluvium** **अवक्षाल**

ठोस निक्षेपों के खण्डमय पदार्थ से बने ऐसे पृष्ठीय निक्षेप जो बजाय वायु या जल के साथ आने के स्वयं ही, जलग्रस्थ स्थिति में पहाड़ों पर से लुढ़क गए हों ।

**endodynamorphic soil** **अंतर्गतिज मृदा**

मुख्यतः मूल पदार्थ से प्रभावित मृदा ।

**engineering feasibility** **इंजीनियरी संभाव्यता**

निम्नलिखित चार बातें देखने के लिये किसी प्रस्तावित परियोजना को कार्यान्वित करने से पूर्व की गई जांच :

1. जल प्रदाय की गुणता और राशि पर्याप्त है अथवा नही

2. बांध स्थल भूवैज्ञानिक दृष्टि से उचित है या नहीं

3. निर्माण सामग्री उपलब्ध है अथवा नहीं

4. मृदा की अवस्था कृषि के लिये उपयुक्त है अथवा नहीं

**English bond** **इंग्लिश चाल**

इस प्रकार की चाल में एक रद्दे में ईंट को या तो स्टैचर या हैडर की तरह प्रयोग करते हैं । यदि किसी रद्दे में ईंट को स्टैचर की तरह प्रयोग किया गया हो तो उसके ऊपर व निचले रद्दे में ईंट को हैडर की तरह प्रयोग किया जाता है । इस प्रकार इस चिनाई में एकान्तर रद्दे एक समान होते हैं । ऊपर नीचे के रद्दों के जोड़ों की सततता तोड़ने के लिए हैडर रद्दों के बीच कोनिया ईंटों के ठीक बाद अद्धा मादा डेली का प्रयोग किया जाता है ।

**English garden wall bond** **इंग्लिश गार्डन वाल चाल**

यह चाल एक ईंट मोटी दीवार के लिए उपयुक्त रहती है । इसमें हैडर ईंटों का एक रद्दा स्टैचर ईंटों के तीन या चार रद्दों के बाद लगाया जाता है । यह चाल उद्यानों या सीमावर्ती दीवारों में अपनाई जाती है । यह चाल अधिक मजबूत नहीं होती परन्तु देखने में अच्छी लगती है ।

**E.P.M.** **ई०पी०एम०**
**(equivalent per million)** **(प्रतिमिलियन तुल्य)**

मृदा या घोल के प्रति मिलियन लवण के इकाई भार का इकाई रसायन समतुल्य भार ।

**equivalent weight** **समतुल्य भार**

किसी आयन या यौगिक का ग्राम में भार जो एक ग्राम हाईड्रोजन से संयोजित होता है या उसको प्रतिस्थापित करता है । अपनी संयोजकता द्वारा विभाजित परमाणुक भार या सत्व भार ।

**erg** **अर्ग**

एक डाइन के बल के विरुद्ध किया गया कार्य जब कि जिस बिन्दु पर बल लग रहा है उसका बल की दिशा में विस्थापन एक सेंटीमीटर हो ।

**exchangeable** **विनिमययोग्य**

वह आयन जो विनिमय के दौरान प्रतिस्थापित हो सकते हों ।

**exchangeable acidity** **विनिमेय अम्लता**

स्थगन या रिजर्व में रखे आयन

**exchangeable sodium percentage (E S P)** **विनिमेय सोडियम प्रतिशतता**

मृदा विनिमय सम्मिश्र की सोडियम के साथ संतृप्ता कोटि । इसकी गणना निम्नलिखित सूत्र द्वारा की जा सकती है ।

$$\text{E.S.P.} = \frac{\text{विनिमय सोडियम (मिली तुल्यांक प्रति 100 ग्राम मृदा)}}{\text{धनायन विनिमय क्षमता (मिली तुल्यांक प्रति 100 ग्राम मृदा)}}$$

**exchange acidity** **विनिमय अम्लता**

उदासीन लवण के घोल की मृदा के साथ उपचार करने से उत्पन्न अम्लता ।

**exchange complex** **विनिमय सम्मिश्र**

मृदाओं के पृष्ठ-सक्रिय अवयव (कार्बनिक और अकार्बनिक दोनों ही) जो धनायन विनिमय योग्य हैं ।

**exhaust** **निर्वात/रेचन**

1. वायु को इमारत से बाहर निकाल कर किसी यांत्रिक युक्ति जैसे पंखा द्वारा उसका निपटारा ।

2. किसी यांत्रिक युक्ति के द्वारा दूषित वायु को इमारत से बाहर निकालना।

**exposed finish** **अनावरित परिष्कृति**

एकक जिसके पृष्ठ अनावरित रहते हैं या उन पर पेन्ट कर दिया जाता है ।

**eye** **गवाक्ष**

छत में गोलाकार छिद्र ।

**eye brow** आई ब्रो

खिड़की अथवा किसी छत वातायन के ऊपर से छत का ऊपर की ओर प्रसर्पण और फिर सामान्य समतल पर वापस आने की क्रिया से निर्मित भाग।

# F

**facing** मोहरा/अग्रभाग

भवन का बाहरी भाग जो वायुमंडल में खुला रहता है। इसके निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्री मोहरा सामग्री कहलाती है।

**facing bond** पार्श्व चाल

इसमें कई स्टैचर रद्दों के बाद एक हैडर रद्दा आता है। यह चाल तब प्रयोग की जाती है जब पीठ और पार्श्व की ईंटों की मोटाई भिन्न हो। स्टैचर रद्दों की पूरी ऊंचाई पतली ईंटों की मोटाई से पूरी-पूरी कट जानी चाहिये। उदाहरणार्थ, यदि पार्श्व ईंटों की मोटाई 4 सें० मी० है और पीठ ईंटों की 3 सें० मी० है तो पार्श्व ईंटों के तीन रद्दों का और पीठ ईंटों के चार रद्दों का प्रयोग करना चाहिये।

**factor of safety** सुरक्षा गुणांक

यह वह गुणांक है जिसे सुरक्षी धारण क्षमता ज्ञात करने के लिये प्रयोग किया जाता है। इसका मान 2 से 6 के बीच होता है जो स्थल स्थिति और भवन की किस्म पर निर्भर होता है।

**fall** प्रवणता

सपाट छत या किसी अन्य पृष्ठ या नाली आदि का ढाल।

**facia** मुख पट्टी

विविध अप्रवेश्य सामग्री से निर्मित कॉर्निस अथवा ओलती संरचना का बाह्य उर्ध्वाधर अवयव।

**facia board** **मुख पट्टी बोर्ड**

ओलतियों के ठीक नीचे, बत्ता धारकों के सिरों, भित्ति पट्टिका अथवा भित्ति पृष्ठ से बंधा, सामान्यत: लकड़ी का अवयव।

**fault** **भ्रंश**

भू-पर्पटी के भंजन के फलस्वरूप शैल स्तरों का प्रभ्रंश ।

**field moisture** **क्षेत्रीय नमी**

किसी भी समय मृदा की नमी की दशा जो स्थल प्रतिदर्श में जल की प्रतिशतता द्वारा व्यक्त की जाती है।

**final moisture equivalent** **क्षेत्रीय आर्द्रता तुल्यांक**

न्यूनतम आर्द्रता जिस पर अति संकुचित मृदा प्रतिदर्श की सतह के ऊपर मुक्त जल दिखाई देने लगता है।

**fillet (of mortar)** **मसाले की चपती/फिलेट**

कोण को जलसह बनाने के लिये अंत्याधारों, शिखर, किनारों के नीचे और ऐसे अन्य स्थानों पर बनी मसाले की तिकोनी पट्टी।

**finial** **कलश**

कटक व श्रोणी की संधि तथा शंकुआकार व पिरैमिडी छतों व गुम्बदों के ऊपर लगा सजावटी आसंजन ।

**final measurement** **अंतिम मापन**

कार्य के पूर्ण होने के पश्चात् सामग्री, मात्रा राशि और सेवा (सर्विस) का मापन। निष्पादित कार्य के लिये भुगतान इसके आधार पर ही किया जाता है ।

**final payment** **अंतिम भुगतान**

ठेकेदार के ठेके निर्धारण या उसके पूर्ण होने पर उसको चालू खाते पर किया गया आखिरी भुगतान व खाते का पूर्ण समझौता।

**final prestress** **अंतिम पूर्व प्रतिबल**

पर्याप्त समस्त क्षतियों के पश्चात् विद्यमान प्रतिबल।

**final tension** **अंतिम तनाव**

अन्तिम पूर्व प्रतिबल के अनुकूल इस्पात में तनाव ।

**financial feasibility** **वित्तीय संभाव्यता**

किसी परियोजना को शुरू करने से पूर्व इस बात की जांच कि उस परियोजना से इतना लाभ होगा या नहीं जिससे लागत की प्रतिपूर्ति हो सके ।

**fine aggregate** **महीन समुच्चय/बारीक मिलावा**

स्थूल समुच्चय के मध्य रिक्त स्थानों को भरने के लिये महीन समुच्चय का प्रयोग किया जाता है । इसकी माप प्राय: 4. 5 मि० मी० और इससे कम होती है । महीन समुच्चय के रूप में प्राय: रेत का प्रयोग किया जाता है क्योंकि यह सरलतापूर्वक उपलब्ध होता है ।

**fissured rock** **विदीर्ण शैल**

टूटी हुई अथवा चटकी हुई शैल ।

**flag stone** **पटिया पत्थर**

फर्श अथवा कुट्टिम निर्माण में प्रयोग की जाने वाली 2 से० मी० से 5 से० मी० तक मोटी पत्थर की पटिया ।

**flemish bond** **फ्लेमिश चाल**

इस प्रकार के चाल के प्रत्येक रद्दे में एक स्टैचर व एक हैडर लगाई जाती है । इस चाल में प्रत्येक रद्दे के आरम्भ में कोने पर हैडर ईंट लगाई जाती है । प्रत्येक रद्दे में एकांतर से रखे जाने वाले हैडर अपने ऊपर व नीचे के रद्दों की स्टैचर ईटों के मध्य आते हैं । उर्ध्वाधर जोड़ तोड़ने के लिये रद्दों में कोनिया हैडर के पश्चात् विभिन्न आकार के डेलियों का प्रयोग किया ज़ाता है ।

**flashing** **फ्लैशिंग/जल रोधी झिल्ली**

1. एकांतर क्रम से वायु व वायु के बिना मृत्तिका उत्पादों को गर्म करने की प्रक्रिया जब अनियमित रंग की खपरैल, चटिया या ईंटों की आवश्यकता हो ।

2. संरचना के बिना ऐसे प्रतिच्छेद अथवा संधि को ढकने के लिये अप्रवेश्य पदार्थ की बनी चादर ।

3. संरचना के अन्य भाग व छत आवरण के बीच की संधि से जल को दूर रखने के लिये किसी अप्रवेश्य पदार्थ सामान्यतः धातु से निर्मित पट्टी।

**flashy stream** **सद्योवेगी सरिता**

कोई सरिता या उसका अंग जो वर्षा के फलस्वरूप ही बहती है।

**flat roof** **सपाट छत**

छत जिसका ढाल क्षैतिज से $10^{\circ}$ अथवा उससे कम हो।

**fleche** **फलीके**

ढालू छत के कूट पर लगा छोटा व पतला शिखर।

**Flemish garden wall bond** **फ्लेमिश गार्डन वाल चाल**

इसमें एक रद्दे की तीन या चार ईंटों के पश्चात् एक हैडर ईंट लगाई जाती है। एक ईंट मोटी दीवार के लिए यह चाल उपयुक्त रहती है। इस चाल से बनी दीवारें देखने में सुन्दर लगती हैं परन्तु इनकी मजबूती अधिक नहीं होती है। उद्यानों अथवा सीमावर्ती दीवारों में इस चाल का प्रयोग किया जाता है।

**flint** **चकमक प्रस्तर**

यह बहुत बारीक रवेदार सिलिका वाली शैल है जिसमें कभी-कभी स्पंजी व अन्य जीवों के अवशेष पाए जाते हैं। इसका विभंजन शक्वाकार व कांच सदृश्य होता है।

**flint wall** **फ्लिंट दीवार**

इसमें प्रयोग किए जाने वाले पत्थर चाक की तह के नीचे पाए जाते हैं जिनको फ्लिंट कहा जाता है। यह प्रायः गोल होते हैं। इसका प्रयोग प्रायः आयताकार पत्थरों या ईंटों के साथ किया जाता है।

**floating floor** **प्लवमान फर्श**

रोधित फर्श जिसमें पतामित लकड़ी की काष्ठ पट्टियां रबड़ के पृथक्कारकों पर टिकी हों। उठान को रोकने के लिये काष्ठ पट्टियों पर पट्टियों का भरत आता है तथा पट्टियों को सामान्य रूप से चढ़ाया जाता है।

**flocculation** **उर्णन**

किसी कण में छोटे-छोटे कणों का एक दूसरे के निकट आकर या मिल कर उर्ण शक्ल की तरह बन जाना।

**flocculation limit** **ऊर्णन सीमा**

अनूर्णित अवसाद की अवस्था में मृदा का जलांश।

**floccutation ratio** **ऊर्णन अनुपात**

अनूर्णित अवस्था में मृदा का रिक्त अनुपात।

**floccules** **ऊर्णिका**

प्रत्येक कण जो छोटे-छोटे समूहों या गुच्छों में समुच्चयित है।

**floor** **फर्श**

फर्शों का निर्माण भवन को कई मंजिलों में विभक्त करने के लिये किया जाता है। यह एक ठोस टिकाऊ तथा समतल रचना होती है।

**floor seal** **फर्शरुद्धक/फर्श सील**

लकड़ी के फर्श की परिष्कृति करने के लिये सम्पूर्ति लेप से पूर्व पृष्ठ की सरंध्रता को कम करने के लिये प्रयुक्त पदार्थ।

**flow** **प्रवाह**

तरल के एक आयतन का संचलन

**fluctuation** **उच्चावचन**

1. किन्हीं अंकों अथवा संख्यात्मक प्रेक्षणों की शृंखला के क्रमागत मदों के उतार-चढ़ाव।

2. भिन्न-भिन्न प्रतिदर्शों में प्रतिदर्शन के उतार-चढ़ाव को प्रतिदर्श उच्चावचन कहते हैं।

**footing** **पाद**

उथली नींव को पाद कहते हैं। सामान्यतः पाद की गहराई इसकी चौड़ाई से कम होती है। पाद मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं : विलागित, संयुक्त और बेड़ा।

**Foundation** **नींव**

भवन अथवा किसी अन्य सरचना का सबसे नीचे का भाग जो भूतल से नीचे स्थित होता है, नींव कहलाता है। नींव अपने ऊपर अध्यारोपित भार को नीचे की मृद पर वितरित/स्थानान्तरित करती है। यह मुख्यत: दो प्रकार की होती है, उथली तथा गहरी।

**free fall barrow topping mixer** **मुक्त प्रपात बैरो उद्‌वर्ती मिश्रक**

ऐसा मुक्त प्रपात मिश्रक जिसमें ढोल एक आनत अक्ष पर घूमता है। ढोल एक पहिये के आकार के बैरो पर चढ़ा रहता है जिसको आगे की ओर झुका कर मिश्रित कंक्रीट को गिराया जा सकता है।

**free fall mixer (drum type)** **मुक्त प्रपात मिश्रक (ढोल के आकार का)**

एक क्षैतिज अथवा आनत कक्ष पर घूमने वाला ढोल के आकार का मुक्त प्रपात मिश्रक जिसके अन्दर ब्लेडों की एक शृंखला लगी हो। मिश्रण क्रिया, ढोल के घूमने पर मिश्रण के प्रत्येक भाग के बारी-बारी से उत्थापन और प्रत्येक परिक्रमण की किसी विशेष अवस्था में अवपातन या ढोल के तल की ओर अग्रसर होने की क्रिया द्वारा होती है। तल में मिश्रण का यह भाग अन्य अवयवों से निरन्तर बदलते हुए क्रम में मिलकर एक समांग मिश्रण बना देता है। मिश्रण ढोल को उचित गियर अवस्था द्वारा एक हैन्डिल से घुमाया जाता है।

**free stone** **मुक्त पत्थर**

सम गठन वाली एक शैल जिस पर भवन निर्माण में अलंकारी कार्य हेतु नक्काशी की जा सकती है।

**freshet** **नदीपूर**

(1) भारी अथवा देर तक वर्षा होने के फलस्वरूप या बर्फ पिघलने के कारण किसी नदी या सरिता में आई बाढ़।

(2) अलवण जल की धारा।

(3) अल्प अवधि के लिये एक छोटी बाढ़।

**friction pile** **घर्णण पाइल**

यह समस्त भार को पृष्ठ घर्षण द्वारा अपने चारों ओर की मृदा पर स्थानांतरित करने वाली पाइल है। इसका प्रयोग तब किया जाता है जब कठोर आधार काफी गहराई तक प्राप्त नहीं होता।

**frog** **किश्ती/फ्रॉग**

ईंट की ऊपरी सतह पर एक गर्त होता है जिसे किश्ती कहते हैं। चिनाई करने पर मसाला इस गर्त में भर जाता है जो सूखने पर विभिन्न रद्दों की ईटों को अच्छी तरह बांधने में मदद करता है।

# G

**gable** **त्रयंकी**

कूट के सिरे के नीचे भित्ति का तिकोना ऊपरी भाग।

**gablet** **लघु त्रयंकी**

कूट के सिरे के नीचे भित्ति का छोटा तिकोना ऊपरी भाग छोटा त्रयंकी कहलाता है।

**gambrel roof** **गैमबरेल छत**

कुछ ऊंचाई तक पुट्ठेदार छत जिसका सिरा लघु त्रयंकी हो। इसको अर्द्ध पुट्ठेदार छत भी कहते हैं।

**gauge** **गेज (रेल पथ)**

रेल पथ की दोनों रेलों के आन्तरिक अथवा चालू फलकों के बीच की अबाध दूरी।

**gauging section** **प्रमापन परिच्छेद**

1. सरिता का स्थल जहां सुव्यवस्थित निस्सरण प्रेक्षण, द्रव की सतह का लेबल व अन्य घटकों का मापन किया जाता है। इस स्थल को प्रमापन स्थल भी कहते हैं।

2. सरिता के प्रवाह के समकोणित रेखा जिस पर वेग, गहराई व अन्य घटकों का मापन किया जाता है। इस रेखा को प्रमापन परिच्छेद कहते हैं।

**gauging station** **प्रमापन स्थल**

सरिता पर वह स्थल जहां निस्सरणं, द्रव की सतह का लेवल व अन्य घटकों का मापन किया जाता है ।

**general location plan** **सामान्य अवस्थापन अनुविक्षेप**

इमारत में विभिन्न स्थानों की स्थिति, उसका सामान्य निर्माण और उसके विशेष भागों और अवयवों की अवस्थिति और समन्वायोजन का विस्तार से विवरण ।

**general ventilation** **सामान्य संवातन**

औपचारिक संवातन अथवा अन्तः स्पंदन द्वारा बाहर से वायु की आपूर्ति।

**Ghorizon or gley horizon** **संस्तर या ग्ले संस्तर**

मृदा का वह संस्तर जिसमें पीला व भूरा कर्बुरण होता है। यह कर्बुरण आंतरायिक जलग्रस्त होने के कारण लोहे के आंशिक ऑक्सीकरण व अपचयन द्वारा उत्पन्न होता है। यह स्थिति अल्प अपवाहित मृदा के अंतर्गत होती है।

**glacial till** **हिमगोलाश्म मृत्तिका**

हिम चादर के पिघलने की अवधि में निक्षिप्त सामग्री द्वारा बनी मृदा.

**gneiss** **नाइस**

महाराष्ट्र, बंगाल, बिहार, आंध्र प्रदेश, मद्रास और मैसूर व गुजरात में पाई जाने वाली एक कायांतरित शैल जिसका घनत्व 2.69 व संपीडन सामर्थ्य 2 कि० ग्रा० प्रति वर्ग से० मी० है। अपने स्तरित संघटन के कारण इसको आसानी से पटियों में विभाजित किया जा सकता है जिसका उपयोग कुट्टिम निर्माण और पत्थर चिनाई म होता है ।

**goods yard** **माल यार्ड**

इस यार्ड की व्यवस्था माल के लदान तथा उतारने के लिये की जाती है। माल को चढ़ाने तथा उतारने के लिये प्लेटफार्मों की व्यवस्था की जाती है। संग्रहण के लिये माल गोदामों की व्यवस्था की जाती है। इसके अतिरिक्त वैगन-संग्रहण के लिए पृथक माल साइडिगों की भी व्यवस्था की जाती है ।

**gradient resistance** **प्रवणता प्रतिरोध**

प्रवणता प्रतिरोध चढ़ाई के लिये आवश्यक अतिरिक्त कर्षण, जिसका मान होता है जहां W = भार व $\theta$ = ढाल का कोण होता है ।

**granite** **ग्रेनाइट**

अजमेर, झांसी, जबलपुर, डलहौजी, कांगड़ा, मैसूर, बंगलूर, नीलगिरि, सिकन्दराबाद, और गुजरात में पाए जाने वाली एक 2.64 से 2.75 घनत्व व 770 से 1300 कि० ग्रा० प्रति वर्ग से० मी० संदलन सामर्थ्य वाली कठोर टिकाऊ मजबूत अनास्तरिक शैल जिसका रंग उसमें विद्यमान फैल्सपार के रंग के अनुसार धूसर, काला अथवा भूरा होता है । इसका उपयोग विशेषकर सेतुओं, प्रस्तम्भों अत्याधारों, प्रकाश स्तम्भों और नदियों पर बनाए जाने वाले वियरों और वैरजों जैसे विशेष निर्माण कार्यों में होता है हालांकि जिन इलाकों में यह पाया जाता है वहां भवन निर्माण में भी कूरसी लेवल तक इसका उपयोग किया जाता है । सूक्ष्मकणिक ग्रेनाइट पर पॉलिश भी की जा सकती है ।

**granular structure** **दानेदार संरचना**

मृदा दानों में संगठित संरचना ।

**granulation** **कणनन**

कणों के स्थायित्व की प्रक्रिया से अनुगत ऊर्णन के परिणामस्वरूप मृदा के अन्दर ही कणों का पिंडों के रूप में दृढ़ीकरण जैसे कण, समुच्चय या पुंज ।

**granule** **दाना**

विभिन्न आमापों के खनिज कणों का एक गोल सरंध्र पिंड जो ह्यूमस के साथ विषमांग रूप से अंतःकीर्ण है ।

**gravitational water or free water** **गुरूत्व जल या मुक्त जल**

वह जल जो गुरुत्व के प्रभाव से मृदा के पार निकल जाता है ।

**gravitational yard** **मार्शलिंग गुरुत्वीय यार्ड**

ऐसा मार्शलिंग यार्ड जिसमें वैगन गुरुत्व-क्रिया से स्वतः संचालित होती हैं

**great soil group** **बृहत् मृदा समूह**

एक या एक से अधिक परिवार की मृदाओं के समूह जिनके आन्तरिक मृदा अभिलक्षण एक जैसे हों।

**grillage foundation** **झंझरी/ग्रिलेज नींव**

एक विशेष प्रकार का पाद जिसमें कड़ियों के दो या बहुस्तरीय जाल द्वारा अधिरचना के भार को नीचे की मृदा के बड़े क्षेत्रफल पर वितरित किया जाता है। साधारणतः यहे कड़ियों का जाल एक स्लैब के रूप में बनाया जाता है।

**ground hand moulding** **भूहस्त पथाई**

जब मृत्तिका उत्पादों की पथाई धरातल पर हाथ से की जाए और सांचाकार पथाई के दौरान अपना स्थान बदलता रहे।

**grouped dock** **समूहित गोदी**

यदि गोदियां एक श्रृंखला के रूप में इस प्रकार बनी हों कि एक गोदी दूसरी गोदी में उनमें से बने मार्ग द्वारा आवागमन संभव हो तब उन्हें समूहित गोदी कहते हैं।

**group housing** **सामूहिक आवासन**

एक से अधिक आवासीय यूनिट के लिये सामूहिक या बहुमंजिली ईमारतें जिनकी जमीन साझे की हो (जैसा कि सहकारी समितियों या स्थानीय प्राधिकरणों या आवास परिषदों इत्यादि जैसे सार्वजनिक अभिकरणों में होता है) और जिनका निर्माण किसी एक ही अभिकरण या प्राधिकरण द्वारा किया जाए।

**guest room** **अतिथि कक्ष**

कार्यालय की तरह घर के अन्य कमरों से अलग, सामान्यतः 3 मी० × 3.6 मी० आकार का स्नानागार व शौच कुण्ड से युक्त सामान्यतः सामने के बरामदे के एक तरफ अतिथियों के लिये बना एक कमरा। इस कमरे में आने जाने का रास्ता, बरामदे अथवा प्रतीक्षा कक्ष (लॉबी) में से होना आवश्यक है।

**gutter** **नाली**

किसी भी प्रकार की छत की पानी की छोटी वाहिका।

**gutter bearer** **नाली धारक**

प्रत्येक बत्ताधारक पर कील से ठुका धारक जिस पर नाली टिकी हो।

**gutter check** **नाली रोधक**

नाली के अन्त पर लगा उर्ध्वाधिर रोधक।

# H

**hammer dressing** **हथौड़ा गढ़ाई**

कत्तल खण्डक से पत्थर की रुक्ष घुटाई।

**harbour** **पोताश्रय**

समुद्रतट का ऐसा संरक्षित क्षेत्र जिसमें से पानी के जहाज समुद्र से जमीन तक पहुँच सकें जहां उन्हें आश्रय दिया जा सके, सामान लादा व उतारा जा सके व यात्री जहाजों पर चढ़ व उतर सकें और जहां जहाजों का निर्माण करके उन्हें पानी में उतारा जा सके।

**harbour of refuge** **आश्रय देने वाले पोताश्रय**

ऐसे पोताश्रय जिनका मुख्य कार्य तूफान आदि में फंसे या निरपयोग्य जहाजों को आश्रय देना हो। अब संसार में ऐसे पोताश्रय बहुत ही कम संख्या में शेष हैं।

**hard pan** **कठोर तल**

एक ऐसा शैल समूह जो कैल्सियम कार्बोनेट या सिलिका जैसे घुले हुए पदार्थों के, किन्हीं गहराइयों विशेष कर वर्षों अवक्षेपण के फलस्वरूप बना हो।

**header** **तोड़ा/हैडर**

चिनाई में प्रयोग की गई ईंट या पत्थर जिसकी लम्बाई कार्य-फलक के लम्बवत हो।

**header bond** **तोड़ा/हैडर चाल**

इस चाल में केवल हैडर ईंटों का ही प्रयोग किया जाता है। अत: हर रद्दे की ईंटों की लम्बी सतह दीवार की लम्बाई के लम्बवत रखी जाती है। यह चाल का

प्राय: वक्र सतह, जैसे कूप, में प्रयोग किया जाता है। नींव में भी इसका प्रयोग किया जाता है।

**header course** **तोड़ा रद्दा**

चिनाई के जिस रद्दे में सभी ईंट या पत्थर तोड़ा रूप में प्रयोग किए जाएं उस रद्दे को तोड़ा रद्दा कहते हैं।

**head gate structure** **मुख फाटक संरचना**

1. मुख नियंत्रक का वह भाग जिसमें नियंत्रक फाटक लगे होते हैं।

2. कभी-कभी मुख नियंत्रक को मुख फाटक संरचना भी कह देते हैं।

**head of canal** **नहर का शीर्ष**

जिस स्थल पर किसी जलाशय, नदी अथवा मूल नहर से जल किसी नहर में प्रवेश करता है उसको नहर का शीर्ष कहते है।

**head regulater** **मुख नियंत्रक**

जल प्रदाय के नियंत्रण और कचरा व मलबा आदि रोकने के लिये मुक्त पृष्ठ वाहिका के अन्तर्ग्राही सिरे पर बनी एक संरचना।

**herring bone bond** **लहरिया चाल**

इस प्रकार की चाल में ईंटों की चाल का झुकाव मध्य की ओर होता है। अत: मध्य में ईंटों का झुकाव दोनों ओर समान रूप से वितरित दिशा में होता है। ईंटों का फर्श बनाने में प्राय: इस चाल का प्रयोग किया जाता है।

**hearting** **भरत**

दीवार के मोहरा तथा पीट के आंतरिक भाग को भरत कहा जाता है।

**heat of wetting** **सिक्तन ऊष्मा**

शुष्क मृदा के गीली होने पर उत्पन्न ऊष्मा। यह प्रति ग्राम शुष्क मृदा की केलोरी में व्यक्त की जाती है।

**high alumina cement** **अक्षि-एल्यूमिना सीमेन्ट**

मुख्य रूप से बॉक्साइट और चूनाश्म से बना ऐसा सीमेन्ट जिसकी सामर्थ्य तुरन्त कठोरीकरण के कारण एक दिन में ही इतनी हो जाए जितनी आमतौर से साधारण पोर्टलैंड सीमेन्ट की अट्टाईस दिन में हो पाती है और समुद्र के जल व सल्फेट युक्त मृदा से कोई रासायनिक क्रिया भी न हो। ईंट के चूर्ण के साथ मिलाकर इससे भट्टियों के लिये उत्चातापसह कंक्रीट तैयार की जाती है।

**hip** **पुट्ठा**

दो छतों के ढाल के प्रतिच्छेद के बीच आनत कूट जिसका बाह्य कोण 180° से अधिक होता है।

**hip capping** **पुट्ठा मुंडेरी**

पुट्ठे पर संरक्षक आच्छादन।

**hipped end** **कूट सिरा**

छत का सामान्यत: तिकोना पृष्ठ जो पार्श्व में पुट्ठों से व नीचे ओलती से परिबद्ध हो।

**hood** **छत्रक**

कंक्रीट, लकड़ी, एसबसटॉस शीट अथवा टिन आदि का बना एक छज्जा जो सामान्यत: किसी भवन के दरवाजों और खिड़कियों पर पानी की बौछार व सीधी धूप आदि को रोकने के लिए बनाया जाता है।

**hood moulding** **गढ़ा छत्रक**

रोशनदान, खिड़की अथवा दरवाजों के ऊपर लगे, गढ़े हुए निपात पत्थर को प्राय: गढ़ा-छत्रक कहते हैं।

**hook's law** **हुक का नियम**

1660 में रॉबर्ट हुक द्वारा बताए गए इस नियम के अनुसार प्रत्यास्थता सीमा के अन्दर किसी ठोस पिंड में प्रतिबल विकृति के समानुपाती होता है।

**hoop iron** **पत्ती लोहा**

लगभग 16 मि० मी० मोटी और 45 मि० मी० तक चौड़ी लोहे की पत्ती जिसका प्रयोग निर्माण कार्य में ईंट की चिनाई को बांधे रखने के लिये किया जाता है जो अन्यथा कमजोर पड़ सकती है।

**horizon** **संस्तर/होराइजन**

मृदा रचना प्रक्रियाओं द्वारा बनी विभिन्न लक्षणों को मृदा परतें।

**humidification** **आद्रीकरण**

प्रक्रम जिसके द्वारा किसी इमारत में निरपेक्ष आद्रता बाहर की वायु से या प्राकृतिक मात्रा से अधिक स्तर पर बनाए रखी जाती है।

**humidity, absolute** **निरपेक्ष आद्रता**

प्रति घन आयतन में पानी की वाष्प का भार।

**humidity, relative** **आपेक्षिक आद्रता**

एक ही तापक्रम पर पानी की वाष्प के वास्तविक व संतृप्त आंशिक दाब का अनुपात।

**hump yard** **हम्प यार्ड**

हम्प यार्ड भी एक प्रकार का गुरुत्वीय यार्ड होता है, जिसमें ट्रेनों को हम्प पर ढकेल कर चढ़ाया जाता है। यह हम्प साइडिंगों के प्रवेश स्थान पर होता है। वैगनें गुरुत्व क्रिया से हम्प के अनुढाल पर लुढ़कते हुए साइडिंगों में चली जाती हैं।

**hydraulic pressure** **द्रवचालित दाब**

एक विशाल रैम जिसके पृष्ठ पर वह तरल सक्रिय होता है, जो एक छोटे रैम के सम्पर्क में होता है।

तरल दाब बढ़ाने के लिये छोटे रैम को आगे पीछे किया जाता है जिससे विशाल रैम पर अत्यधिक दबाव पड़ता है।

इसका मूल उदाहरण ब्रमाह् प्रैस थी। इसके आधुनिक औद्योगिक कार्यों में बहुत से काम आते हैं, जैसे कि सरेस लगाने के पश्चात् प्लाईवुड को शिकंजे में कसना।

**hydration** **जलयोजन**

रासायनिक प्रक्रिया जिसमें जल या जल के अवयव के साथ सयोजन होता है।

**hydrolysis** **जल अपघटन**

किसी यौगिक की जल के साथ अंत: क्रिया जिसके परिणामस्वरूप यौगिक क्षारीय या अम्लीय या दोनों में खंडित हो जाता है।

**hydrolytic acidity** **चल अपघटनी अम्लता**

सबल क्षार और दुर्बल अम्ल के किसी लवण घोल से उपचारित मृदा मिलाने से उत्पन्न अम्लता।

**hydromorphic soil** **जलकृत मृदा**

प्रचुर जल की अधिकांश उपस्थिति में या किसी भी समय विकसित मृदा।

**hydrophilic colloid** **जलरागी कोलाइड**

कोलाइड जो जल के साथ तुरन्त घोल बनाता है।

**hydrophobic colloid** **जलविरागी कोलाइड**

कोलाइड के जल के साथ कठिनाई से घोल बनाता है।

**hydrostatic pressure ratio** **स्थिरद्रवीय दाब अनुपात**

मृदा के सक्रिय दाब की घटनाओं में उर्ध्वाधिर तल पर मृदा के दाब के व उसी बिंदु पर उतने ही धनत्व वाले तरल पदार्थ के दाब का अनुपात। इसको सक्रिय मृदा दाब का रैनकाइन गुणांक कहते हैं।

**hygroscaptic coefficient** **आद्रताग्राही गुणांक**

अपने शुष्क भार के प्रतिशत के रूप में निरूपित जल की वह मात्रा जिसको शुष्क मृदा संतृप्त वायु में से किसी निश्चित तापमान पर अवशोषित करे।

**hygroscopic moisture** **आद्रताग्राही नमी**

वायु शुष्क मृदा में नमी जो उसको $105^{\circ}$ सें० तक गर्म करने से वाष्पित हो जाती है।

**hydroscopicity** **आर्द्रताग्राहिता**

1. आर्द्रता के अवशोषण और प्रतिधारणा का गुणधर्म

2. कमरे के तापमान (लगभग $10^\circ$ सें०) पर गंधक के अम्ल के 10 प्रतिशत घोल के ऊपर विद्यमान संसीमित स्थान में शुष्क मृदा द्वार अवशोषित जल की मात्रा जिसको शुष्क मृदा के भार के प्रतिशत में व्यक्त किया जाता है।

**hygroscopic moisture** **आर्द्रताग्राही नमी**

वायुमंडलीय जल वाष्प के साथ साम्यावस्था में मृदा कणों की सतह पर अवशोषित वातनमंडलीय जल। गुरुत्व या केशिका बलों की क्रिया द्वारा इस जल का संचलन नहीं हो सकता और इसको ऊष्मा द्वारा ही निकाला जा सकता है।

**hyperbaric chamber** **हाईपरबैरिक कक्ष**

आर्द्र वेल्डन के प्रारम्भ तक अधोजल पाइप लाइन को वेल्डिंग करके सुधारने की प्रक्रिया में प्रयुक्त निमज्जन पात्र जैसी ऐसी युक्ति जिसमें मनुष्य जल के अन्दर भी सांस ले सके।

**hyperstatic frame** **अपेक्षाधिक ढांचा**

परिपूर्ण ढांचे के लिये आवश्यक अवयवों से अधिक अवयवों वाला अत्यधिक दृढ़ ढांचा जिसको परिपूर्ण बनाने के लिये किसी एक या अधिक अवयवों अथवा दृढ संधि को हटाना पड़े।

**hypsometer** **जलक्वथांनकमापी**

तापमापी के अंशांकन अथवा ऊंचाई नापने के लिये वायुदाब का मान ज्ञात करने में प्रयुक्त उपकरण जिसमें पानी उबालकर क्वथनांक नापा जाता है।

## I

**illumination** **प्रदीप्ति**

किसी पृष्ठ के इकाई क्षेत्रफल पर आपातित ज्योति फलक्स जिसकी इकाईयाँ "लक्स" अथवा एक ल्यूमन प्रति वर्ग मीटर व "फगोट" अथवा एक ल्यूमन प्रति वर्ग सेंटीमीटर है।

**imbibation moisture** **अंतःशोषणी आर्द्रता**

मृदा कोलाइडी सामग्री से संबंधित आर्द्रता।

**immature soil** **अपूर्ण परिणत मृदा**

मृदा जिसमें पूर्ण विकसित परिच्छेदिका की कमी है ।

**impounded dock** **अवरुद्ध गोदी**

अवरुद्ध गोदी वह है जिसमें जल स्तर ज्वार के कारण समुद्री उच्च तल की अपेक्षा पम्पों की सहायता से अधिक ऊंचे स्तर पर बनाए रखा जाता है।

**increment of land revenue** **भू आय वृद्धि**

सिंचाई प्रदाय होने के कारण, वर्ष में बढ़े हुए कृषकों के लाभ पर आधारित उनके द्वारा सरकार को देय भू-आय में प्रभार की वृद्धि।

यह वृद्धि शुरु में "जल लाभ दर" और "नहर लाभ दर" के रूप में की जाती है और नहर बन जाने के बाद निपटारा करते समय इसको भू-आय में ही मिला देते हैं।

**independent scaffold** **स्वतंत्र पाड़**

निर्माणाधीन संरचना हेतु स्तम्भों की दो कतारों पर टिका पाड़। एक एकैक घटक अथवा एकल ढांचे की प्रकार का हो सकता है।

**indurated** **कठोरीकृत**

सीमेंटित, कठोरित या शैल, समाना मृदा जो गोली होने पर मुलायम न हो।

**initial prestress** **प्रारम्भिक पूर्व प्रतिबल**

अन्तरण के समय कंक्रीट में पूर्व प्रतिबल।

**initial tension** **प्रारम्भिक तनाव**

प्रतिबलन प्रक्रिया के समय पूर्व प्रतिबलित कंडरा में उत्पन्न अधिकतम प्रतिबल।

**inland waterway port** — **अन्तर्देशी जलमार्ग पत्तन**

यान संचालन योग्य नदियों, नहरों व अन्तर्देशी जल तंत्र पर स्थित पत्तन, उदाहरणार्थ समुद्र तट से लगभग 200 कि० मी० दूर हुगली के किनारे कलकत्ते का बन्दरगाह।

**insulating board** — **विसंवाहन पट्ट**

निर्माण फलक, पलस्तर, फलक, तौलि फलक, अन्त: फलक आदि रूपों में, ध्वनि विस्तारक कमरों में, रेडियो स्टेशनों में विशाल हालों में रगमंच हाल आदि में प्रयुक्त अत्यधिक संख्या में छोटी-छोटी स्थिर वायु वरिमा या कोटर वाले तन्तु पट्ट जो ऊष्मारोधी तथा ध्वनिरोधी होते हैं क्योंकि स्थिर वायु ताप तथा ध्वनि की कुचालक है।

**intermediate port** — **मध्यवर्ती पत्तन**

ऐसा पत्तन जिस पर 1,500 टन से 1,00,000 टन माल का वार्षिक व्यापार होता हो या यात्रियों को दी गई विशेष सुविधाएं, सीमा शुल्क या नौसेना की आवश्यकताओं की पूर्ति जैसे कारणों से जिसकी विशेष महत्ता हो।

भारतवर्ष में बीस मध्यवर्ती पत्तन हैं।

**internal friction** — **आन्तरिक घर्षण**

मृदा प्रौद्योगिकी में एक दूसरे पर फिसलने के प्रति कणों का प्रतिरोध।

**intrazonal soil** — **अंतः क्षेत्रीय मृदा**

सुविकसित मृदा जिसकी आकरिकी से प्रदर्शित होताहै कि वह जलवायु और वनस्पति की अपेक्षा उच्चावचन के स्थानीय कारणों, मूल सामग्री या आयु से अधिक प्रभावित है।

**ion** — **आयन**

किसी गैस या घोल में आवेशित एक परमाणु या परमाणुओं का समूह। घोल में धन और ऋण आयनों की संख्या सदैव बराबर होती है।

**ion exchange** — **आयन विनिमय**

समान चिन्ह के आवेश वाले अन्य आयन द्वारा कोलाइडी तंत्र में किसी आयन का प्रतिस्थापन। धनायन विनिमय में धनावेशित आयन (धनायन) का पारस्परिक विनिमय और ऋणायन में अन्य ऋणायनचिह्न के आवेश वाले आयन ऋणायन का प्रतिस्थापन होता है।

**Iron pan** **लोह स्तर**

आयरन ऑक्साइड से सीमेंटित प्राय: बालू की सतह ।

**irrigated land** **सिंचित भूमि**

प्राकृतिक अथवा कृत्रिम रूप से जिस खेत में वनस्पति वृद्धि हेतु जल दिया जाता है उसे सिंचित भूमि कहते हैं ।

जल के प्राकृतिक स्रोत, वर्षा या नदी की बाढ़ का पानी आदि हैं। जल नलकूप अथवा बांध आदि बना कर सिंचाई की व्यवस्था की जाए तो इन स्रोतों को कृत्रिम स्रोत कहते हैं ।

**irrigation** **सिंचाई**

प्राकृतिक अथवा कृत्रिम रूप से वनस्पति वृद्धि हेतु मृदा में आवश्यक हितकारी जल-अनुप्रयोग ।

**irrigation cess** **सिंचाई उपकर**

उन क्षेत्रों में जहां सिंचाई जल की पूरे वर्ष या पर्याप्त वर्षा होने की स्थिति में आवश्यकता न हो और केवल जब आवश्यक हो तब केवल वर्षा न हो या विलम्ब से हो तथा किसी परियोजना से सिंचाई योग्य प्रति इकाई क्षेत्रफल पर वार्षिक प्रभार, जिसको सिंचाई उपकर कहते हैं, लगाया जाता है, सिंचाई के लिए जल वास्तव में लिया जाए अथवा नहीं ।

# J

**jamb** **पाखा**

किसी खुली जगह (खिड़की या द्वार आदि) के पार्श्व में भित्ति का खण्ड ।

**joggle** **गुज्झी**

एक पत्थर में खांचा व दूसरे पत्थर के किनारे उसके अनुकूल गुप्त वहिर्वेशन बना कर दोनों को फंसा कर एक दूसरे के साथ बांधने की चाबी ।

**joggle pin** **संधि पिन**

दो नलिकाओं के सिरों को लम्बाई में जोड़ने के लिए एक आन्तरिक आसंजन ।

**joule** **जूल**

एक न्यूटन के बल के विरुद्ध किया गया कार्य जबकि जिस बिन्दु पर बल लग रहा है उसका बल की दिशा में विस्थापन एक मीटर हो ।

**jumper** **जम्पर**

जब किसी पत्थर की ऊंचाई चिनाई में पास वाले पत्थर की ऊंचाई से अधिक होती है तो इस पत्थर को जम्पर अथवा राइजर कहते हैं ।

# K

**kilogram** **किलोग्राम**

मीटरी-पद्धति में मात्रा का मूल मात्रक जिसकी मात्रा अपने अधिकतम घनत्व वाले तापमान पर एक घन डैसीमीटर पानी की मात्रा के बराबर होती है ।

**kilogram force** **किलोग्राम बल**

किलोग्राम बल, बल की वह इकाई है जो एक किलोग्राम के पिंड में 9.80665 मीटर प्रति सैकिण्ड का त्वरण उत्पन्न कर देता है ।

**kilogram force meter** **किलोग्राम बल मीटर**

एक किलोग्राम बल के विरुद्ध किया गया कार्य जबकि जिस बिन्दु पर बल लग रहा है उसका बल की दिशा में विस्थापन एक मीटर हो ।

**kilowatt hour** **किलोवाट घण्टा**

1000 जूल प्रति सैकिण्ड की दर से ऊर्जा की एक घण्टे में खपत जो किसी 1000 वाट के बल्व को लगातार एक घण्टे तक जलाने से होती है ।

घरेलू बिजली की खपत की यह एकमात्र इकाई है और इसको बोर्ड ऑफ ट्रेड यूनिट या केवल यूनिट के नाम से जाना जाता है ।

**king closure** **नर डेली/किंग क्लोजर**

ऐसी ईंट जिससे त्रिभुजाकार टुकड़ा इस प्रकार काट कर निकाल दिया गया हो जिसकी लम्बवत भुजा की लम्बाई और चौड़ाई ईंट की आधी हो और ऊंचाई ईंट के ही बराबर हो ।

**kitchen** **रसोई**

भवन के किसी पृथक कक्ष, उसके पृष्ठ ब्लाक के एक कोने में अथवा किसी बरामदे या लाबी द्वारा पृथक, अन्य कमरों को घरों आदि से बचाने के लिए सर्वाधिक प्रबल पवन की विरुद्ध दिशा में स्थित, 3मी०, × 3 मी० अथवा 2.5 मी० × 3 मी० आमाप का एक चिमनी युक्त सुसंवातित कमरा जिसमें भोजन आदि बनाने की व्यवस्था हो। इसमें शैल्फ, अलमारियां, व एक 75 सें०मी० ऊंचा पाक मंच होता है।

# L

**laced column** **लेसित स्तम्भ**

तिरछी छड़ों से बद्ध कई अवयवों से निर्मित स्तम्भ।

**lagging** **वेष्ठन**

सुरंग, खाई आदि में पत्थर या मिट्टी आदि को गिरने से बचाने के लिए मुख्य टैंकों पर बिछी लकड़ी, तार की जाली, नालीदार लोहे की चादर इत्यादि।

**lamella roof** **लमेला छत**

नट बोल्ट से या अन्यथा हीरक प्रतिरुप में जुड़े, कंक्रीट, लकड़ी अथवा धातु के अवयवों से बना अधिक विस्तृति वाला चाप छद या गुम्बंद।

**laminar flow** **स्तरीय प्रवाह**

किसी वाहिका विशेष में किसी द्रव के बहाव की वह चाल जिससे नीचे सदा शांत प्रवाह ही हो और जिसके ऊपर प्रवाह चाहे शांत हो अथवा विक्षुब्ध हो।

**lamp hole** **दीपछिद्र**

मलक नल के ऊपर केन्द्रित ऊर्ध्वाधर ईषा जिससे इसमें से किसी एक दीप को नीचे रज्जु पर लटकाया जा सकता है। इसके पश्चात् मेनहोल के पास खड़ा कोई व्यक्ति यदि मलक नल में से दीप के ओर देखे तो वह यह देख सकता है कि बहाव में कोई अवरोध तो नहीं है या मलक नल में ही कोई दोष तो नहीं है।

**land accretion** **भूमि अभिवृद्धि**

समुद्र अथवा दलदल से भूमि प्राप्ति। इसकी सबसे सस्ती विधि, जो कि कई सौ साल पहले हॉलैण्ड में अपनाई गई थी, यह है कि साद निक्षेपण को बढ़ावा देने के लिए सरकंडे या अन्य समुद्रीय पौधों को बोया जाए। दूसरी विधि यह है कि निकर्षित मिट्टी या अन्य पदार्थ को एक परिबद्ध क्षेत्र में डालते जाएं और जल को पम्प द्वारा निष्कासित करें।

**land sliding** **भूस्खलन**

वर्षा अथवा किसी नई इमारत के कारण भार की वृद्धि से ढाल पर मृदा का नीचे की ओर धंसना।

**laterite** **लैटेराइट**

यह भूरे लाल रंग की एक कायांतरी पृष्ठ शैल है जो कि एक बलुई मृत्तिकाश्म है जिसमें आयरन ऑक्साइड प्रतिशतता अधिक होती है।

प्रयोग से पहले इसका संशोधन आवश्यक है। यह निर्माण कार्य में ऐसे स्थानों पर उपयुक्त है जहां इस पर जल क्रियाशील हो और भार अत्यधिक हो। इसको भवन निर्माण व सड़क की मिट्टी आदि बनाने के लिए भी प्रयोग किया जाता है।

**laterite soil** **लैटेराइट मृदा या लैटोसॉल**

मृदा का एक क्षेत्रीय समूह जिसमें सबसे ऊपर बहुत महीन जैव और जैव खनिज की परतें होती हैं जिसके नीचे लाल निक्षालित मृदा होती है और इस मृदा के नीचे काफी अधिक अपक्षीण मृदा रहती है। इसमें जलीय एलुमिना या आयरन ऑक्साइड या दोनों की प्रचुरता होती है और सिलिका की मात्रा बहुत कम होती है। प्रायः इसका रंग गहरा लाल होता है।

**law of large numbers** **बृहत संख्या सिद्धांत**

प्रतिदर्श की संख्या जितनी अधिक होगी उसके प्रतिदर्शों के औसत मान में और उपस्थिति की आवृत्ति प्राथमिकता में भिन्नता उतनी ही कम होगी। बृहत संख्या का सिद्धांत समकारी प्रभाव से अधिक अपने अभिभूतिक प्रभाव के कारण कार्य करता है। बृहत संख्या के सिद्धांत से एक, स्वतंत्र मापों की बड़ी संख्या का औसत मान अधिक

सही होगा और इसलिए उसकी विश्वस्तता किसी मात्रा, किसी एक माप अथवा कम संख्या के मापों के औसत मान से अधिक होगी ।

**layout plan** **अभिन्यास अनुविक्षप**

नगर के अनुविक्षेप या अन्य बड़े अनुविक्षेपों से स्थल कोपहचानने के लिए अनुविक्षेप ।

**ledger** **पाड़–ब्रेड़ा**

पाड़ और अनुदैर्घ्य रूप से बांधने वाली, क्षैतिज रूप से विस्तृत ट्यूब जो कड़ियों और अनुप्रस्थिकाओं के लिए आधार का काम करती हैं ।

**lime pan** **चूना तल**

कैल्शियम कार्बोनेट की मोटी परत ।

**lintel** **लिंटल**

द्वारा के खुले भाग के ऊपर चिनाई को स्थिर स्थिति में बनाए रखने अथवा ऊपर की चिनाई को टेकने के लिए खुले भाग को पाटने वाले अवयव को लिंटल कहते हैं । लिंटल समतल व क्षैतिज होते हैं । यह कंक्रीट, पत्थर अथवा लकड़ी इत्यादि का बनाया जाता है ।

**liquid limit** **द्रव सीमा**

आर्द्रतांश से संबंधित मृदा की अवस्था जब इसे आर्द्रतांश और भट्टी शुष्किना मृदा भार के प्रतिशतता के रूप में व्यक्त किया जाता है । उस दशा में विनिर्दिष्ट प्रकार से ठकठकाने पर मदा बह निकलती है ।

**live load** **चल भार**

यह गतिशील अथवा अस्थिर भार है । इसको अध्यारोपित भार भी कहते हैं । भवन में रखा फर्नीचर उसमें रहने वाले मनुष्यों, एकत्रित सामान इत्यादि के भार को ही चल भार कहते हैं । विभिन्न प्रयोजनों के लिए यह भिन्न-भिन्न लिया जाता है ।

**loam** **दुमट**

पृथक कणवर्गों का ऐसा मिश्रण जिसमें किसी एक कणवर्गों के समूह के अभिलक्षण प्रधान नहीं होते ।

**local exhaust ventilation** **स्थानीय निर्वात संवातन**

किसी निर्वात अनुप्रयुक्ति द्वारा निर्वात करके संवातन जैसे कि जहां दुषणकारक निकलते हों, उसके पास रखा एक पंखे या बिना पंखे वाला छत्रक जो दूषणकारकों का प्रभावी रूप से प्रग्रहण करके उनका नलों द्वारा खतरे से बाहर किसी स्थान पर निस्सरित करता हो ।

**loco yard** **लोको यार्ड**

रेल इंजनों की मरम्मत, सेवाई व उनको रखने के लिए जंक्शन स्टेशनों पर व्यवस्थित यार्ड जहां अपना दैनिक कार्य समाप्त करने के पश्चात् सभी इंजन भेजे जाते हैं और जहां ऐशपिट (राख गर्त) इस्पेक्शन-पिट (निरीक्षण गर्त) रिपेयर पिट (मरम्मत गर्त) टर्नटेबिल (भ्रमि पटल) कोयला भरण रिपेअर-शेड मरम्मत सेड इत्यादि की व्यवस्था हो ।

**loess** **लोएस**

सादमय मृत्तिका जिसमें स्तरण बहुत कम या न के बराबर होता है । हल्का रंग, महीन कण, कणों की तीक्ष्णता और मरन्ध्रता और संसजकता इसकी कुछ विशिष्टताएं हैं ।

**lower plastic limit** **निम्न सुघट्यता सीमा**

वह आर्द्रता जिस पर मृदा को विनिर्दिष्ट प्रकार से तार के रूप में कठिनाई से बेला जा सके ।

**low heat cement** **अल्प ऊष्मा सीमेंट**

बांध व अन्य अति विशाल स्थूल संरचनाओं के लिए सीमेंट को उपयुक्त बनाने के लिए अल्प ऊष्मा सीमेंट तैयार किया गया है । इसके रासायनिक घटकों का अनुपात ऐसा रखा गया है जिससे जलयोजन के कारण बहुत कम ऊष्मा उत्पन्न हो ।

इसके कठोरीकरण में साधारण सीमेंट से अधिक समय लगता है और इसका संसाधन बहुत अरसे तक करना पड़ता है ।

# M

**machine moulding** यांत्रिक पथाई

ऐसा प्रक्रम जिसमें मृत्तिका उत्पादों की आकृति हस्त पेंच निपीडक, नर्म मिट्टी पथाई मशीन, बहिर्वेधक या अर्द्ध शुष्क निपीडक, शुष्क निपीडक जैसे हस्त प्रचालित या विद्युत प्रचालित मशीनों द्वारा बनाई जाए ।

**macrostructure** स्थूल संरचना

मृदा संरचना जो संयोजन के परिणामस्वरूप खनिजीय सम्मिश्रों के समुच्चय को बड़े एककों में प्रदर्शित करता है ।

**main head regulator** प्रमुख शीर्ष नियंत्रक

एक पथांतर नहर के शीर्ष पर निर्मित एक शीर्ष नियंत्रक जिसको प्रायः प्रमुख शीर्ष नियंत्रक की वजाय शीर्ष नियंत्रक ही कह देते हैं ।

**main port** मुख्य पत्तन

ऐसा पत्तन जहां समुद्र में चलने वाल 4,000 मीटरी टन या अधिक के लिए पंजीकृत स्टीमर ठहर सकें और जिस पर कम से कम 5,000,000 टन माल का प्रति वर्ष व्यापार होता हो । भारत के मुख्य पतन कांडला, बम्बई, कोचीन, मद्रास, विशाखापट्नम और कलकत्ता हैं ।

**makeup air** पुनः पूर्तिवायु

किसी इमारत से निष्कासित वायु की पुनः पूर्ति करने के लिए बाहर से ली गई वायु ।

**mansard** मैनसर्ड

कूट के दोनों ओर ढाल वाली ऐसी छत जिसका अधिक ढलवां भाग ओलती से प्रारम्भ होकर कूट तक कम ढाल वाली छत के भाग को प्रतिच्छेदित करता है ।

दोनों ओर प्रवण छत के दोनों ढालों के बीच की संधि रेखा ।

**marshalling yard** **मार्शलिंग यार्ड**

जंक्शन पर आदान-छंटाई तथा प्रस्थान हेतु व्यवस्थित लगभग 160 से 240 किलोमीटर तक की दूरी पर अवस्थित यार्ड जिसमें विभिन्न दिशाओं में बुक किए जाने के लिए भिन्न-भिन्न लाइनों से आई, भरी तथा खाली माल वैगनों को अलग-अलग करके, उनकी छंटाई करके व उनको स्टेशन क्रमानुसार क्रमबद्ध करके अलग-अलग ट्रेनें बनाई जाती हैं ।

**masonary** **चिनाई**

ईंटों, पत्थरों इत्यादि का सुव्यवस्थित ढंग से स्थापन और मसालें से बंधन ताकि समस्त रचना एकीकृत इकाई का रूप ले ले और भार को स्थानान्तरित कर सके।

**maturing temperature** **परिपाक तापक्रम**

वह तापक्रम जिस पर भट्टी में मृत्तिका उत्पाद को पकाते समय उसकी यांत्रिक शक्ति और वांछित भौतिक गुण मानक विनिर्दिशों के अनुसार हो जाएं ।

**mazzanine floor** **मध्य तल**

किसी मंजिल की छत व फर्श के बीच बनी, नीचे पटाव वाली एक अतिरिक्त मंजिल, दीर्घा अथवा छज्जा ।

**mechanical analysis** **यांत्रिक विश्लेषण**

प्रभावी व्यास के अनुसार विभिन्न आकारों के कण समूहों में मृदा के यांत्रिक साधनों द्वारा पृथक्करण की एक विधि ।

**mechanical ventilation** **यांत्रिक संवातन**

धनात्मक संवातन अथवा निर्वात के कारण अन्दर का दबाव कम करके अन्तः स्यंदन द्वारा अथवा वास्तविक संवातन और वायु के निर्वात के संयोजन द्वारा बाहर की वायु से पूर्ति ।

**metric system** **मीटरी पद्धति**

सर्वप्रथम फ्रांस द्वारा और अब लगभग सभी देशों द्वारा अपनाई गई माप तोल की ऐसी पद्धति जिसमें मीटर को लम्बाई की मूल इकाई, किलोग्राम अथवा

मीटरी टन (इंजीनियरी) को भार की मूल इकाई व सैकिण्ड को समय की मूल इकाई माना गया है । इसको एम०के०एस० व एम०टी०एस० पद्धति कहते हैं ।

**microstructure** **सूक्ष्म संरचना**

मृदा संरचना जिसमें मृदा सामग्रियों के खनिजीय सम्मिश्र का प्रतिरूप एक निश्चित प्रकार की बनावट प्रदर्शित करता है ।

**milli equivalent** **मिली तुल्यांक**

किसी तुल्यांक का एक हज़ारवां भाग ।

**milliequivalent per litre** **मिली तुल्यांक प्रति लीटर**

एक लीटर घोल से किसी आयन या यौगिक का मिलितुल्यांक ।

**mineral** **खनिज**

एक निश्चित रासायनिक संघटन व अचर भौतिक लक्षणों वाला संमाग पदार्थ । भू-पर्पटी किसी एक खनिज या कई खनिज निक्षेपों के मिलावे से बनी है ।

**mineral soil** **खनिज मृदा**

मुख्यतः खनिज सामग्री से निर्मित मृदा ।

**minor port** **लघु पत्तन**

पत्तन तकनीकी समिति के अनुसार ऐसा पत्तन जिस पर 1,500 टन से कम माल का वार्षिक व्यापार होता हो और जिसकी किन्हीं अन्य कारणों, जैसे कि यात्री को दी जाने वाली सुविधाएं, सीमा शुल्क या नौ सेना की आवश्यकताओं की पूर्ति आदि से कोई विशेष महत्व न हो ।

भारत वर्ष में लगभग 225 लघु पत्तन हैं ।

**mitred closure** **कलमी डेली**

कलमी डेली ईंट को इस प्रकार काट कर बनाई जाती है कि ईंट का एक लम्बा किनारा ईंट की पूरी लम्बाई का बना रहता है, लेकिन दूसरा लम्बा किनारा ईंट की लम्बाई से कम हो जाता है । ढाल एक सार रखा जाता है ।

**mobile soil colloid** **जल मृदा कोलाइड**

पर्याप्त रूप से विकीर्ण मृदा कोलाइड जो रिसते हुए जल के साथ ही मृदा में चल सके।

**moisture content** **आर्द्रतांश**

आम तौर पर शुष्क भार के आधार पर व्यक्त मृदा में जल की प्रतिशतता। यदि इस आधार पर न हो तो आधार को व्यक्त करना चाहिए।

**moisture gradient** **आर्द्रता प्रवणता**

मृदा की आर्द्रतांश में गहराई के साथ परिवर्तन की दर।

**monolith** **मोनोलिथ/एकाश्म**

मृदा का एक स्तम्भ जो ढांचे में इस प्रकार परिवेष्ठित है या पैनल पर आरोहित है जिससे मृदा परिच्छेदिका अपने प्राकृतिक रूप में ही रहे।

**monorail** **मोनोरेल**

दो की बजाय केवल एक ही रेलपथ के प्रयोग को मोनोरेल कहते हैं। मोनोरेल संरचनाएं आधारित तथा निलम्बित दोनों ही प्रकार की हो सकती हैं।

# N

**national harbour council** **राष्ट्रीय पोताश्रय परिषद**

पत्तनों से संबंधित आम समस्याओं पर विचार-विमर्श के लिए सन् 1950 में केन्द्रीय व राज्य सरकारों, मुख्य पत्तन अधिकारियों और व्यापार, उद्योग व श्रमिक वर्ग के गैर-सरकारी प्रतिनिधियों से बना प्रधान मंच जिसको मुख्य कार्य लघु पत्तनों को विशेष रूप से विचार में रखते हुए पत्तनों के संमन्वित विकास पर केन्द्रीय व राज्य सरकारों को परामर्श देना है।

**natural bed** **प्राकृतिक तल**

अवसादी शैल में पाए जाने वाला स्तरण जल।

**natural finish** **प्राकृतिक परिष्कृति**

अपने प्राकृतिक रंग तक दहन किए गए अनास्तरित पृष्ठ वाले एकक जिनका वाह्य पृष्ठ चमकदार नहीं होता।

**natural harbour** **प्राकृतिक पोताश्रय**

ऐसा पोताश्रय जिसमें वांछित संरक्षण पूर्ण रूप से प्राकृतिक हो और केवल भरण घाट व प्रस्तम्भों का निर्माण करके पोताश्रय क्षेत्र व उपागम वाहिका का पंकोत्सरण करके उनको गहरा मात्र करना पड़े ।

**natural ventilation** **प्राकृतिक संवातन**

खिड़की या अन्य खुले स्थानों द्वारा, बाहर वायु की उपस्थिति और इमारत के अन्दर और बाहर के तापक्रम या/और वाष्प दाब के अन्तर से उत्पन्न संवहन प्रभाव के कारण बाहर से वायु की आपूर्ति ।

**naval harbour** **जल सेना पोताश्रय**

ऐसे पोताश्रय जो केवल जलसेना के जहाजों के लिए बनाए गए हों ।

**newton** **न्यूटन**

वह बल जिसको एक किलोग्राम द्रव्यमान वाले पिंड पर लगाने से उस पिंड में एक मीटर प्रति सैकिण्ड प्रति सैकिण्ड का त्वरण उत्पन्न हो जाए ।

**non uniform flow** **असम प्रवाह**

मुक्त पृष्ठ वाहिका में तरल प्रवाह जब वाहिका के प्रत्येक परिच्छेद पर प्रवाह की गहराई भिन्न हो ।

# O

**occupiers water rate** **उपभोक्ता जल दर**

वास्तव में सिंचित क्षेत्रफल पर वसूल की गई जल दर जो फसल या फसलों की प्रकृति, फसल द्वारा सामान्यतः आवश्यक जल की राशि, प्रदाय के समय जल की कमी या प्रचुरता और फसल के मूल्य पर निर्भर करती है ।

**oil paint** **तेल रंगलेप**

धात्वीय मूलांश, शोषक रंग, द्रव्य, अलसी का तेल तथा तारपीन को मिलाकर बने रंगलेप को तेल रंगलेप कहते हैं । इनमें माध्यम के रूप में तेल का उपयोग होता

है। यह अधिक टिकाऊ तथा अच्छे परिरक्षी होती हैं तथा सतहों पर अपारदर्शक परत बनाते हैं। जिसमें सतह के समस्त दोष छिप जाते हैं।

**oil well cement** **तेल कूप सीमेंट**

तेल कूप बनने में इस्पात की अस्तर नली और कूप की दीवार के बीच के रिक्त स्थान को भरने के लिये इस सीमेंट को विशेष रूप से बनाया गया है।

इसका कठोरीकरण धीरे-धीरे होता है जिससे रिक्त स्थान में भरा गया गारा नीचे तक पहुंच जाये हालांकि एक बार कठोरीकरण होने पर इसकी सामर्थ्य जल्दी जल्दी बढ़ती है और काफी ऊंचे तापमान पर भी यह स्थिर रहता है।

**open channel flow** **मुक्त पृष्ठ वाहिका प्रवाह**

ऐसा प्रवाह जिसमें किसी वाहिका में बहते हुए तरल की सतह पर केवल वायुमंडलीय दाब ही हो।

**optimum moisture** **अनुकूलतम आर्द्रता**

मृदा नमी की मात्रा जिस पर पौधे सामान्यतः सुविकसित होते हैं।

**organic soil** **जैव मृदा**

मृदा जिसमें कार्बनिक पदार्थ इतनी मात्रा में है जिससे मृदा के अभिलक्षण प्रभावित होते हैं।

**orientation** **अभिविन्यास**

प्रकृति के सभी साधनों जैसे, प्रकाश, वायु, प्रयोजन इत्यादि को ध्यान में रखते हुए भवन के अग्र भाग की दिशा का चुनाव करने की कला को अभिविन्यास कहते हैं।

**orthogonal** **लाम्बिक**

वह दो विचर अथवा रैखिक फलन जो सांख्यिकीयतः स्वतंत्र हैं।

**ortstein** **ओर्टस्टीन**

सोलम के निचले भाग में बना कठोर, असमान दृढ़िकृत बलुई पदार्थ जिसका रंग गहरे पीले से लगभग काले रंग तक होता है। यह पदार्थ प्रायः भौमजल पोडजोल की $B_2$ संस्तर और बलुई पोडजोल बनाता है।

**outer signal** **बाह्य सिगनल**

बाहरी सिगनल ब्लाक सेक्शन से स्टेशन यार्ड में ट्रेन प्रवेश के लिए संकेत होता है । यदि चेतावनी सिगनल उठा हुआ हो, तब ट्रेन को बाह्य सिगनल पार नहीं करना चाहिए चाहे वह उसी स्तंभ पर लगाया गया हो और चाहे वह चेतावनी सिगनल से पृथक स्टेशन की ओर लगाया गया हो ।

**oxidation** **ऑक्सीकरण**

कोई भी रासायनिक परिवर्तन जिसमें ऑक्सीजन या इसके रसायन तुल्य की मात्रा में वृद्धि हो । प्राविधिक रूप से रासायनिक परिवर्तन जिसमें धनात्मक संयोजकता में वृद्धि या ऋणात्मक संयोजकता में ह्रास होता है ।

# P

**pantry** **रसोई भण्डार**

सर्पी पट्ट वाली अलमारियों से युक्त मक्खी मच्छर प्रतिरोधी दरवाजे वाला 2.5 मी० × 3 मी० आमाप का भोजन कक्ष से संलग्न कमरा जिसमें तैयार भोजन, अचार, जैम, सॉस, मक्खन आदि रखा जाता है ।

**parapet** **मुंडेर**

किसी समतल/ढालू छत, छज्जे अथवा पुल के लिए सामने, पीछे और ऊपर से वायुमंडल में विवृत ठोस या वेधित रक्षक/उपांत भित्ति ।

**parapet wall** **मुंडेर दीवार**

भवन में रहने वालों को छत से गिरने से बचाने के लिए छत के ऊपर लगभग एक मीटर ऊंची दीवार बनाई जाती है जिसे मुंडेर दीवार कहते हैं । मुंडेर भवन की सुन्दरता भी बढ़ाती है ।

**parent material** **मूल सामग्री**

सामग्री जिससे मृदा और अवमृदा की विकास की परिकल्पना की जाती है ।

**pebble cast plaster** **बजरी प्लास्टर**

सीमेंट प्लास्टर जिसमें ऊपर से बजरी के दाने जड़े गए हों ।

**pedalfer** **पेडल्फर**

वे मृदा जिसकी परिच्छेदिका में एल्युमीनियम और आयरन ऑक्साइड संचयन का क्षेत्र विद्यमान है लेकिन जिसमें कार्बोनेट के संचयन का संस्तर नहीं है ।

**pedocal** **पेडोकल**

मृदा परिच्छेदिका में संचित कार्बोनेटों का संस्तर ।

**pedogenesis** **मृदा उत्पत्ति**

मूल सामग्री से मृदा की रचना ।

**pedology** **मृद रचना विज्ञान**

मृदा विज्ञान की एक शाखा जो मृदा के मूल, रचना ग्रौर उसके वितरण को नियमित करने वाले प्राकृतिक नियमों के स्पष्टीकरण से संबंधित है । मृदा रचना विज्ञान ग्रौर मृदा विज्ञान को एक ही नहीं समझना चाहिए, मृदा विज्ञान एक विस्तृत विषय है जिसके ग्रन्तर्गत मृदा ऊर्वरकता, मृदा भौतिकी, रसायन शास्त्र, ग्रौर मृदा जैविक या विशेष रूप से मृदाग्रों का भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र ग्रौर जैविकि ग्राते हैं ।

**pedosphere** **मृदा मंडल**

भूखंड का भाग जिसमें मृदा रचना की प्रक्रिया होती है ।

**penetrometer** **वेधनमापी**

मृदा के संरचनात्मक परिवर्तन को मापने की एक युक्ति ।

**pent roof** **छज्जा छत**

केवल एक ही ग्रोर प्रवणता वाली छत ।

**peptizing agent** **पाचक कर्मक**

वह सामग्री जो कोलाइडी विकीर्णन के निर्माण को प्रोत्साहित करती है ग्रौर निर्माण होने के पश्चात् स्थायित्व में सहयोग देती है ।

**period of analysis** **विश्लेषण अवधि**

वर्षों की परिमित ग्रवधि जिससे लाभ ग्रौर लागत की तुलना की जाती है ।

**perpend** **खड़ा जोड़**

दीवार के बाहरी तल पर एक छोड़ कर दूसरे रद्दे में एक दूसरे के ऊपर आने वाले ऊर्ध्वाधर जोड़ खड़े जोड़ कहलाते हैं ।

**persorption** **आशोषण**

दो पदार्थों का एक लगभग आण्विक मिश्रण बनने के साथ किसी ठोस द्वारा किसी गैस का अत्यधिक प्रभावी अवशोषण ।

**pier** **प्रस्तम्भ**

सेतु/पुल के मध्यवर्ती लम्बाग्र या टेक ।

**pilaster** **भित्ति स्तम्भ**

दीवार के साथ लगे चिनाई के ऊर्ध्वाधर स्तंभ को भित्ति स्तंभ कहा जाता है । ये डाट, धरन व लिंटल द्वारा उठाए गए भार को आलम्बित करने के लिए पत्थर या ईंटों की चिनाई के बनाए जाते हैं ।

**pitch** **ढाल/प्रवणता**

1. बत्ताधारक अथवा अध: संरचना पृष्ठ जिस पर छत आवरण बिछाया जाता है ।

2. विशिष्ट काचन में वह कोण जो काचन के विस्तार के पृष्ठ व क्षैतिज के बीच बनता है ।

**pitched roof** **ढालू छत**

छत जिसकी क्षैतिज से प्रवणता $10^\circ$ से अधिक हो ।

**plain concrete** **अप्रबलित कंक्रीट**

सीमेंट, पानी, रेत व मोट मिलावे का एक निश्चित अनुपात में मिश्रण जो कि पानी के अन्दर पत्थर की तरह कठोर हो जाता है ।

इसमें बंकन आदि के लिए मुख्य प्रबलन तो नहीं होता परन्तु कभी-कभी इसके आयतन का लगभग 0.6 प्रतिशत इस्पात प्रबलन इसको संकुचन और तापमान आदि के कारण चटकने से रोकने के लिए दिया जाता है ।

इसके अभिलक्षण व भौतिक गुण सीमेंट व रेत इत्यादि की उत्कृष्टता, मिश्रण तैयार करने के ढंग व कंक्रीट वहन सामर्थ्य पर निर्भर हैं ।

**plane angle** **समतल कोण**

किसी समतल पर एक वृत्त की दो ऐसी त्रिज्याओं के बीच के केन्द्र पर बना एक कोण जो वृत्त की परिधि पर उसकी त्रिज्या की लम्बाई के ही बराबर एक चाप काटती हों ।

समतल कोण की अन्य इकाईयां डिग्री, मिनट व सैकण्ड हैं ।

**plain yard** **समतल यार्ड**

ऐसा मार्शलिंग यार्ड जिसका भू-तल मान प्रायः एक समान हो और वैगनों का संचालन इंजन के द्वारा ही करना पड़े ।

**plansol** **प्लानसॉल**

विकसित कठोर स्तरों वाली परिच्छेदिकाओं के लिए प्रयुक्त शब्द ।

**plastic consistency** **सुघट्यता संसक्ति**

तार के रूप में बेले जाने की मृदा की योग्यता ।

**plasticity** **पराप्रत्यास्थता**

प्रतिबल लगाने पर विदरण या भंजन के प्रति प्रतिरोध या विदरण के बिना विरूपण के प्रति सुग्राहिता ।

**plasticity index** **सुघट्यता सूचकांक**

आर्द्रतांश की प्रतिशतता जिसमें मृदा सुघट्य रहती है । इसे मृदा की द्रव और सुघट्य सीमा के सांख्यिक अन्तर से व्यक्त किया जाता है ।

**plasticity limit** **सुघट्यता सीमा**

आर्द्रतांश से संबधित मृदा की वह अवस्था जब विशीर्ण चिन्ह दिखे बिना ही इसको विनिर्दिष्ट व्यास के धागों में बेला जा सके । इसको आर्द्रतांश और भट्टी शुष्कित मृदा के भार के अनुपात के रूप में व्यक्त किया जाता है ।

**plasticity range** **सुघट्यता परिसर**

जलांश का परिसर जिसमें मृदा जल प्रणाली सुघट्य पदार्थ की भांति ग्राचरण करती है।

**platy structure** **पटली संरचना**

संरचना जिसमें समुच्चय की क्षैतिज विमा ऊर्ध्वाधर विमा से ग्रधिक होती है।

**plinth** **कुरसी**

भूतल एव भवन के फर्श तल के बीच वाली दीवारों के भाग को कुर्सी कहते हैं। कुर्सी के ऊपरी तल को कुर्सी तल कहते हैं। कुर्सी तल व फर्श तल एक ही होता है। ग्रन्तर केवल यह है कि वाहर से उसे कुर्सी तल व ग्रन्दर से फर्श तल कहते हैं।

**plough soil** **हल मृदा**

मृदा की परत जो हल चलने से दब जाती है।

**plum stone** **प्लम पत्थर**

चिनाई भित्ति के उत्तरोत्तर रद्दों के बीच बंधन बनाने के लिए भित्ति के ग्रन्त में स्थापित चुने हुए ऊर्ध्वाधर लम्बे पत्थर।

**podzole** **पाडजोल**

मृदा का एक क्षेत्रीय समूह जिसमें एक जैव ग्रास्तरण होता है ग्रौर एक बहुत ही महीन जैव खनिज परत होती है। यह परत धूसर निक्षालित परत के ऊपर होती है ग्रौर जिसके नीचे एक जलोढ़ गहरे भूरे रंग का संस्तर होता है।

**pointing** **टीप**

भित्ति निर्माण में पृष्ठ पर मसाले के जोड़ों की परिष्कृति।

**polygonal wall** **बहुकोणी दीवार**

इस प्रकार की चिनाई में बाहरी पृष्ठ पर प्रयोग किए जाने व.ले पत्थरों की गढ़ाई बहुकोण ग्राकार में होती है।

**pore space** **रंध्र अवकाश**

ठोस मृदा कणों द्वारा अनावृत सकल अवकाश ।

**port** **पत्तन**

किसी पत्तन व्यापार संघ, नगरपालिका अथवा प्रदेश के अधीन समुद्रतट का ऐसा क्षेत्र जिसमें पोताश्रय के अतिरिक्त तटीय नगर भाग सुविधाएं, रेलमार्ग, महामार्ग अन्तर्देशी जलमार्गों से संबंध तथा अन्य बहुत सी संपूरक सेवाएं भी उपलब्ध हों ।

**positive ventilation** **प्रभावी संवातन**

किसी यांत्रिक युक्ति जैसे कि पंखे द्वारा बाहर की वायु की आपूर्ति ।

**prairie soil** **प्रशाद्वल मृदा**

आर्द्र और शीतोष्ण क्षेत्रों में घास के नीचे विकसित मृदा जो चेनोर्जम से मिलती जुलती हैं लेकिन इसका पृष्ठ गहरा भूरा होता है । इसकी परिच्छेदिका सामान्यतः गठनात्मक होती है और इसमें सचित कैल्सियम कार्बोनेट का प्रमुख संस्तर नहीं होता ।

**precision** **परिशुद्धता**

माप की एक कोटि से सम्बद्ध गुण जो कि इस ओर संकेत करे कि पुनरावृत प्रक्षण आपस में किसी प्रकार समरूप होते हैं और किंचित संकीर्ण अर्थों में प्रेक्षण के विस्तार या उसके माप की ओर यह संकेत, कि प्रेक्षण के विस्तार का माध्य मान ठीक मान के लगभग बराबर है या नहीं ।

**primary particle** **प्राथमिक कण**

बालू, साद, मृत्तिका, इत्यादि के कण सदृश्य ।

**prismatic structure** **प्रिज्मीय संरचना**

प्रिज्म के आकार में ऊर्ध्वाधरतः दैर्धित समुच्चय वाली संरचना । जहां प्रिज्म ऊपर से गोल हो उन्हें "स्तम्भीय" कहते हैं ।

**productive work** **उत्पादक कार्य**

निर्माण कार्य जिससे नेट राजस्व, विकास अवधि के पश्चात इसके कार्य संचालन खर्च और पूंजी परिव्यय पर ब्याज शुल्क निकालने के लिए पर्याप्त है ।

**project justification** **परियोजना औचित्य समर्थन**

किसी परियोजना को शुरू करने के लिए औचित्य समर्थन वह है जो इंजीनियरी संभाव्यता और निम्नलिखित में से एक या अधिक को संतुष्ट करे ।

1. आर्थिक वित्तीय संभाव्यता 2. राजनीतिक विचार 3. रक्षा विचार 4. राष्ट्रीय दृष्टिकोण 5. क्षेत्रीय दृष्टिकोण ।

**Protective work** **संरक्षक कार्य**

किसी क्षेत्र को अकाल आदि की स्थिति से बचाए रखने के विचार से किया गया आमतौर से एक अनुत्पादक कार्य ।

**pseudo-mycelium** **आभासी माइसीलियम**

कवक विस्तार की तरह कैल्सियम कार्बोनेट से बने धागे के आकार की रचना।

**puddle** **पडल**

भारी मृदा की दानेदार संरचना को नष्ट करना ।

**pugging** **रौंदना**

सांचों में डालने से पूर्व सुघट्य मृत्तिका को मृदु बनाने का प्रक्रम ।

**pumic** **झांवा**

निकलती हुई गैसों से बना लावे का फफोलेदार झाग । यह एक बहुत हल्की शैल है जो पानी के ऊपर तैर भी सकती है । झांवा प्रस्तर, हल्की कंक्रीट में मिलावे के रूप में व कंक्रीट के पृष्ठ को रगड़कर साफ करने के लिए प्रयोग किया जाता है ।

**puncheon** **थूनी**

बीच की ऐसा ऊर्ध्वाधर ट्यूब जो भूमि अथवा आधार पट्टिका पर न टिकी हो ।

**puppet** **पपेट**

लोएस में पाया जाने वाला छोटी गुड़िया के आकार का चूने का कंकड़ ।

**putlog** **कड़ी**

ईंटों की चिनाई में लगाने के लिए, पाड़ के बेड़े से निर्माणाधीन भवन की भित्ति तक विस्तृत, विशेष रूप से बनाए गए (जब चाहे निकाले जा सकने वाले) सिरे वाली ट्यूब या अन्य कोई अवयव ।

**putlog scaffold** **धारण पल्लियों का पाड़**

संरचना के भारवाहक घटकों के संयोजन में स्तम्भों की केवल एक कतार पर टिका पाड़ ।

# Q

**quantity surveyor** **मात्रा सर्वेक्षक**

इमारत के वित्तीय पक्ष का परामर्शदाता जो यथार्थ रूप से आवश्यक मात्राओं सहित वांछित सामग्री व अवयवों का वितरण देता है, इमारती ठेका तैयार करता है, उसका संचालन करता है और अन्त में ठेके का समापक लेखा तैयार करता है ।

**quarry sap** **खदान रस**

हाल ही में खदान से निकाले गए पत्थर में जल की मात्रा ।

**quay** **भित्ति घाट**

बंदरगाह का वह भाग जिसके किनारे जहाज लगाए जाते हैं और जिस पर रेल पथ और क्रेन पथ बनाए जाते हैं और जिस पर विभिन्न प्रकार के यांत्रिक उपकरणों का प्रचालन किया जाता है ।

**queen closure** **मादा डेली/क्वीन क्लोज़र**

जब ईंट को इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि इसकी लम्बाई तो पूरी ईंट के बराबर ही रहे परन्तु चौड़ाई आधी हो जाये तब इन दोनों विभाजित भागों को मादा डेली कहते हैं ।

**quoin** **कोनिया**

वह पत्थर या ईंट जो दीवार के कोने में प्रयोग किए जाते हैं, उन्ह कोनिया कहते हैं ।

# R

**raft foundation** **रैफ्ट बेड़ा नींव**

एक प्रकार की नींव जिसमें संरचना का समस्त भार संरचना के नीचे आपस में जुड़े स्लैब एवं धरन द्वारा मृदा पर वितरित किया जाता है। ऐसी नींव मृदा की भार धारण क्षमता के अधिरचना के भार की तुलना की स्थिति में बनाई जाती है।

**raker** **तिरछी टेक**

धरातल अथवा पास की सरचना पर टिकी एक तिरछी ट्यूब।

**raking** **रेकिंग**

दीवार जब एक ही दिन में पूरी लम्बाई में बनाना संभव न हो तो उसको इस प्रकार छोड़ दिया जाता है कि नीचे की ओर प्रत्येक रद्दा अपने ऊपर वाले रद्दे से कुछ बाहर की ओर निकला रहता है। इस प्रकार की चिनाई को रेकिंग कहते हैं।

**raking bond** **तिरछी चाल**

दीवारें जिनकी चौड़ाई दो ईंट या इससे कम होती है वह अनुदैर्ध्य सामर्थ्य में क्षीण होती है क्योंकि इनमें अनुप्रस्थ सामर्थ्य बढ़ाने के लिए मध्य में हैडर ईंटों का प्रयोग किया जाता है, अतः सामर्थ्य बढ़ाने के लिए दीवार में सामने और पिछली ईंटों के बीच की ईंट कुछ कोण पर लगाई जाती हैं।

**raking flashing** **नति जलरोधी झिल्ली**

सबसे ऊपर के किनारे की छत, आच्छादन के ऊपरी पृष्ठ के सामनान्तर चूड़ीदार काट में फंसे होने की स्थिति में आनत प्रतिच्छेद को ढकने के लिये प्रयुक्त जलरोधी झिल्ली।

**rapidly varying flow** **द्रुत परिवर्ती प्रवाह**

ऐसा प्रवाह जिसमें अपेक्षाकृत अल्प दूरी में ही गहराई या वेग में काफी परिवर्तन हो जाए।

**recoverable payment** **वसूलीयोग्य भुगतान**

किसी ठेकेदार को दी गई ऐसी धनराशि जो उसके द्वारा किये गए कार्य पर भुगतान न माना जाकर बाद में या तो नकद वापस ले ली जाये अथवा देय राशि में से काट ली जाये

**red earth** **लाल मिट्टी**

ऊष्ण प्रदेशीय प्रायः निक्षालित वह मृदा जो गहरी लाल, मृत्तिकामय होती है और जिसमें संयुक्त सिलिका की मात्रा कम रहती है।

**red loam** **लाल दुमट**

ऊष्ण प्रदेशीय मृदा जो सामान्यतः निक्षालित, गहरी लाल और भिदुर होती है और इसमें सिलिका की मात्रा कम होती है।

**regulator** **नियंत्रक/रेगुलेटर**

जल प्रदाय के नियंत्रण व नियमन और मूल नदी या मूल नहर से अन्य नहरों में आने वाले जल के नियंत्रण, नियमन और प्रवेश की व्यवस्था के लिए एक ऐसी संरचना जिसका निर्माण नहरों के उचित स्थलों अथवा नहरों के शीर्ष पर किया जाता है।

**regur or black cotton soil** **रेगर या काली कपासी मृदा**

गहरे रंग की प्रायः चूने वाली ऊष्ण कटिबन्धीय मृदा जो गीली होने पर फैलती है और सूखने पर फट जाती है।

**repayment contract** **वापस भुगतान ठेका**

जल उपभोग करने वाले संगठन या संघ और जल प्रदाय करने वाले प्राधिकरण या सरकारी निकाय के बीच एक ठेका जिसके द्वारा संघ अथवा संगठन को वर्तमान नियमों के अनुसार निर्धारित परियोजना की प्रतिपूर्ति योग्य निर्माण व अन्य लागत किश्तों में देनी होगी।

**residual shrinkage** **अवशिष्ट संकुचन**

जलह्रास और आयतन परिवर्तन के बीच समानुपात समाप्त होने पर आयतन में कमी।

**residual soil** **अवशिष्ट मृदा**

उस मूल सामग्री पर बैठी हुई मृदा जिसकी रचना मूल सामग्री से ही हुई है।

**reveal** **बाह्य पक्ष**

चौखट और उत्कोण के बीच के पक्ष का भाग ।

**reveal pin** **बाह्य पक्ष पिन**

आमने सामन के दो पृष्ठों के बीच बाह्य पक्ष बंधक को कसने के लिए आसंजन ।

**reveal tie** **बाह्य पक्ष बंधक**

आमने सामने के दो पृष्ठों के बीच के बाह्य पक्ष बंधक को कसने क लिए आसंजन ।

**ridge** **कूट**

विपरीत दिशाओं में आनत दो आरोही छतों के पृष्ठों का प्रतिच्छेदन ।

**ridge capping** **कूट मुंडेरी**

कूट पर संरक्षणात्मक आवरण ।

**river** **नदी**

प्राकृतिक मुक्त वाहिका म जल की धारा या प्राकृतिक मुक्त पष्ठ वाहिका जिसमें सरिता बहती हो

**road stead** **पोताश्रेय द्रोणी**

तट के निकटवर्ती ऐसे जल क्षेत्र जो आवश्यक रूप से परिवृत्त न हों परन्तु जिनका तल लंगर के लिये उपयुक्त स्थायी हो और जो गहरे समुद्र से किसी हद तक रक्षित हों ।

**rough plaster** **दानेदार प्लास्टर**

मोटे दानेयुक्त कक्ष पृष्ठ वाला सीमेंट प्लास्टर ।

**rubble** **ढोंका**

प्रकृति में पाए जाने वाले लगभग घन की आकृति के असमान पत्थरों का ढोंका कहते हैं ।

**rubble masonary** **ढोका चिनाई**

इस चिनाई में अधिकतर बिना गढ़ाई के पत्थरों का प्रयोग किया जाता है । कभी-कभी पत्थरों को केवल हथौड़े की मदद से लगभग उचित माप व आकार में तोड़ लिया जाता है । यह चिनाई उच्च स्तर की नहीं है ।

**rubble walling** **ढोंका भित्ति**

खदान से निकले अनियमित आकृति के या हथौड़े से गढ़े चौकोर पत्थरों की भित्ति जिसमें जोड़ अपेक्षाकृत मोटे होते हैं । ढोंका भित्ति के लिये जहां तक हो सके कोणीय पत्थर प्रयोग में लाए जाते हैं ।

**running measurement** **चालू मापन या मध्यवर्ती मापन**

ठेकेदार को चालू भुगतान के लिये और साथ ही साथ प्रगति देखने के लिये और किए गए कार्य का विवरण प्राप्त करने के लिये कार्य की प्रगति के समय की सामग्री, मात्रा, राशि व सर्विस का अंतरिम मापन । अंतिम मापन के समय चालू मापन का हिसाब रखा जाता है ।

# S

**safe bearing capacity** **सुरक्षी धारण क्षमता/अनुमेय धारण क्षमता**

अधिकतम भार जो मृदा प्रति इकाई क्षेत्र पर बिना अपरूपण विफलता के सह सकती है तथा उस पर निषदन अनुमेय सीमा में रहता है । डिजाइन में सदैव सुरक्षी धारण क्षमता ही प्रयोग की जाती है ।

**salt glaze** **लवण परिष्कृति**

जिन एकक के बाह्य पृष्ठ मृत्तिका के सिलिकेट की साधारण लवण तथा/अथवा अन्य उपयुक्त रसायन की वाष्प से ऊष्मारासायनिक क्रिया के फलस्वरूप चमकीले हों ।

**sample size** **प्रतिदर्श आमाप**

प्रतिदर्श की इकाईयों की संख्या जिनको प्रतिदर्श में शामिल किया जाना है ।

**sampling distribution** **प्रतिचयन वितरण**

किसी निर्धारित योजना के अनुसार चुना जा सकने वाला सभी संभव प्रतिदर्शों किसी प्रतिदर्शज अथवा प्रतिदर्शज समुच्चय का वितरण ।

**sampling error** **प्रतिचयन त्रुटि**

किसी समष्टिमान तथा उसके यादृच्छिक प्रतिदर्श से प्राप्त ग्राकलन का ग्रंतरांश जो केवल एक प्रतिचयित प्रेक्षित मान के कारण होता है। यह अंतरांश सदोष चयन, पूर्व ग्रह युक्त ग्रनुक्रिया या ग्राक्कलन से उत्पन्न त्रुटियों, प्रेक्षण तथा ग्रभिलेखन त्रुटियों ग्रादि से भिन्न है। एक ही साइज के सभी संभव प्रतिदर्शों में प्रतिचयन की त्रुटियों की समग्रता से प्रतिदर्शज का प्रतिचयन वितरण उत्पन्न होता है जिसका प्रयोग मूल मानों के ग्राक्कलन के लिये किया जाता है।

**sand** **बालू**

भिदुर शैल के दहन से या चट्टान के प्राकृतिक विघटन के परिणामस्वरूप बनी महीन दानेदार सामग्री जो केवल ग्रांखों की सहायता से ही स्पष्टतः पहचानी जाती है, इनका वर्गीकरण मृदा गठन ग्रौर मृदा कणवर्ग के ग्रनुसार किया गया है।

**sand finish** **बलुई परिष्कृति**

एकक जिनके बाह्य पृष्ठ बालू से ढके हों।

**sand hand moulding** **रेत हस्त पथाई**

हस्त पथाई का वह प्रक्रम जिसमें चकत्ता ग्रन्दर फेंकने से पूर्व सांचे को बारीक रेत से धूसित किया जाए।

**sanding** **बालू घर्षण**

सुखाने से पूर्व मृत्तिका उत्पाद के ऊपरी पृष्ठ पर बालू फूक कर उसको रुखा बनाने की प्रक्रिया।

**saturated soil** **संतृप्त मृदा**

मृदा जिसमें सारी रिक्ति जल से भरी है।

**saturated soil paste** **संतृप्त मृदा लेई**

मृदा ग्रौर जल का एक विशेष मिश्रण। संतृप्त होने पर यह प्रकाश परावर्तित करता है, पात्र को टेढ़ा करने पर यह धीरे-धीरे बहने लगता है ग्रौर संतृप्ति प्रतिशतता पर सब ही मृदाग्रों की लेई करनी पर से ग्रपने ग्राप सफाई से सरक सकती है।

**saturation extract** **संतृप्ति निष्कर्षण**

अपनी संतृप्ति प्रतिशतता पर मृदा से निष्कर्षित घोल ।

**saturation percentage** **संतृप्ति प्रतिशतता**

शुष्क भार के आधार पर व्यक्त संतृप्त मृदा लेई की नमी प्रतिशतता ।

**saucer dome** **शराविका गुम्मद**

शीशे या प्लास्टिक का बना एक ही खण्ड में निर्मित गुम्मद ।

**scaffold** **पाड़**

मकान बनाने या मरम्मत करने के लिये कारीगरों के खड़े होने का बाँस, बल्ली पट्टियों अथवा लोहे की पाइप आदि से बना मचान ।

**schist** **शिस्ट**

यह पत्थर नाइस की तरह होता है । यह एक शल्कित कायांतरी शैल है जिसके बारीक स्तरों के बीच खनिज पंक्तिबद्ध होते हैं, जिनमें अभरक प्रचुर मात्रा में पाया जाता है । इसको पतली-पतली अनियमित पट्टिकाओं में भजित किया जा सकता है । यह मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान व गुजरात में पाया जाता है ।

**sea port** **समुद्री अथवा महासागरीय पत्तन**

ऐसे पत्तन जो अक्सर खड़ियों के प्राकृतिक पोताश्रय में, ज्वारनद मुख और नदी के मुख में हों और प्राकृतिक संरक्षण न होने पर जिनमें पत्तन के जहाजों की सुरक्षा के लिये सरक्षण संरचना की गई हो ।

**secret gutter** **गुप्त वाहिका**

द्रोणी अथवा अंत्याधार पर बनी ऐसी अदृश्य वाहिका जिस पर स्लेट या खपरैल केवल 20 मि० मी० छोड़कर लगी हों ।

**second** **सेकन्ड**

सीसियम–133 के परमाणु के दो अति सूक्ष्मीय स्तरों के बीच होने वाले संक्रमण के संगत 9192631770 कालांक की अवधि ।

**sedimentation analysis** **सादन विश्लेषण**

तरल में सादन दर के आधार पर कणों को अलग करना।

**semi-artificial harbour** **सामि कृत्रिम पोताश्रय**

ऐसे पोताश्रय जिनमें प्राकृतिक संरक्षण केवल आंशिक रूप से होता है और पूर्ण संरक्षण के लिये संरचनाओं का निर्माण करना पड़ता है।

**semi tidal dock** **अर्द्ध-ज्वारीय गोदी**

वह गोदी जिसमें लॉक एवं गेट की सहायता से जल स्तर को ज्वार के साथ-साथ गिरने से रोका जाता है।

**senile** **जरावस्था**

कठोर स्तर बनने के कारण मृदा की सामर्थ्य उत्पादकता और पारगम्यता में ह्रास को दर्शाने वाली व्यवस्था के लिये प्रयुक्त एक सुस्पष्ट शब्द।

**shale** **शेल**

एक संपीड़ित और पटलित मृण्मय प्रस्तर जो स्लेट जितना कठोर नहीं है और जो शीघ्र पतली पतली पट्टिकाओं में विभंजित हो जाता है।

**sheet pile** **चादरी फाइल**

यह चौरस अवयव होते हैं जिनको किनारे से किनारा मिलाकर गाड़ा जाता है जिससे एक उर्ध्वाधर चादर बन जाती है। अनिवार्यतः यह एक प्रतिधारक संरचना है। इस चादर का मिट्टी का फैलाव और पानी का प्रवेश रोकने के लिये प्रयोग किया जाता है। चादरी पाइल कोई भार वाहक अवयव अथवा नींव नहीं है। यह प्रायः लकड़ी, स्टील व कंक्रीट के बनाए जाते हैं।

**shrinkage limit** **संकुचन सीमा**

मृदा के शुष्क भार के प्रतिशत के रूप में व्यक्त वह आर्द्रतांश जिस पर वाष्पन द्वारा और अधिक आर्द्रता क्षय के परिणामस्वरूप मृदा के आयतन में कोई कमी नहीं आती।

**shuttering** **तख्ताबन्दी**

केवल छत धरन व लिन्टल आदि की कंक्रीट अथवा प्रबलित कंक्रीट को जमने तक वांछित आकार में निर्बद्ध रखने के लिये लकड़ी के तख्तों अथवा लोहे की प्लेटों से बना ढूला अथवा ढूला बनने का प्रक्रम ।

**siallitic soil** **सिअलिटिक मृदा**

सिलिकामय मृत्तिका खनिज सहित मृदा ।

**sierozem** **सीरोजेम**

मृदाओं का एक क्षेत्रीय समूह जिसके पृष्ठ का रंग भूरा धूसर होता है और जिसका रंग नीचे की ओर धीरे-धीरे हल्का होता जाता है और अन्त में कार्बोनेट की परत होती है या कभी-कभी कठोर स्तर होता है। या शीतोष्ण से ठंडी और शुष्क जलवायु में मिश्रित झाड़ी वनस्पति के नीचे विकसित होती है।

**sill** **देहली या सिल**

द्वार के निचले क्षैजित भाग को देहली कहते हैं।

**silt** **साद**

अजैव कणीय महीन मृदा सामग्री जो मृदा गठन और मृदा कणवर्ग के अनुसार वर्गीकृत है । मृदा विज्ञान की अंतर्राष्ट्रीय समिति द्वारा स्वीकृत कणवर्ग के अनुसार साद के कणों का व्यास 0.20 से 0.002 मि० मी० तक होता है।

**single flemish bond** **इकहरी फ्लेमिश चाल**

इसमें दीवार के प्रत्येक रद्दे के वाह्य फलक में फ्लेमिश तथा आन्तरिक फलक में इंग्लिश चाल का प्रयोग किया जाता है ।

**single grained structure** **एकल कणीय संरचना**

मृदा की भौतिक अवस्था जिसमें मृदा कणों का किसी भी प्रकार का समुच्चय नहीं होता ।

**skeletal soil** **अधकचरी मृदा**

सुस्तरीय मृदा जिसका मृदा आकार स्पष्ट तौर पर अभिव्यक्त नहीं है और जिसमें शैल खण्डों के नवीन और अपूर्ण अपशीर्ण पिंड हैं।

**skirting** **अंचल**

उध्वाधिर पृष्ठ पर मुड़ा छत आच्छादन का एक भाग जिसका किसी खांचे में फंसना आवश्यक नहीं है।

**sleeper wall** **आधार भित्तियां**

सबसे निचले तल पर मुख्य भित्तियों के बीच, थोड़ी थोड़ी दूर पर, मध्यवर्ती टेक प्रदान करने के लिये बनी नीची भित्तियां।

**side gutter** **सर्पी वाहिका**

दिखाई देनें वाली अंत्याधार पर बनी वाहिका।

**slide rule** **परिकलन पट्टिका**

अपने साधारण रूप में यह एक ऐसी पटरी है जिसके मध्यस्थ एक सर्पी होती है। दोनों पर संगत प्रतिलघु गणकों सहित समरूप लघुगणकीय मापनी अशांकित होती हैं। इसका प्रयोग परिकलन में किया जाता है।

**slip dock** **सर्पण गोदी**

वह क्षेत्र जिससे जलयान रेलों द्वारा जल से आंशिक तौर पर बाहर निकाला जाता है और शेष जल बाहर निकाल दिया जाता है।

**smoniza** **स्मोनिटजा**

यूगोस्लाविया की काली या गहरी धूसर जलकृत मृदा को सामान्यतः बालें के ऊपर की केलकेरियस मृत्तिका से प्राप्त की जाती है। $Ca\ Co_3$ पृष्ठ से निक्षालित किया जाता है।

**soaking** **समतापकरण**

निर्देशित अवधि तक किसी मृत्तिका उत्पाद को परिपाक तापक्रम पर गर्म रखने की प्रक्रिया।

**soil association** **मृदा समवाय**

मृदाओं का समूह जिनकी प्राकृतिक जल निकास की मात्राएं मुख्यतः भिन्न हैं और अपेक्षाकृत एक समान मूल सामग्री भौगोलिक रूप में मिलते जुलते हैं।

**soil class** **मृदा वर्ग**

कण वर्ग के आपेक्षिक अनुपात पर आधारित मृदा का वर्गीकरण ।

**soil complex** **मृदा सम्मिश्र**

मृदा की श्रेणी, किस्में या प्रावस्थाओं का इस प्रकार समवाय जिसमें से प्रत्येक को अलग अलग पहचाना नहीं जा सकता ।

**soil consistency** **मृदा संसक्ति**

आपेक्षिक ससंजन और सुघट्यता अर्थात् पृथकता सरचनात्मक समुच्चयों के संदलन और संपूर्ण द्रव्यमान के निरूपण के प्रति उनका प्रतिरोध ।

**soil family** **मृदा परिवार**

मृदा शृंखला और वृहत समूह के बीच के मृदा समूह ।

**soil frame work** **मृदा सार**

असंगत पदार्थों को पूर्णत: निकालने के पश्चात् अवशिष्ट मृदा ।

**soil moisture** **मृदा नमी**

मृदा अंतर्गहित जल; इस जल की मात्रा ।

**soil moisture accretion** **मृदा नमी अभिवृद्धि**

अतःस्त्रवण का वह भाग जो मृदा नमी वाले मंडल में रहता है और जो भौमजल तल की ओर नीचे नहीं आता ।

**soil moisture deficit** **मृदा नमी न्यूनता**

पूर्ण रूप से विकास के लिये मृदा में प्रयुक्त जल की आवश्यक मात्रा ।

**soil morphology** **मृदाकारिकी**

मृदा का भौतिक संगठन जिसके अंतर्गत मृदा की विभिन्न परतों की बनावट संरचना, संरध्रता, एकरूपता रंग और उनकी गहराई तथा भूमि परिच्छेदिका में उनका विन्यास आता है ।

**soil particle** **मृदा कण**

मृदा रचना में प्रयुक्त प्राथमिक, द्वितीयक कण ।

**soil phase** **मृदा प्रावस्था**

उच्चावचन, पथरीलापन और अपरदन जैसे अभिलक्षणों पर आधारित मृदा वर्गीकरण की संयुक्त राष्ट्र की प्रणाली में किसी वर्ग या कोई उपवर्ग जो मृदा उपयोग और उसके प्रबन्ध के लिये महत्वपूर्ण है, लेकिन देसी पौधों के प्राकृतिक भूमि दृष्य के लिए महत्वपूर्ण नहीं हैं।

**soil profile** **मृदा परिच्छेदिका**

मृदा का उर्ध्वाधर परिच्छेद जिसमें सतह से लेकर मूल सामग्री तक मृदा की विभिन्न परतों का अनुक्रम प्रदर्शित है।

**soil reaction** **मृदा अभिक्रिया**

मान या शब्दों में व्यक्त मृदा की क्षारता या अम्लता की कोटि।

**soil separates** **मृदा कणवर्ग**

निश्चित आमाप सीमाओं वाले मृदा कणों के अनेक समूह।

**soil series** **मृदा श्रेणी**

एक ही मूल सामग्री से रचित मृदाओं के वह समूह जिसके संस्तर के विवेचक अभिलक्षण और मृदा परिच्छेदिका में संस्तरों का विन्यास समान है, केवल पृष्ठ मृदा की बनावट में अन्तर है।

**soil solution** **मृदा घोल**

किसी विशिष्ट आर्द्रता तनाव पर मृदा के साथ साम्यावस्था में विद्यमान जलीय घोल।

**soil structure** **मृदा संरचना**

समुच्चय में मृदा कणों का विन्यास जिससे विभिन्न स्वीकृति आकृति और आमाप के समुच्चय बनते हैं।

**soil texture** **मृदा गठन**

कणों के आमाप के आधार पर मृदा का अभिलक्षण।

**soil type** **मृदा प्रकार**

मृदाओं के वह समूह जिनके सस्तरों के विवेचक अभिलक्षण और उनका विन्यास एक ही है और एक ही प्रकार की मूल सामग्री से बने हैं। सयुंक्त राष्ट्र मृदा वर्गीकरण प्रणाली में यह निम्नतम इकाई है ।

**solum** **सोलम**

जलवायु और वनस्पति से प्रभावित पृथ्वी की पपड़ी का भाग ।

**sorption** **शोषण**

अधिशोषण, अवशोषण और आशोषण की प्रक्रिया को अभिव्यक्त करने के लिये एक शब्द ।

**spalls** **कत्तर**

पत्थर के वह छोटे-छोटे टुकड़े जिनका पत्थरों के मध्य रिक्त स्थानों को भरने के लिये प्रयोग किया जाता है, कत्तर कहलाते हैं ।

**specific ion effect** **विशिष्ट आयन प्रभाव**

अधः स्तर में विद्यमान लवण अंश का पौधों के विकास पर प्रभाव, जो अधः स्तर के परासरण गुण धर्म के कारण उत्पन्न नहीं होता ।

**squared coursed rubble masonary** **चौकोर रद्देदार ढोका चिनाई**

जैसे पत्थर बेरददेदार ढोका चिनाई में होते हैं वैसे ही इसमें प्रयोग किये जाते हैं परन्तु इसमें अन्तर यह है कि इसमें एक सी ऊँचाई के पत्थरों को अलग-अलग चुनकर एकत्रित कर लिया जाता है। भिन्न-भिन्न रद्दों की ऊँचाई भिन्न-भिन्न रहती है लेकिन एक ही रद्दे के सब पत्थरों की चिनाई एक समान रहती है ।

**Squared regular coursed rubble masonary** **नियमित चौकोर रद्दार ढोका चिनाई**

इस प्रकार की चिनाई में रद्दों की ऊँचाई समान होती है परन्तु उनमें प्रयोग किए गए पत्थरों की चौड़ाई भिन्न हो सकती है ।

**steady flow** **अपरिवर्ती प्रवाह**

ऐसा प्रवाह जिसमें तरल के किसी निश्चित बिंदु पर सदिश वेग का परिमाण व दिशा न बदले ।

**stepped flashing** **सोपानी जलरोधी झिल्ली**

आनत प्रतिच्छेद को ढकने के लिये प्रयुक्त जलरोधी झिल्ली जिसके ऊपरी किनारे की बनावट ऐसी हो कि वह एक के बाद एक चिनाई के रद्दों के ऊपर आती जाए और क्षैतिज जोड़ो से बंध सके ।

**stickiness** **चिपचिपापन**

गीली होने पर अन्य पदार्थों के साथ मृदा का आसजन गुण ।

**sticking point** **चिपकन बिंदु**

निम्नतम आर्द्रतांश जिस पर मृदा का चिपचिपापन सबसे अधिक स्पष्ट होता है ।

**stone** **पत्थर**

प्रकृति में पाई जाने वाली आग्नेय अवसादी व कायांतरित शैल से प्राप्त एक भवन निर्माण सामग्री जिसका अनन्तकाल से निर्माण कार्य में प्रयोग किया जा रहा है ।

**slop hand moulding** **गीली हस्थ पथाई**

हस्त पथाई का वह प्रक्रम जिसमें मृत्तिका को सांचे में फैंकने से पूर्व सांच को पानी में डुबो लिया जाए ।

**strap hinge** **पट्टक कब्जा**

किसी भारी द्वार अथवा फाटक के पृष्ठ पर पेंचों या काबलों से कसने के लिए एक लम्बी प्लेट वाला कब्जा ।

**straw board** **गत्ता**

ऊष्मारोधी/विद्युत रोधी के रूप में प्रयुक्त सम्पीड़ित तृण से बना मजबूत पट्टा जिसके पृष्ठ पर मोटा कागज या कोई एक पतला चिकना फलक लगा होता है।

**stream** **सरिता**

मुक्त पृष्ठ वाहिका में बहता हुआ द्रव ।

**stress** **प्रतिबल**

किसी पिंड को मूल आकार में संतुलित रखने के लिये बाह्य विकृतिकारक बल के विरुद्ध उत्पन्न, एक समान वितरित या असामन रूप से वितरित, आन्तरिक बल को प्रतिबल और इकाई क्षेत्र पर उत्पन्न बल को प्रतिबल की तीव्रता या केवल प्रतिबल कहते हैं ।

**stretcher** **पट्टी/स्ट्रैचर**

चिनाई में प्रयोग की गई ईंट या पत्थर जिसकी लम्बाई फलक के समानान्तर हो।

**stretcher bond** **पट्टी/स्ट्रैचर चाल**

इस प्रकार की चाल में सब ईंट स्ट्रेचर ही होती है। अतः प्रत्येक रद्दे की ईंटों की लम्बी सतह दीवार की लम्बाई के समानान्तर रखी जाती है। यह चाल प्रायः आधी ईंट मोटी दीवारों में प्रयोग की जाती है। विभाजक दीवारों में इसका प्रयोग किया जाता है ।

**stretcher course** **पट्टी रद्दा**

चिनाई के जिस रद्दे में सभी ईंट या पत्थर पट्टी क रूप में प्रयोग किए गए हों उसे पट्टी रद्दा कहते हैं ।

**string** **स्ट्रिंग**

पैड़ियों को संभालने वाली काष्ठ की पार्श्व पटरी।

**string course** **किंगरी रद्दा**

चिनाई का वह क्षैतिज रद्दा जो सामान्यतः प्रत्येक तल पर दीवार के बाहर निकला रहता है किंगरी रद्दा कहलाता है। वह रद्दा दीवार की पूरी लम्बाई में बाहर निकला रहता है। इसका मुख्य उद्देश्य वर्षा जल से दीवार के फलक को बचाना है। इससे भवन की सुन्दरता भी बढ़ती है।

**structure factor** **संरचना गुणांक**

पूर्ण प्रकीर्णन द्वारा प्राप्त कुल मृत्तिका और जल प्रकीर्णन द्वारा प्राप्त मृत्तिका के बीच के अन्तर का अनुपात जिसे पहले की प्रतिशतता के रूप में अभिव्यक्त किया जाता है ।

**structure index** **संरचना सूचक अंक**

मृदा गुण जिसे मापा जा सकता है और जिसका मूल्यांकन सांख्यिक मापक्रम पर किया जा सकता है और जो मृदा रचना से सबंधित है, जैसे समुच्चय स्थूल घनत्व, आर्द्रता प्रतिधारण और वेधनमापी बल ।

**stucco** **स्टुको**

अंतरश्छद व भित्ति आदि के पुनरुज्जीवन या उनकी सजावट में अधिकतर प्रयुक्त विशेप पलस्तर ।

**stud** **स्टड**

प्रकाष्ठ–विभाजन अथवा ढाँचे का ऊर्ध्वाधर अवयव ।

**stylobate** **आधार पीठ**

प्राचीन वास्तुकला में ऐसा चबूतरा जिस पर स्तम्भावलि आधारित हो ।

**sub soil** **अवमृदा**

मृदा का वह भाग जो सामान्यतः जुताई में प्रयोग होने वाली परत और उस परत तक के बीच होता है जहां तक पौधों की अधिकांश जड़े पहुँचती हैं ।

**sub structure** **अधः रचना**

कुर्सी तल से नीचे वाली संरचना के सम्पूर्ण भाग को अधः रचना कहते हैं। नींव अध रचना का भाग है ।

**summation curve** **संकलन वक्र**

निर्धारित व्यास से अधिक (या कम) व्यास वाले कणों के भार के अनुसार प्रतिशतता और व्यास के बीच आलेखित वक्र ।

**sun mica** **सनमाइका**

उत्तम रेजिनों से संसिक्त कागज की चादरों से निर्मित अत्यधिक टिकाऊ एवं दृढ़ , चिकना , तैयार परिरूपित, सजावटी पर्त या तख्ता जिसको भारतीय सनमाइका संस्था बनाती है। सनमाइका इस सस्था का ट्रेड मार्क है। इसी प्रकार के द्रव्यों का उत्पादन दूसरी कम्पनी अन्य नामों से करती है जैसे सनग्लोस, फोरमाइका व डेकोलम इत्यादि ।

**super structure** **अधिरचना/ऊपरी ढांचा**

कुर्सीतल के ऊपर संरचना के सम्पूर्ण भाग को अधिरचना कहते हैं। अधिरचना में दीवार, छत, फर्श स्तम्भ आदि आते हैं।

**surveyor** **सर्वेक्षक**

वह व्यक्ति जिसका कार्य सम्पत्ति का मूल्यांकन, प्रबंध या विकास करना और प्राकृतिक वस्तुओं/स्थलों या भवनों/इमारतों की पैमाइश करके उनकी रूप रेखा प्रस्तुत करना होता है।

**S-value** **S-मान**

ग्राम विनिमय (अवशोषक) सम्मिश्र में विनिमेय धातुक धनायन का का मिली-तुल्यांक।

**swag** **प्रठप्पा**

दोनों सिरों पर बंधे हुए और बीच में लटकते हुए फल, फूलों के आकार की अथवा बेल–बूटों की सजावटी माला की बन्दनवार।

**swan neck** **हंस ग्रीवा**

नलिकाओं में एक विशेष प्रकार का मोड़ जिससे वर्षा के पानी को इकट्ठा करके वापिस दीवार के पीछे जाने वाली नलिकाओं में प्रवाहित किया जाता है।

# T

**tabernacle** **मंडप**

1. तम्बू इत्यादि का बना अस्थाई अथवा चल मंडप जिसमें पूजा, पाठ किसी पर्व अथवा त्यौहार इत्यादि का आयोजन हो।
2. परम प्रसाद तत्वों के लिये वेदी के ऊपर बनी एक छोटी सी आलमारी अथवा ताक।

**table hand moulding** **मेज हस्त पथाई**

जहां ईंटों की हस्त पथाई मेज पर की जाए और फिर उनको प्रपट्टटिका पटलों की सहायता से उठा-उठा कर सुखाने के लिए धरातल पर लाया जाए।

**tanking** **टैंकन**

सामान्यतः एस्फॉल्ट से अधोगृह को जलसह बनाना ।

**tempietto** **टैम्पीटो**

सामान्यतः एक छोटा सा गोलाकार मन्दिर ।

**tempering** **मृदुकरण**

एक संभाग पिट्ठी बनाने के लिए मृत्तिका, जल और अन्य किसी संघटक के मिलाने की प्रक्रिया ।

**template** **टैमप्लेट**

धरन अथवा कैंची के सिरे जैसे स्थानों पर आने वाले संकेन्द्रित भार के कारण पड़ने वाले दाब को वितरित करने के लिये दीवार में चिनी गई पत्थर की पटिया ।

अथवा

संकेन्द्रित भार के वितरण के लिये भित्ति में संस्तरित एक पत्थर या कंक्रीट की चटिया ।

**template** **आकार पट्ट**

जस्त या किसी अन्य पदार्थ का काट कर बनाया गया सांचा जिसकी सहायता से पत्थर या लकड़ी आदि को उसी आकार में काटा जा सके ।

**tepidarium** **टेपीडेरियम**

साम्राज्यिक रोम के विशाल सार्वजनिक स्नान गृहों में तापने के लिये बने विश्राम कक्ष ।

**terracotta** **टैराकोटा**

सजावटी संरचना में प्रयुक्त ईंट से अधिक कठोर सांचों में पकाई गई मिट्टी ।

**terra rosa** **टैरारोसा**

भू–मध्यासागरीय जलवायु में चूने के पत्थर से बनी क्षारीय संतृप्त लाल मृत्तिका ।

**terrazzo** **टैराज़ो**

फर्श, सोपान व भित्ति के अस्तर में प्रयुक्त सफेद या रंगीन सीमेंट के आव्यूह में संगमर्मर के दाने व छीजन से बनी सामग्री जिसकी सतह पर पॉलिश कर दी गई हो।

**tetra style** **चतुरभिकल्पना**

एक ही पंक्ति में लगातार चार स्तंभों की रचना।

**threshold limit value** **प्रभाव सीमा मान**

वायु में संदूषणकारकों का सांद्रण जो इन दशाओं को निरूपित करता है जिनके अन्तर्गत यह माना जाता है कि लगभग सभी अधिभोक्ता दिन–ब–दिन बार-बार बिना किसी प्रतिकूल प्रभाव के अनावृत्त हो सकते हैं।

**throat** **कंठ**

सिल अथवा किसी अन्य अप्रेक्षण के नीचे जल को फैंकने के लिए बना खांचा।

**through stone** **धुर पत्थर**

वह पत्थर जो दीवारों के दोनों पृष्ठों पर दिखाई देते हैं, धुर पत्थर कहलाते हैं। पत्थर की चिनाई को स्थिरता प्रदान करने के लिये धुर पत्थर का प्रयोग किया जाता है।

**tidal basin** **ज्वारीय बेसिन**

आंशिक संवृत्त जल क्षेत्र जो समुद्र से स्वतंत्र रूप से जुड़ा है।

**tie bar** **तान छड़**

तनन के विरोध में प्रयुक्त किसी संरचना का वह अवयव जो केवल तनाव में प्रयुक्त हो।

**tie beam** **बंधन धरन**

सिरों पर उन भित्ति पट्टिकाओं से बंधा छत की कैंची का मुख्य अवयव जिन पर कैंची टिकती है और जिसके न होने पर छत के प्रणोद के कारण कैंची बाहर की ओर फैल जाएगी।

**tie rod** **तान दंड**

मजबूती के लिये इस्पात या पिटवां लोहे की बनी छड़।

**tirs** **टिर्स**

रेगर से मिलती जुलती, उत्तरी अफ्रीका की काली मृत्तिका ।

**tolerance** **उपेक्ष्य त्रुटि**

कारीगरी में अपरिहार्य अपूर्णताओं के कारण लम्बाई, चौड़ाई व मोटाई इत्यादि में अनुमोदित अन्तर ।

**toothing** **दाढ़ा**

जब दीवार को बाद में कभी किसी लम्बवत् दीवार से जोड़ना हो तब दीवार को इस प्रकार छोड़ दिया जाता है कि एकांतर रद्दों की ईंटें बाहर की ओर लगभग 6 सें० मी० निकली रहती हैं। इस आकार को ही दाढ़ा कहते हैं ।

**top soil or surface soil** **पृष्ठ मृदा या ऊपरी मृदा**

खेती–बाड़ी में जुताई के लिये जुती मृदा ।

**total porosity** **कुल सरंध्रता**

मृदा रिक्ति का वह अंश जो जल व गैस से भरा है।

**tracery** **अलंकरण**

प्राय: ज्यामितीय आकृतियों में खिड़की के ऊपरी भाग के पत्थरों पर की गई नक्काशी ।

**train resistance** **ट्रेन प्रतिरोध**

रेल इंजन के आन्तरिक भागों के कारण होने वाला प्रतिरोध, पवन प्रतिरोध, वायुमंडलीय प्रतिरोध. बोगियों के संचलन से उत्पन्न प्रतिरोध, प्रवणता, तथा वक्र प्रतिरोध तथा प्रस्थानत्वरण तथा अवत्वरण प्रतिरोध को ट्रेन प्रतिरोध कहते हैं ।

**transept** **ट्रानसैप्ट**

क्रास के आकार के गिरजाघर में क्रास के क्रास दंड को बनाने वाले दोनों में से कोई सा एक आयताकार बहिर्वेशन ।

**transitional soil** **संक्रमणीय मृदा**

दो विभिन्न गुणों की मृदाओं के बीच के गुणों वाली मृदा ।

**transom** **अनुप्रस्थिका**

किसी ढांचे या खुले स्थान का मध्यवर्ती क्षैतिज सदस्य, जैसे कि किसी खिड़की की अनुप्रस्थ बाहु ।

**transported soil** **परिवाहित मृदा**

पहले से विद्यमान मूल मृदा और शैल मलबे की सामग्री के अपक्षय व अन्य कारणों से बनी मृदा जो अपनी पूर्व स्थिति से कट कर वाहक साधनों द्वारा अन्य स्थान पर जमा होती है ।

**tributary** **उप नदी**

सतही अथवा भूमिगत सरिता जो लगातार या आन्तरायिक रूप से दूसरी बड़ी नदी में जल डालती है ।

**triforium** **गलियारा**

किसी विशाल मध्यकालीन गिरजाघर के मध्य भाग के ऊपर और क्लिअॅस्टरी के नीचे, मध्य मेहराबों पर उभरा हुआ आच्छादित गलियारा ।

**triglyph** **ट्रिगलिफ**

डोरिक प्रस्तरके प्रस्तर–गलियारे के बीच के आयताकार उभार की लम्बी धारी ।

**truncated soil** **रुंड मृदा**

मृदा जिसकी ऊपरी परत का कुछ या सब भाग खंडित है ।

**turbulent flow** **विक्षुब्ध प्रवाह**

द्रव के प्रवाह की वह स्थिति जिसमें अनियमित उच्चावचन (मिश्रण या वर्तुल संचलन) प्रमुख धारा के ऊपर अध्यारोपित होते हैं। यह द्रव का ऐसा अनियमित

संचलन है जिससे समय औसत मात्राओं की व्याख्या केवल सांख्यिकीय रूप से ही की जा सकती है ।

**turret** **टर्रेट**

मध्यकालीन वास्तुकला में प्रयुक्त, किसी सर्पिल सोपान के चारों ओर बना एक वृत्ताकार टॉवर।

**tympar num** **डाट की भराई**

किसी तोरण के ऊपरी और निचले कॉर्निसों के बीच का त्रिकोणीय पृष्ठ ।

# U

**uilmate bearing capacity** **अंतिम धारण क्षमता**

अधिकतम भार जो मृदा प्रति इकाई क्षेत्र पर बिना अपरूपण विफलता के सह सकती है, मृदा कीं अंतिम धारण क्षमता कहलाती है ।

**ultimate pH** **अंतिम ph**

विसरणयोग्य धनायन और ऋणधन के निष्कासन के पश्चात् ph ।

**uncoursed random rubble masnouary** **बेतरतीब बेरद्दा ढोंका चिनाई**

पत्थरों को जैसा चट्टान से निकाला है वैसा ही प्रयोग किया ज़ाता है । इन पत्थरों को ढेर से वैसे ही उठा लिया जाता है । उनके कमजोर कोनों या विषम बाहर को निकले भागों को तोड़कर कार्य में प्रयोग कर लेते हैं । पत्थरों के मध्य रिक्त स्थानों को कत्तरों से भरा जाता है । इसमें दीवर की सामर्थ्य बहुत ही कम होती है ।

**uncoursed squared rubble masonary** **बेतरतीब चौकोर रद्देदार ढोका चिनाई**

इसमें पत्थरों को हथौड़े की सहायता से वर्गाकार या आयताकार बना लेते हैं। इसमें पत्थरों की माप वह आकार समान नहीं होता और उनकी ऊँचाई भिन्न होती है ।

**undercroft** **तहखाना**

किसी मध्यकालीन इमारत का मेहराबदार तहखाना ।

**unfilled porosity** **अपूरित संरंध्रता**

मृदा रिक्ति का वह अंश जो केवल गैस से भरा है ।

**uniform flow** **सम्प्रवाह**

मुक्त पृष्ठ वाहिका में तरल प्रवाह जब वाहिका के प्रत्येक परिच्छेद पर प्रवाह की गहराई एक समान हो । सम्प्रवाह का अपरिवर्ती या परिवर्ती होना इस बात पर निर्भर है कि समय के साथ गहराई में परिवर्तन होता है अथवा नहीं ।

**unit frame type scaffold** **एकल ढांचे की तरह का पाड़**

स्वतंत्र या धारण बल्लियों वाला ऐसा पाड़ जो आपस में उचित रूप से जुड़े या फिर किए गए पूर्व संविरचित ढांचों का एक समुच्चय हो और जिसका प्रयोग एकल ट्यूब अथवा बगैर एकल ट्यूबों के संयोजन में किया जाए ।

**unproductive work** **अनउत्पादक कार्य**

इसका आशय ऐसे निर्माण कार्य से है जिससे प्राप्त निबल राजस्व, उत्पादक कार्य से प्राप्त होने वाले निबल राजस्व के एक नियत प्रतिशत से कम बैठे ।

**unsaturated soil** **असंतृप्त मृदा**

मृदा जिसमें बड़े रंध्र वायु से भरे हो और आर्द्रता बहुत महीन झिल्ली के रूप में विद्यमान हो ।

**unsteady flow** **अधीर प्रवाह**

ऐसा प्रवाह जिसमें तरल के किसी निश्चित बिंदु पर सदिश वेग का परिमाण और दिशा दोनों ही समय के साथ बदलते रहें ।

**upper plastic limit** **ऊपरी सुघट्यता सीमा**

वह आद्रता जिस पर मृदा को विनिर्दिष्ट गहराइयों की परतों वाली मृदा के बहने की प्रवृत्ति का दिखाई देना बन्द हो जाए ।

# V

**valley gutter** **द्रोणी वाहिका**

ढालू पार्श्व वाली द्रोणी/घाटी पर बनी वाहिका ।

**vault** **चापछद**

किसी मुक्त अवकाश पर बनी ईंट, पत्थर या कंक्रीट की मेहराबदार संरचना। इसकी नकल लकड़ी की भी बन सकती है जिसके ऊपर प्लास्टर कर दिया गया हो।

**vetarium** **सायबान**

रोमन रंगशाला में दर्शक गण को धूप से बचाने के लिये एक बड़ा सायबान।

**ventilation** **संवाहन**

किसी बंद जगह के अन्दर की वायु को बाहर निकालना या बाहर की वायु को अन्दर भेजना या दोनों।

**ventilator** **रोशनदान**

कमरे में अंतःश्छद से नीचे जो द्वार रखे जाते हैं उन्हें रोशनदान कहते हैं। रोशनदान कमरे की अशुद्ध वायु को बाहर निकालने में सहायक होते हैं।

**veramdah** **बरामदा**

मकान से लगा खुला द्वार मण्डप।

**vestibule** **ड्योढ़ी**

रोमन वास्तुकला में एक बड़ा कमरा। आजकल किसी बड़े कमरे में घुसने के लिये बनी पौरी।

**villa** **विला**

प्राचीन रोमन या रिनेसांस इटेलियन गाँव का मकान। सन् 1800 के पश्चात् एक छोटा सा अलग गाँव का अथवा उपनगरीय मकान।

**voild ratio** **रिक्ति अनुपात**

मृदा पिंड में कणों के बीच अवकाश का कणों के आयतन से अनुपात । अवकाश में द्रव, वायु या गैस किसी भी अनुपात में हो सकते हैं ।

**volumetric water rate** **आयतनी जल दर**

बहिगम या निकास पर दिए गए जल की वास्तविक मात्रा के अनुसार लगाया गया प्रभार ।

**volute** **सर्पिल**

किसी आयनी, सजावटी या संयोजित स्तम्भ शीर्ष के प्रत्येक कोने पर बना सर्पिल कुंडलित आकार ।

**vortex** **भ्रमिल**

द्रव की घूमती हुई मात्रा जिसमें धारा रेखाएं सकेंद्र वृत्त होती हैं । मुक्त भ्रमिल में प्रत्येक धारा रेखा के लिये कुल दाबोच्चता का मान एक ही होता है।

# W

**warner signal** **चेतावनी सिग्नल**

स्टेशन पहुँच रहे इंजन चालक के लिये चेतावनी सिग्नल ही पहला सिग्नल होता है । सामान्यतः यह बाहरी सेमाफोर सिग्नल के साथ ही लगा रहता है ।

**water depth ratio** **जल गहराई अनुपात**

प्रति इकाई मृदा की गहराई के समतुल्य मुक्त जल की गहराई ।

**water of saturation** **संतृप्ति जल**

मृदा कणों के विस्फारण बिना जल धारक सामग्री द्वारा अवशोषित हो सकने वाली जल की कुल मात्रा ।

**water paint** — **जल रंगलेप**

केसीन, अभीष्ट रंग द्रव्य, बुझा हुआ चूना तथा जल को पूर्णतया मिलाकर बनाया गया लेप रंगलेप । इनका प्रयोग केवल आन्तरिक सजावट में होता है ।

**water way** — **जलमार्ग**

1 प्राकृतिक या कृत्रिम वाहिका या धरती की सतह पर अवनमन जिसमें जल संतत या आंतरायिक रूप से प्रवाहित हो ।

2 वाहिका की यान संचालन योग्य चौड़ाई

3 जल निकास हेतु दो प्रस्तम्भों या अत्याधारों के बीच का खुला भाग ।

**weathring** — **अपक्षयन**

यह खोदी गई मृत्तिका की मात्रा को खुली हवा में अनावरित करने का प्रक्रम है जिससे वह धूप, वर्षा और तुषार जैसे ऐसे प्राकृतिक कारकत्वों के सम्पर्क में आ सके जिनके कारण उसके भौतिक व रासायनिक गुणों में वह परिवर्तन आ जाए जो परवर्ती विवेचन में सहायक सिद्ध होते हैं और उनमें अधिक उपयोगी गुण पैदा कर देते हैं ।

**well foundation** — **कूप नींव**

यह गहरी नींव है जो केसल नींव की एक प्रकार है और दोनों ओर से खुली है । यह चिनाई अथवा कंक्रीट की बनाई जाती है ।

**wet bulble temperature** — **आर्द्र बल्ब तापक्रम**

ऐसे थर्मामीटर द्वारा दिया गया अपरिवर्ती तापक्रम जिसका बल्ब आसुत जल से भीगी जाली या मलमल से ढका हो और जिसको कम से कम 4 . 5 मीटर प्रति सैकण्ड वेग वाले वायु प्रवाह में रखा गया हो ।

**wet dock** — **जलगोदी**

अवरुद्ध जल का वह क्षेत्र जिसमें जलयान एक स्थिर तल पर खड़े रहते हैं जिसके जल पर बाह्य ज्वार-भाटे का प्रभाव नहीं होता ।

**wharf** **भरण घाट**

किसी नहर, कैनाल या अन्य जल मार्ग के तट के साथ-साथ या समुद्र के खुले भाग के साथ-साथ प्राय : प्रतिधारण भित्ति के रूप में कार्य कर रही एक अविच्छिन्न संरचना ।

**whirl pool** **आवर्त कुंड**

द्रव में भ्रमिल या भंवर, द्रव का घूमता पिंड, विशेषकर ऐसा जो इतनी द्रुत गति से घूमता हो जिससे केन्द्र में अवनमन हो जाए ।

**wind load** **वायुभार**

संरचना पर हवा पार्श्विक दबाव डालती है जिसे वायु भार कहते हैं । हवा संरचना को उलटने का प्रयास करती है । यह भवन की ऊँचाई के साथ–साथ बढ़ता जाता है । सामान्यतः तीन से कम मंजिलों की इमारतों में वायु का प्रभाव लेना आवश्यक नहीं है ।

**window** **खिड़की**

भवन में स्वच्छ वायु एंव प्रकाश के आवागमन के लिये खिड़कियों का प्रयोग किया जाता है । सामान्यतः खिड़कियों का निचला तल फर्श के तल से कुछ ऊँचा रखा जाता है तथा ऊपरी तल द्वार के ऊपरी तल के बराबर रखते हैं ।

## Y

**yard** **यार्ड**

यार्ड निर्दिष्ट सीमाओं के अन्तर्गत रेलपथ निकाय को कहत हैं जिसकी व्यवस्था गाड़ियों के आदान संग्रहण, छंटाई, क्रमबन्धन, प्रेषण तथा अन्य ऐसे प्रयोजन के लिये की जाती है जिनके लिए गमनागमन किसी समय–सारणी द्वारा प्राधिकृत नहीं होता ।

# Z

**zonal soil** **क्षेत्रीय मृदा**

मृदा जिसकी परिच्छेदिका से प्रतीत होता है कि इसके विकास पर जलवायु और वनस्पति का प्रमुख प्रभाव पड़ा है।

H91-M/P(N)359Dof Education—1,000—23-7-92—GIPS

पी०ई०डी० 701
1000—1991 (उप भन्डारी II)

मूल्य : देश में——रुपये 61.00; विदेश में—2 पौंड 7 शिलिंग या 3 डॉलर 36 सेंट्स

1992
प्रबन्धक, भारत सरकार मुद्रणालय, शिमला द्वारा मुद्रित तथा नियन्त्रक,
प्रकाशन विभाग, सिविल लाईन्स, दिल्ली द्वारा प्रकाशित